


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 140 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.6, 2079 **बुधवार, 3 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## खालिस्तानियों को हथियार देने वाले 3 संदिग्ध पकड़े गये

भोपाल, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की पुलिस को दो बड़ी सफलताएं मिली हैं। विदिशा में जहां दो संदिग्ध विदेशी पकड़े गए हैं, इनमें एक महिला व एक पुरुष है। वहीं बुरहानपुर में खालिस्तानियों को हथियार की आपूर्ति करने के मामले में लंबे अरसे से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि, विदिशा जिले की पुलिस ने सिरोंज से दो संदिग्ध विदेशियों को हिरासत में लिया है। संदिग्धों के पास से ईरान का पासपोर्ट मिला है।

# बदला पूरा : अल जवाहिरी ढेर

## 12 महीने से काबुल में छिपा था, बाइडेन बोले हमने ढूंढ कर मारा, तालिबान भड़का




न्यूयार्क, 2 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अलकायदा सरगना अल जवाहिरी को एक ड्रोन स्ट्राइक में मार गिराया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद रविवार दोपहर ही जवाहिरी पर ड्रोन स्ट्राइक की गई थी, जिसमें उसकी मौत हो गई। जवाहिरी ने 2011 में अलकायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद इस आतंकी संगठन की कमान संभाली थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह ड्रोन स्ट्राइक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की स्पेशल टीम ने की। जवाहिरी अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही काबुल में रह रहा था। वहीं अमेरिकी एक्शन पर तालिबान भड़क गया है और इसे दोहा समझौते का उल्लंघन बताया है। जवाहिरी की मौत पर दुनिया खामोश है। अमेरिका के ऐलान के बाद किसी देश ने दो दिन गुजर जाने के बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इनमें भारत भी शामिल है।

**बाइडेन बोले ढूंढकर मारा, ऑपरेशन कामयाब :**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमने जवाहिरी को ढूंढकर मार दिया है। अमेरिका और यहां के लोगों के लिए जो भी खतरा बनेगा, हम उसे नहीं छोड़ेंगे। हम आतंक पर अफगानिस्तान में अटैक जारी रखेंगे।

बाइडेन ने पहले ट्वीट भी किया, शनिवार को मेरे निर्देश पर अमेरिका ने अफगानिस्तान के काबुल में हवाई हमला किया, जिसमें अलकायदा का अमीर अयमान अल जवाहिरी मारा गया। इंसाफ हो गया।

**9/11 अटैक का आरोपी था अल जवाहिरी :**

11 सितंबर 2001 को 19 आतंकियों ने 4 कॉमर्शियल प्लेन हाइजैक कर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर टकरा दिए थे। अमेरिका में इसे 9/11 अटैक के नाम से जाना जाता है। इस अटैक में 93 देशों के 2 हजार 977 लोग मारे गए थे। इस हमले में ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी समेत अलकायदा के सभी टेररिस्टों को अमेरिकी जांच एजेंसी ने आरोपी बनाया था।

## ईडी निदेशक संजय मिश्रा के सेवा विस्तार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### 10 दिन बाद सुनवाई

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय मिश्रा के सेवा विस्तार का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट में मिश्रा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाने वाले फैसले को चुनौती दी गई है। इस पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। 10 दिन बाद मामले की सुनवाई होगी, कोर्ट की ओर से इसको लेकर केंद्र को नोटिस भेजा गया है।

इसके अलावा ईडी और सीबीआई निदेशकों का कार्यकाल 5 साल तक बढ़ाने की शक्ति केंद्र को देने वाले कानून को भी चुनौती दी गई है। ये याचिकाएं कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला, टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा व अन्य की ओर से दायर की गई हैं।

## केरल में मंकीपॉक्स का पांचवां केस

### अब तक कुल 7 मामले, बेंगलुरू ने जारी की गाइडलाइन, यूएस में इमरजेंसी

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना और ओमीक्रोन के बाद देश भर में तेजी से पांव पसार रहे मंकीपॉक्स को लेकर लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को एक सर्कुलर जारी कर बृहत बेंगलुरू महानगर पालिका (बीबीएमपी) और जिला प्रशासन से मंकीपॉक्स रोग के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने को कहा। इस बीच केरल के मलप्पुरम जिले से मंकीपॉक्स का एक और मामला दर्ज किया गया है। इससे देश भर में इस तरह के संक्रमणों की संख्या सात हो गई। राज्य में यह पांचवां मामला है।

मंकीपॉक्स के बढ़ते केसों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को कहा कि सरकार स्थितियों पर नजर रखे हुई है और सतर्क है। भारत में मंकीपॉक्स का सातवां मामला दर्ज किए जाने के तुरंत बाद संसद में इस पर सदस्यों ने चिंता जताई थी। उन्होंने राज्य सभा में कहा, जब दुनिया में इसके मामले सामने आने लगे, तो भारत ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। केरल में पहले मामले से पहले हमने सभी राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए थे। हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सरकारों को लिखा है कि यात्रियों की स्क्रीनिंग रिपोर्ट भी हमें भेजी जाए।

डॉ. मंडाविया ने कहा कि यह बीमारी नई नहीं है। मंकीपॉक्स भारत और दुनिया में कोई नई बीमारी नहीं है। 1970 के बाद से दुनियाभर में अफ्रीका से बहुत सारे मामले देखने को मिल रहे हैं।

इस बीमारी का वायरस पहले मुख्य रूप से अफ्रीका तक ही सीमित था, लेकिन अब यह कम से कम 75 देशों और क्षेत्रों से रिपोर्ट की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएलओ) ने हाल ही में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था।

## राम रहीम की याचिका पर सुनवाई बेअदबी जांच सीबीआई को देने की मांग

चंडीगढ़, 2 अगस्त (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम की याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। राम रहीम ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी केस की जांच सीबीआई से वापस लेने का विरोध जताया है। पिछली सुनवाई में डेरे के वकील ने 2 घंटे की दलील दी थी। डेरा मुखी इस वक्त रोहतक की सुनारियां जेल में संगीन अपराधों में कैद की सजा काट रहा है। पंजाब पुलिस की एसआईटी ने हाल ही में रिपोर्ट तैयार की, जिसमें राम रहीम को ही बेअदबी की साजिश का मास्टरमाइंड करार दिया गया है।

पंजाब में साल 2015 में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के कई केस हुए थे। जिनकी जांच के लिए तत्कालीन अकाली-भाजपा सरकार ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई थी। इसके बाद यह जांच सीबीआई के पास चली गई।

# सोनिया-राहुल से पूछताछ के बाद नेशनल हेराल्ड के 16 ठिकानों पर छापे

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार सुबह नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई है। इस कार्रवाई के कुछ देर बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि कांग्रेस आप लोगों की है और आप कांग्रेस की ताकत हैं। हमें तानाशाह के हर फरमान से लड़ना है।

**राहुल ने कहा, जनता की आवाज दबाने की कोशिश :**

ईडी की कार्रवाई के दौरान ही राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, खुद को अकेला मत समझना, कांग्रेस आपकी आवाज है, और आप कांग्रेस की ताकत। तानाशाह के हर फरमान से, जनता की आवाज दबाने की हर कोशिश से हमें लड़ना है। आपके लिए, मैं और कांग्रेस पार्टी लड़ते आ रहे हैं और आगे भी लड़ेंगे। आज देश में किन मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए, ये आप अच्छे से जानते हैं क्योंकि सरकार की हर गलत नीति का असर आपके जीवन पर पड़ रहा है।




राहुल गांधी ने आगे लिखा, ये सरकार चाहती है आप बिना सवाल किए तानाशाह की हर बात को स्वीकार करें।

**3 दिन में सोनिया से 12 घंटे पूछताछ :**

पहली बार सोनिया 21 जुलाई को ईडी दफ्तर पहुंची थीं, यहां उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। इसके बाद 5 दिन का ब्रेक मिला। इसके बाद ईडी ने उन्हें 26 जुलाई को बुलाया और 6 घंटे तक सवाल किए। बीते हफ्ते बुधवार को ईडी ने सोनिया को पूछताछ के लिए बुलाया था, यहां एजेंसी ने उनसे 3 घंटे पूछताछ की। कुल 12 घंटे हुई पूछताछ के दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। इससे पहले ईडी ने राहुल गांधी से नेशनल हेराल्ड केस मामले में जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक अलग-अलग राउंड में पूछताछ की थी।

नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।

# इमरान फॉरेन फंडिंग केस में दोषी करार

## अरबों रुपये चंदा लिया, 13 अकाउंट्स में ब्लैक मनी छिपाई

इस्लामाबाद, 2 अगस्त (एजेंसियां)। 8 साल पुराने फॉरेन फंडिंग केस में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी दोषी करार दिए गए हैं। इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान (ईसीपी) ने इमरान को नोटिस देकर पूछा है कि उनके तमाम अकाउंट्स सीज क्यों नहीं कर दिए जाएं।

इमरान और पीटीआई ने पहले भी इस मामले में जवाब नहीं दिए थे। लिहाजा, अब इस मामले में उन पर कार्रवाई तय है। कमीशन के फैसले के मुताबिक, पीटीआई ने 34 विदेशी नागरिकों और 351 कंपनियों से चंदा लिया। सिर्फ 8 जनरल अकाउंट्स की जानकारी दी, 13 में ब्लैक मनी रखा और इन्हें छिपाया। कमीशन को इमरान ने झूठा हलफनामा दिया।

इमरान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर आरोप थे कि उन्होंने भारत समेत कई देशों से अरबों रुपये का फंड जुटाया और इसकी जानकारी सरकार, इलेक्शन कमीशन या फाइनेंस मिनिस्ट्री को नहीं दी। खास बात यह है कि इमरान चार महीने पहले तक जिन चीफ इलेक्शन कमिश्नर सिकंदर सुल्तान राजा की तारीफ करते नहीं थकते थे, अब उन्हें ही हटाने की मांग कर रहे थे। खान और उनकी पार्टी के तमाम अकाउंट्स सीज कर दिए गए हैं। ताउम्र चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जा सकती है। पार्टी पर भी बैन लगाया जा सकता है। पाकिस्तान में विदेश से कोई पॉलिटिकल डोनेशन हासिल करना गैरकानूनी है। इमरान ने 1996 में पीटीआई बनाई थी। इसके फाउंडिंग मेंबर्स में से एक थे अकबर एस बाबर। बाबर को बहुत ईमानदार और इमरान का वफादार माना जाता था। बाबर ने ही 2014 में इमरान के खिलाफ कोर्ट में फॉरेन फंडिंग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने यह केस इलेक्शन कमीशन के पास जांच के लिए भेज दिया। 14 नवंबर 2014 से इस केस पर सुनवाई चल रही थी, लेकिन फौज के लाड़ले इमरान को बचाने के लिए हर तरीका आजमाया गया। जब इमरान की सरकार गिरी और वो फौज को ही धमकाने लगे तो इस केस की सुनवाई रोजाना होने लगी। इमरान इससे घबरा गए।




इमरान और उनकी पार्टी पीटीआई ने ही चीफ इलेक्शन कमिश्नर सिकंदर सुल्तान राजा को अपॉइंट किया था। जब तक उनके पक्ष में फैसले आते रहे, तब तक सब ठीक था। अब जबकि फॉरेन फंडिंग केस में राजा सख्त हुए तो इमरान इन्हीं सुल्तान को भ्रष्ट और बेवकूफ बताकर हटाने की मांग करने लगे।

# बांग्लादेश ने चीन को सिखाया सबक

## ड्रैगन को झेलनी पड़ी शर्मिंदगी!

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश सरकार से बिना किसी चर्चा के विदेश मंत्री वांग यी के ढाका दौरे की तारीखें तय कर दी गई थी लेकिन इसका पता चलने पर बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने आपत्ति जताई। इस आपत्ति के बाद चीन के विदेश मंत्री के बांग्लादेश दौरे की तारीखों में बदलाव किया गया। इस पूरे मामले से चीन को पूरी दुनिया में शर्मिंदा होना पड़ रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने बांग्लादेश सरकार से बिना विचार विमर्श के अगस्त के पहले हफ्ते में विदेश मंत्री के ढाका दौरे का ऐलान किया था। लेकिन अब बांग्लादेश सरकार से चर्चा के बाद चीन के विदेश मंत्री का दौरा अस्थाई तौर पर 7-8 अगस्त के आसपास निर्धारित किया है। लद्दाख में तनाव को लेकर भारत और चीन में किन चार बातों पर बनी सहमति? चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया खुलासा कहा जा रहा है कि चीन के विदेश मंत्रालय ने एकतरफा तरीके से वांग यी के बांग्लादेश दौरे की तारीखों का ऐलान किया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने शुक्रवार को ढाका में कहा था, हां, चीन के विदेश मंत्री बांग्लादेश का दौरा करना चाहते हैं। चूंकि, मेरा न्यूयॉर्क और कंबोडिया का दौरा पहले से निर्धारित है इसलिए मैंने चीन से विदेश मंत्री के बांग्लादेश दौरे की तारीखों में बदलाव करने का आग्रह किया।

बता दें कि वांग यी कंबोडिया और मंगोलिया सहित कुछ आसियान देशों के क्षेत्रीय दौरे के तहत बांग्लादेश पहुंचेंगे। बीते पांच सालों में चीन के किसी उच्चस्तरीय अधिकारी का यह पहला बांग्लादेश दौरा है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बढ़े हैं और बांग्लादेश में चीन का निवेश बढ़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वांग यी बांग्लादेश दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच लंबित कई मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ग्लोबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव और ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव भी शामिल है।

### मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह भारत यात्रा पर

# पीएम मोदी की मौजूदगी में हुए कई करार

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह चार दिनी यात्रा पर भारत आए हैं। आज उन्होंने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई द्विपक्षीय करारों पर दस्तखत किए गए।



मोदी व सोहिल ने साझा बयान भी जारी किया। इसमें पीएम मोदी ने कहा कि हमने ग्रेटर माले में 4000 सामाजिक आवास के निर्माण की परियोजनाओं की समीक्षा की। हम 2000 सामाजिक आवास इकाइयों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

राष्ट्रपति सोलिह पीएम मोदी के न्योते पर भारत आए हैं। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ एक उच्च स्तरीय अधिकारी और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

**विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर किया स्वागत :**

सोलिह की यात्रा पर विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, एक करीबी दोस्त और समुद्री पड़ोसी का गर्मजोशी से स्वागत! मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह आधिकारिक यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुंचे। हमारे दोनों देशों के बीच अटूट दोस्ती को मजबूत करने और बहुआयामी साझेदारी को और गति देने का अवसर है। सोलिह दिल्ली यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात करेंगे। नई दिल्ली में आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, राष्ट्रपति सोलिह दिल्ली में एक भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा करेंगे। वे मुंबई का भी दौरा करेंगे और व्यापारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**हिंद महासागर क्षेत्र का प्रमुख पड़ोसी देश :**

मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख पड़ोसी देश है। वह भारत की पड़ोसी पहले नीति में विशेष स्थान रखता है। हाल के वर्षों में दोनों देशों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों में तेजी से रिश्ते मजबूत किए हैं।

**सेना प्रमुख शमाल आए थे भारत :**

गत दिनों मालदीव के रक्षा प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल भारत यात्रा पर आए थे। इसके पूर्व मार्च में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने माले की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने मालदीव को एक तटीय रडार प्रणाली सौंपी थी। भारत और मालदीव की हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को साझा राय है। दोनों देश इससे संबंधित रक्षा सहयोग के विस्तार के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।




## जुलाई में बारिश का 17 साल का रिकॉर्ड टूटा

**पिछले महीने सामान्य से 17 प्रतिशत ज्यादा बारिश**

**केरल के 7 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट**

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। देश के कई राज्यों में अभी भी बारिश का दौर जारी है। जुलाई में देश में 17 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई, जो 17 साल में सबसे ज्यादा है। इससे पहले जुलाई 2005 में 18 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई थी। इधर, देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में जुलाई में 44.7 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जो 122 साल में सबसे कम है। पिछले महीने कम बारिश का सबसे ज्यादा असर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में देखने को मिला तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में पिछले महीने सामान्य से 60.4 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में जुलाई में 42 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई, जो 1994 के बाद सबसे ज्यादा है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, मंडी जिलों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई है। राज्य में लैंडस्लाइड और बाढ़ ने लोगों की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को उत्तराखंड के कई जिलों में हल्की, तो कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, अगले दो महीनों में पूर्वोत्तर में बारिश की कमी दूर होने की संभावना है। उधर, केरल के कन्नूर जिले के कई इलाकों में लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में भारी बारिश 01.08 के कारण 7 जिलों में रेड अलर्ट और 2 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिणी जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# कैशकांड से पहले असम सीएम से मिले थे विधायक अनूप

## असम के मंत्री ने शेयर की फोटो, कांग्रेस विधायक बोले हेमंत सोरेन को थी जानकारी

रांची, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कैश के साथ पकड़े गए झारखंड कांग्रेस के 3 विधायकों की गिरफ्तारी से पहले विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात हुई थी। असम के संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने यह दावा किया है और इससे जुड़ी फोटो अपने ट्विटर हैंडल पर भी शेयर की है। उन्होंने लिखा है कि फेक एफआईआर असम के सीएम के खिलाफ दर्ज कराने से पहले अनूप सिंह को कानून का सामना करना चाहिए।



हजारिका ने साफ लिखा है कि कुमार जय मंगल सिंह ने तथ्य हीन आरोप लगाया है कि गिरफ्तार हुए झारखंड के तीनों विधायक ने हिमंत बिस्वा सरमा से उनकी मुलाकात करने का प्रलोभन दिलाया था। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि जयमंगल सिंह 26 जुलाई की सुबह 9:00 बजे व्यापार के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलने असम के सीएम के साथ गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि जय मंगल सिंह हिमंत बिस्वा सरमा से नियमित रूप से मिलते रहे हैं। सिंह को असम के सीएम और उन आदिवासी विधायकों के खिलाफ कपट पूर्ण आरोप लगाने के लिए कानून का सामना करना चाहिए।

**असम सीएम ने किया री-ट्वीट :**

हजारिका के इस ट्वीट को असम के मुख्यमंत्री ने भी रिट्वीट किया है। उसमें 4 तस्वीरें लगाई गई हैं। फोटो में कांग्रेस के विधायक जय मंगल सिंह की बॉडी लैंग्वेज देखने योग्य है। हैरत की बात यह है कि पीयूष हजारिका के 26 जुलाई की मुलाकात के चौथे दिन ही झारखंड के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप कोलकाता में नोटों के बंडल के साथ धरे जाते हैं। साथ ही इस घटना के 24 घंटे के अंदर ही जयमंगल सिंह एक एफआईआर रांची के अरगोड़ा थाने में दर्ज कराते हैं।

असम के मुख्यमंत्री के साथ फोटो वायरल होने पर कांग्रेस विधायक सिंह ने कहा कि उनकी मुलाकात की जानकारी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को थी। कांग्रेस विधायक ने कहा कि इंटक को कोल इंडिया ने बैन किया हुआ है। इसी सिलसिले में प्रह्लाद जोशी से मुलाकात हुई थी।

# अमित शाह के पास टीएमसी के 100 से ज्यादा चंदा खोरों की लिस्ट



कोलकाता, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी से हो रही पूछताछ चर्चा का विषय बनी हुई है। उनके पास से जो करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं, उसको लेकर अब तक ये साफ नहीं हो पाया है कि ये पैसे किसके हैं। टीएमसी भी इस मामले में खुले तौर पर कुछ नहीं कह रही है और ममता बनर्जी भी फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से एक खबर ये भी सामने आई है कि पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी विधायक शुभेंदु अधिकारी ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। इस मुलाकात में शुभेंदु ने 100 से ज्यादा ऐसे लोगों के नाम अमित शाह से साझा किए हैं, जो टीएमसी के लिए पैसा इकट्ठा करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा इस मीटिंग में इस बात पर भी चर्चा हुई है कि राज्य से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और मेहनत की जरूरत है क्योंकि वहां भ्रष्टाचार में टीएमसी के नेता, पदाधिकारी और कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। इसके अलावा शुभेंदु ने ये भी मांग की है कि सीएए के नियम जल्द बनाए जाएं और नोटिफाई किए जाएं। इस मीटिंग में शिक्षित और बेरोजगार युवाओं के मुद्दों पर भी बात हुई और बंगाल बीजेपी के संगठन से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई।

# आवाज दबाने के खिलाफ लड़ते रहेंगे: राहुल गांधी



## 'अहंकारी राजा' की छवि चमकाने में अरबों रुपए फूंके राहुल

**बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस नेता ने कहा, 'देश बेरोजगारी की महामारी से जूझ रहा है, करोड़ों परिवारों के पास स्थिर आय का कोई साधन नहीं बचा। लेकिन सरकार सिर्फ एक 'अहंकारी राजा' की छवि चमकाने में अरबों रुपए फूंक रही है। महंगाई और 'गब्बर सिंह टैक्स' आम आदमी की आय पर सीधा प्रहार है। आज की वास्तविकता ये है कि आम इंसान अपने सपनों के लिए नहीं बल्कि दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है।'**

**राहुल गांधी बोले- तानाशाही सहने की जरूरत नहीं**

**राहुल गांधी ने कहा कि ये सरकार चाहती है कि आप बिना सवाल किए तानाशाह की हर बात को स्वीकार करें। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं, इनसे डरने की और तानाशाही सहने की जरूरत नहीं है। ये डरपोक हैं, आपकी ताकत और एकता से डरते हैं, इसलिए उसपर लगातार हमला कर रहे हैं। अगर आप एकजुट हो कर इनका सामना करोगे, तो ये डर जाएंगे। मेरा आपसे वादा है, न हम डरेंगे और न इन्हें डराने देंगे।**

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, 'खुद को अकेला मत समझना, कांग्रेस आपकी आवाज है और आप कांग्रेस की ताकत। तानाशाह के हर फरमान से जनता की आवाज दबाने की हर कोशिश से हमें लड़ना है। आपके लिए मैं और कांग्रेस पार्टी लड़ते आ रहे हैं, और आगे भी लड़ेंगे। आज देश में किन मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए, ये आप अच्छे से जानते हैं क्योंकि सरकार की हर गलत नीति का असर आपके जीवन पर पड़ रहा है।'

राहुल ने केंद्र पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'इस मानसून सत्र में हम सरकार से जनता के सवालों के जवाब मांगना चाह रहे थे, लेकिन आप सब ने देखा कैसे सरकार ने विपक्ष के लोगों को निलंबित करवाया, हमारी ओर से विरोध करने पर हमें गिरफ्तार करवाया, सदन स्थगित करवाया और कल जब चर्चा हुई भी तो सरकार ने साफ कहा कि 'महंगाई जैसी कोई समस्या है ही नहीं' !'

# एक जज की तबीयत ठीक नहीं

## अभी इंतजार करें : कर्नाटक हिजाब बैन पर जल्द सुनवाई की मांग पर सीजेआई



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक हिजाब बैन मामले जल्द सुनवाई की मांग को लेकर सीजेआई एनवी रमना ने कहा कि वो एक बेंच का गठन करेंगे. एक जज की तबीयत ठीक नहीं है. आप अभी इंतज़ार कीजिए. जज के ठीक होने के बाद मामला सुनवाई के लिए लगेगा. इससे पहले वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी.

उन्होंने कहा कि मार्च से याचिका लंबित है. सीजेआई एनवी रमना ने कहा कि वह मामले में पीठ का गठन करेंगे, अगर जज बीमार ना होते तो केस की सुनवाई हो जाती. दरअसल, हिजाब मामले में मूल याचिकाकर्ता छात्राएं और अन्य सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं. कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है. हिजाब बैन पर हाईकोर्ट के फैसले पर रोक की मांग की गई है. कर्नाटक हाईकोर्ट की फुल बेंच ने फैसला देते हुए कहा है कि हिजाब पहनना इस्लामिक आस्था की अनिवार्य प्रथा का हिस्सा नहीं है. यूनिफार्म तय करना मौलिक अधिकार पर वाजिब पाबंदी है. कर्नाटक सरकार के आदेश पर मुहर लगाई गई है. हिजाब बैन के खिलाफ याचिकाएं खारिज की गई हैं. हाईकोर्ट ने कहा है सरकारी आदेश के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है.

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले कपिल सिब्बल

## ईडी की ताकत का दुरुपयोग होगा



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों और जांच के दायरे का समर्थन वाले उच्चतम न्यायालय के एक 'स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण' फैसले से इसका दुरुपयोग निर्वाचित सरकारों को गिराने और भारत के संघीय ढांचे को 'नष्ट' करने के लिए किया जाएगा। सिब्बल की यह टिप्पणी ईडी द्वारा मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी के बाद आई है। उन्होंने ट्वीट किया, ''धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)...उच्चतम न्यायालय के एक 'स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण' फैसले द्वारा समर्थित ईडी की शक्तियों और जांच के दायरे का दुरुपयोग निर्वाचित सरकारों को गिराने और भारत के संघीय ढांचे को 'नष्ट' करने के लिए किया जाएगा।'' गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने पिछले बुधवार को पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी, धन शोधन में शामिल संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती से संबंधित ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था। कई याचिकाकर्ताओं ने ईडी की इन शक्तियों को चुनौती दी थी।

# लोगों की जेब में आग लग चुकी है

## महंगाई पर वित्त मंत्री को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने घेरा



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनमें कोई दम नहीं है, यह सारी फिजूल बातें हैं, सारे गलत तथ्य पेश किए गए हैं. आप लोगों से पूछ लीजिए महंगाई से उनकी हालत क्या है. ये आंकड़ों के जरिए सब ठीक-ठाक दिखाने की कवायद है. आप बाजार में जाए आग लग चुकी है, लोगों की जेब में आग लग चुकी है. लोगों के आर्थिक हालात जर्जर हो चुके है. अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा कि सरकार हर बात में अपने बचाव में यूपीए को लेकर आती है. एक वक्त सिलेंडर 350 सौ से 400 रुपये तक था.

उस वक्त पेट्रोल-डीजल के दाम क्या थे और आज क्या हैं. उस समय मुद्रा की दर क्या थी और अब क्या है, पता कर लीजिए. यह बेकार तथ्य सदन को पेश करते हुए देश के आम लोगों को गुमराह करने के लिए सरकार की चाल है. इसलिए हमने देखा कि ये असली बात नहीं कर रहे हैं, हम लोग ने विरोध किया और बाहर चले गए. अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह सरकार ही ज्ञान देती है कि देश में 'रेवड़ी कल्चर' को खत्म करना चाहिए. यह क्या 'रेवड़ी कल्चर' नहीं है? मोदी जी की 'रेवड़ी कल्चर' की अहमियत क्या है? यह मैं जानना चाहता हूं. किसी को कोई दया से नहीं देते हैं. हिंदुस्तान में जो सोनिया जी के और मनमोहन सिंह के समय राइट टू फूड एक्ट दिया गया था.

उसी के तहत आज हिंदुस्तान के गरीब लोगों को सस्ते में अनाज मिल रहा है. यह उनका अधिकार है. कांग्रेस नेता ने कहा कि कोरोना के समय जब सारे विपक्षी दलों ने पीएम मोदी पर दबाव डाला, हिंदुस्तान के आम लोग जो बेहाल थे उसके मद्देनजर मुफ्त में अनाज देने की मांग की थी. यह दया नहीं थी, यह उनका फर्ज था. सरकारी गोदाम में अनाज भरा हुआ था. वह उनको दिया गया था. ये उनका अधिकार है.

## मध्य प्रदेश के जंगलों से है खालिस्तान अलगाववादियों का कनेक्शन



भोपाल, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पुष्टि की है कि खालिस्तान अलगाववादियों का संबंध पश्चिमी मध्य प्रदेश के जंगलों से है. साथ ही खरगोन जिले से खालिस्तान समर्थक तत्वों के साथ कथित रूप से संबंध रखने वाले एक बंदूकधारी आसन सिंह सिकलीगर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार बंदूकधारी के सहयोगी को बुरहानपुर जिला पुलिस ने जनवरी में पकड़ा था और उसके पास से 21 पिस्तौल मिली थी. हालांकि तब आसन सिंह को पुलिस नहीं पकड़ पाई थी. एमपी पुलिस को उम्मीद है कि आसन सिंह से पूछताछ करके काफी कुछ पता चलेगा और खालिस्तानी अलगाववादियों के संबंधों को गहराई से जाने में मदद मिलेगी.

# अस्पताल से चेकअप के बाद लौटते वक्त पार्थ चटर्जी के ऊपर एक महिला ने फेंकी चप्पल



कोलकाता, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल एसएससी स्कैम में ईडी की जांच का सामना कर रहे राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के ऊपर एक महिला ने गुस्से में चप्पल फेंक दी. ये वकया उस वक्त का है जब वे पार्थ चटर्जी अस्पताल से निकल रहे थे. महिला भी अस्पताल में अपना इलाज कराने के लिए आयी थी. चप्पल फेंकने वाली महिला ईएसआई, जोका अस्पताल में इलाज के लिए आई हुई थी. उसके बाद वह नंगे पांव वापस लौट गई. गुस्साए महिला ने कहा कि उसने जो कुछ भी किया वह बिल्कुल ठीक किया है. दूसरी तरफ, ईडी के अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के गिरफ्तार किए गए मंत्री पार्थ चटर्जी पूछताछ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि चटर्जी ने कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के संबंध में ईडी के ज्यादातर सवालों का ''जवाब नहीं दिया है.''ईडी अधिकारी के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस से निलंबित किए गए नेता चटर्जी पूछताछ के दौरान ''ज्यादातर वक्त चुप रहे.'' चटर्जी ने शुक्रवार को कहा था कि वह ''साजिश का शिकार'' हुए हैं. उन्होंने खुद को निलंबित करने के टीएमसी के फैसले पर नाखुशी भी जताई थी. ईडी अधिकारी ने 'पीटीआई' से कहा, ''वह गिरफ्तारी के बाद से ही हमारे साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं. वह अक्सर थकावट की शिकायत करते हैं और हमारे सवालों के जवाब देने से बच रहे हैं. हमने चटर्जी से उनके दावों के बारे में पूछा था कि छापे में बरामद नकदी उनकी नहीं है. हम इस धन के स्रोत के बारे में पता लगा रहे हैं.''

# संसद में महंगाई पर चर्चा के बीच महुआ मोइत्रा छिपाने लगीं अपना बैग!



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मानसून सत्र के दौरान लोकसभा की कार्यवाही का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ा हुआ है। दरअसल, लोकसभा में महंगाई पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद अपना बैग उठाकर नीचे रखती हैं। उनकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि महुआ का बैग 1.5 लाख रुपये का था। इसी कारण वह अपना बैग छिपा रहीं थीं। लोग इस बैग को लुई वीटन ब्रांड का बता रहे हैं। दरअसल, सोमवार को लोकसभा में महंगाई, जीएसटी व उत्पादों के बढ़ते दामों पर चर्चा हो रही थी। जैसे ही महुआ के बगल में बैठीं टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार बोलने के लिए उठती हैं। महुआ अपना बैठ उठाकर नीचे रखती हैं। इस वीडियो में काकोली महंगाई पर चर्चा करती दिख रहीं हैं।

## जींद में कांस्टेबल से 2.81 लाख की धोखाधड़ी:फ्री इंश्योरेंस का झांसा देकर फांसा; 8 हजार के रिफंड के लिए भेजता रहा रुपए

जींदहरियाणा के जींद में साइबर ठगों ने पुलिस कांस्टेबल को झांसे में लेकर 2.81 लाख रुपए हड़प लिए। 8 हजार रुपए वापस पाने के लिए वह ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करता गया। अब साइबर थाना पुलिस ने कांस्टेबल की शिकायत पर अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस किसी ठग का पता नहीं लगा पाई है।

# यासीन मलिक की भूख हड़ताल खत्म



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट के सरगना यासीन मलिक ने तिहाड़ जेल में अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है। अपनी मांगों को लेकर पिछले दस दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे यासीन मलिक ने सोमवार शाम तब अपना अनशन समाप्त कर दिया जब उसे बताया गया कि उसकी मांगों के बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। दरअसल, यासीन मलिक ने पिछली 22 जुलाई को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। उसका आरोप था कि उसके मामले की जांच सही से नहीं हो रही है। उसके बाद से ही जेल प्रशासन लगातार उससे भूख हड़ताल खत्म करने के लिए कह रहा था, लेकिन उसने भूख हड़ताल समाप्त करने से इंकार कर दिया था। फिलहाल जेल अधिकारियों ने कहा है कि उसने दिल्ली जेल के महानिदेशक संदीप गोयल के अनुरोध पर अपनी भूख हड़ताल दो महीने के लिए टाल दी है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महानिदेशक ने मलिक को बताया कि उसके द्वारा उठाई गई मांगों को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है और उसे इस पर निर्णय के बारे में सूचित किया जाएगा। हालांकि अधिकारियों ने यह जरूर बताया कि तिहाड़ की जेल संख्या-7 में उच्च जोखिम वाली कोठरी में एकांत कारावास में रखे गए अलगाववादी नेता को जेल के चिकित्सा जांच कक्ष में स्थानांतरित कर दिया गया था। यासीन मलिक ने अस्पताल के डॉक्टरों को एक पत्र सौंपा था, जिसमें कहा गया था कि वह इलाज नहीं कराना चाहता है। यासीन मलिक ने रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में जम्मू की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का अनुरोध किया था, लेकिन केंद्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने भूख हड़ताल शुरू कर दी। मलिक इस मामले में आरोपी है। मलिक की मांग थी कि वह वहां खुद उपस्थित होना चाहता है।

# एकनाथ शिंदे अपने ही नाम पर बने पार्क का करने जा रहे थे उद्घाटन, विवाद पर हटे पीछे




**क्यों नामकरण के फैसले पर उठ रहे हैं सवाल**

**दरअसल नाना भंगिरे का पार्षद का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में उनकी ओर से फैसले को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम को भी सीएम के कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी। एक्टिविस्ट ने कहा कि जब तक गार्डन तैयार हुआ था, तब तक निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल ही समाप्त हो गया। लेकिन एकनाथ शिंदे को खुश करनेके लिए भंगिरे ने कार्यक्रम तय कर दिया और उद्घाटन के लिए सीएम को निमंत्रण दिया गया।**

मुंबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे मंगलवार को अपने ही नाम पर बने एक पार्क का उद्घाटन करने की तैयारी में थे, लेकिन विवाद छिड़ने के बाद प्रोग्राम ही कैंसल कर दिया। पुणे में स्थित मोहम्मदवाड़ी में बने इस पार्क के उद्घाटन का कार्यक्रम मंगलवार को सीएम के दौरे के वक्त तय किया गया था। स्थानीय नागरिकों की मांग पर शिवसेना के पूर्व पार्षद नाना भंगिरे ने मोहम्मदवाड़ी में एक पार्क तैयार कराया था, जिसका नाम एकनाथ शिंदे पर ही रख दिया गया। नाना भंगिरे ने हाल ही में एकनाथ शिंदे कैंप को जॉइन किया था और उन्हें पुणे इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्क के बनाए जाने के बाद एक बोर्ड उसके प्रवेश द्वार पर लगाया गया था, जिसमें उसका नाम एकनाथ शिंदे पार्क लिखा था। इस बारे में जैसे ही खबर फैली तो एक्टिविस्ट जुट गए और वे उसका विरोध करने लगे। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद एकनाथ शिंदे ने नाना भंगिरे को बुलाया और उनसे कार्यक्रम को ही कैंसिल करने को कहा। भंगिरे ने कहा, 'हमने उद्घाटन का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया है। अब हम पार्क के नामकरण का प्रस्ताव पुणे नगर निगम की उद्यान कमेटी के समक्ष पेश करेंगे। उस समिति की बैठक में ही पार्क के नाम को लेकर कोई फैसला लिया जाएगा।' एकनाथ शिंदे के नाम पर पार्क बनाने का विरोध करने वालीं एक्टिविस्ट विनिता देशमुख ने कहा कि इसके लिए प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सीएम बनने के बाद एकनाथ शिंदे का यह पहला दौरा है।

पुणे में बहुत सी समस्याएं हैं और सीएम की प्राथमिकता यही है कि कैसे अपने नाम पर गार्डन का उद्घाटन किया जाए। ऐसा लगता है कि उन्हें कोई आइडिया नहीं है कि कैसे पार्क के नाम पर पहले ही विवाद हो चुका है।' यही नहीं इससे पहले बालासाहेब ठाकरे के नाम पर फुटबॉल ग्राउंड को लेकर भी विवाद हो चुका है।

# बीजेपी संसदीय दल की बैठक

## जेपी नड्डा का सभी सांसदों को तिरंगा कार्यक्रमों में शामिल होने का निर्देश



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बीजेपी संसदीय दल की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी सांसदों को तिरंगा को लेकर के पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने का निर्देश दिया है. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसदीय दल की बैठक के बाद कहा कि पार्टी 9 अगस्त से लेकर के 15 अगस्त तक तिरंगा को लेकर के विशेष कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 9 अगस्त से लेकर के 11 अगस्त तक देश के सभी हिस्सों में प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसके साथ ही साथ 10 अगस्त से लेकर के 12 अगस्त तक बीजेपी की युवा मोर्चा देश के सभी हिस्सों में तिरंगा बाइक यात्रा आयोजित करेगी. इसके साथ ही साथ पार्टी ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर नागरिक के घर में तिरंगा लहराने का कार्यक्रम बनाया है. 14 अगस्त को पार्टी विभाजन की विभीषिका का संस्मरण दिवस मनाएगी. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार प्रभात फेरी में रघुपति राघव और वंदे मातरम गाया जाएगा और इस तरह के प्रत्येक कार्यक्रमों में सभी सांसदों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी का कहना है कि कल तिरंगा बाइक यात्रा लाल किले से विजय चौक तक निकाली जाएगी. जिसे उपराष्ट्रपति झंडा दिखाकर रवाना करेंगे. इसके साथ 5 अगस्त की शाम को सभी सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर के बैठक करेंगे. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने ट्विटर प्रोफाइल की फोटो को बदलकर तिरंगे का फोटो लगाया है. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी अपनी ट्विटर की प्रोफाइल फोटो को बदल दिया है.

## साल 2019 से 2021 तक चीन के 81 नागरिकों को भारत छोड़ने का दिया गया नोटिस

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में चीनी नागरिकों को लेकर गृह मंत्रालय ने एक अहम जानकारी दी है. गृह मंत्रालय ने लोकसभा में बताया है कि साल 2019 से 2021 तक चीन के 81 नागरिकों को भारत छोड़ने का नोटिस दिया गया. वहीं 726 चीनी नागरिकों को वीज़ा नियमों और अन्य गैरकानूनी कार्यो के लिए प्रतिकूल सूची में रखा गया है. गृह मंत्रालय के बयान के मुताबिक जहां ओवर-स्टे को जानबूझकर या अनुचित पाया जाता है. उस स्थिती में विदेशी अधिनियम 1946 के अनुसार उचित कार्रवाई की जाती है. जिसमें विदेशियों को भारत छोड़ो नोटिस जारी करना और जुर्माना या वीजा शुल्क लेना शामिल है. लोकसभा में दिए गए गृह मंत्रालय के बयान के मुताबिक 117 चीनी नागरिकों का प्रत्यर्पण किया गया है. मालूम हो कि हाल के दिनों में भारत में चीनी नागरिकों द्वारा अंजाम दिए गए आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है. पिछले महीने ही एक फर्जी लोन घोटाले में 3 चीनी नागरिकों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था.

# क्या शरद पवार की चुप्पी से नाराज हैं उद्धव ठाकरे? 'फालतू सवाल' का भड़क कर दिया जवाब



मुंबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर सियासत जारी है। हालांकि, इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार की चुप्पी सवालों के घेरे में है। अब तक उन्होंने मामले पर सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। हालांकि, जब इसे लेकर शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से सवाल किया गया, तो वह नाराज नजर आए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब ठाकरे से सवाल किया गया कि क्या राउत को आइसोलेट किया जा रहा है। साथ ही पवार का भी चुप्पी का भी जिक्र किया गया। इसे लेकर शिवसेना प्रमुख ने कहा, 'मैंने तुम्हें बोला कि मैं ये फालतू सवालों का जवाब नहीं देना चाहता। क्योंकि मैं संजय राउत के घर गया था। मैं दोहराता हूं कि संजय और मेरे अच्छे पारिवारिक संबंध हैं।' हाल ही में ठाकरे ने राउत की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना जर्मनी के तानाशाह हिटलर से की थी। उन्होंने कहा था कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक समय पर हिटलर को लग रहा था कि वह जीत रहा है और एक कार्टूनिस्ट लगातार उसके बारे में खुलासा कर रहा था। उन्होंने कहा था, 'अगर आप प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई पर निर्भर हैं, तो लोकतंत्र कहां है?' साथ ही उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर भी जमकर निशाना साधा था। सोमवार को उन्होंने कहा था, 'मुझे संजय राउत पर गर्व है। पुष्पा में एक डायलॉग है, 'झुकेगा नहीं'।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: किसी भी राष्ट्र का परिचय उसके अनुशासन बद्ध नागरिकों से मिल जाता है।



## टीआरएस विधायक की हत्या की कोशिश का दावा, आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी की पत्नी ने विधायक से विवाद रहने की बात स्वीकारी

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कथित तौर पर आर्मूर विधायक जीवन रेड्डी की हत्या करने की कोशिश की गई। हालांकि हमलावर को विधायक के सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया है। मालमे की जांच कर रही पुलिस ने पाया है कि आरोपी प्रसाद गौड़ आर्मूर विधानसभा क्षेत्र के कल्लेदा गांव के रहने वाला है। वह गांव के पूर्व सरपंच का पति भी है, जिसे जीवन रेड्डी ने निलंबित कर दिया था। उसने हमला करने के प्रयास से पहले विधायक के आवास के आसपास के इलाकों पर नजर रखी थी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि गौड़ की व्हाट्सएप चैट और कॉल हिस्ट्री से संकेत मिलता है कि यह एक पूर्व नियोजित कदम था। गौड़ फोन कॉल और व्हाट्सएप पर हथियारों के डीलरों के संपर्क में था। माना जाता है कि संगा रत्ना और एक मध्यस्थ संतोष की मदद से उसने दो हथियारों की खरीद की। जांच अधिकारियों को यह भी संदेह है कि क्या आग्नेयास्त्र नेपाल में आपराधिक गिरोहों से लाए गए थे, जहां गौड हाल ही में था। हालांकि अभी तक उन्हें इस बात के सबूत नहीं मिले है। पता चला है कि सोमवार शाम से गौड़ विधायक आवास के पास कार में बैठकर आसपास स्थिति की जानकारी ले रहा था। रात करीब आठ बजे उन्होंने विधायक के परिचित और मेहमान बनकर विधायक के आवास के भूतल पर बने अतिथि कक्ष में प्रवेश किया और इंतजार करने लगा। इसके बाद वह तीसरी मंजिल पर विधायक के बेडरूम में गया और कथित तौर पर हमला करने के इरादे से दरवाजा खोला। हालांकि, जीवन रेड्डी ने गौड को देखते ही सुरक्षा से जुड़ा अलार्म बजा दिया। इसी गौड़ को सुरक्षाकर्मियों ने भागने का प्रयास करते हुए पकड़ लिया। गौड़ से टास्क फोर्स और बंजारा हिल्स पुलिस पूछताछ कर रही है। उसके पास से पुलिस ने पिस्टल बरामद करने का दावा किया है।

इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कि टीआरएस विधायक जीवन रेड्डी की रोड नंबर 12 पर उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास पर हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया गया है, आरोपी कलेडा गांव के सरपंच लावण्या की पत्नी ने स्वीकार किया कि सरपंच पद से निलंबन के बाद उनका विधायक जीवन रेड्डी के साथ विवाद था।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, लावण्या ने आरोप लगाया कि जीवन रेड्डी ने उनके खिलाफ शिकायत की और उनके 18 लाख रुपये के विकास कार्यों के बिल को निलंबित कर दिया। उसने कहा कि इस संबंध में, वह और उसके पति प्रसाद गौड़ ने अपने पद से निलंबन और लंबित बिलों को लेकर जीवन रेड्डी और जिला कलेक्टर से कई बार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अंतिम उपाय के रूप में, उनके पति प्रसाद गौड़ विधायक जीवन रेड्डी से मिलने के लिए उनके साथ विवाद के बारे में चर्चा करने के लिए हैदराबाद गए थे। लेकिन, उसने अफसोस जताया कि दुर्भाग्य से उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गांव में अफवाह फैला दी कि उसका पति चाकू और रिवॉल्वर से लैस विधायक से मिलने हैदराबाद गया है।

### टीआरएस सांसद के बेटे से चाकू की नोक पर लूट

**घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा**

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस सांसद नामा नागेश्वराव के बेटे पर हैदराबाद में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर हमला किया और उसे लूट लिया। घटना के दो दिन बाद मामला प्रकाश में आया। बताया जा रहा है कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने सांसद नागेश्वर राव के बेटे पृथ्वी तेजा से 30 जुलाई को हैदराबाद के पुंजागुट्टा में चाकू की नोक पर 75 हजार रुपए लूट लिए। घटना की सूचना पंजागुट्टा पुलिस को 2 अगस्त को सूचना दी गई। तेजा की शिकायत के मुताबिक, 30 जुलाई को सुबह करीब साढ़े चार बजे उन्हें दो बाइक सवारों ने टोलीचौकी मेन रोड पर रोक लिया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित को फोनपे के जरिए 75,000 रुपये ट्रांसफर करने के लिए भी मजबूर किया गया। बाद में, हमलावरों में से एक ने कार चलाई कथित तौर पर जल्दबाजी में रास्ते में गच्चीबावली से एसआर नगर तक मेहदीपट्टनम और मासब टैंक में कुछ दोपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 395 के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है।

### टीआरएस एमपी के बेटे से लूट और एमएलए पर हमले की घटना चर्चा का विषय बनी

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस सांसद के बेटे से लूट और विधायक की हत्या की कोशिश की घटना से चर्चा का विषय बनी हुई है। आम लोगों को जेहन में इन घटनाओं ने कई सवाल खड़ा कर दिया है। दोनों ही शहर के महत्वपूर्ण इलाके में हुई है। विधायक के हत्या को आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जबकि टीआरएस सांसद नामा नागेश्वर राव के बेटे पृथ्वी तेजा के मामले में पुलिस तेजी से छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों की माने तो सिटी पुलिस का शहर में सुरक्षा तंत्र बहुत मजबूत माना जाता है। पुलिस के सीसीटीवी कंट्रोल रूम से हजारों लोगों की निगरानी करते रहते है। पुलिस की जांच के बाद ही दोनों मामलों से जुड़ी सच्चाई लोगों के सामने आएगी। हालांकि अपराध की प्रकृति को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। हालांकि ऐसी घटनाएं पुलिस के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होती है।

## कांग्रेस ने हैदराबाद वर्षा पीड़ितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हैदराबाद कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष समीर वलीउल्लाह ने मंगलवार को हैदराबाद और सिकंदराबाद में भारी बारिश से प्रभावित लोगों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की। समीर ने एक मीडिया बयान में कहा कि पिछले तीन हफ्तों में भारी बारिश के कारण कई कॉलोनियां और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं. उन्होंने कहा कि कई इलाके, खासकर मुसी नदी के पास स्थित इलाके पूरी तरह या आंशिक रूप से जलमग्न हो गए हैं। 'कच्चा' (अस्थायी) घरों में रहने वाले हजारों निवासियों को संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में स्थानांतरित किए गए परिवारों को थोड़ी मदद देने के अलावा, तेलंगाना सरकार ने अन्य प्रभावित लोगों को किसी भी वित्तीय सहायता की घोषणा नहीं की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार को सभी 150 नगरपालिका संभागों में बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए. उन्होंने कहा कि जीएचएमसी को वाहनों और अन्य बीमित उत्पादों पर बीमा कंपनियों से नुकसान का दावा करने के लिए लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण सैकड़ों फल और सब्जी विक्रेताओं को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. जहां कई विक्रेताओं के फल बह जाने से भारी नुकसान हुआ, वहीं लगातार बारिश के कारण कई लाख के फल और सब्जियां सड़ गईं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कई अन्य विक्रेता लगातार बारिश के कारण बाहर निकलने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन वेंडरों को वर्षा पीड़ित के रूप में गिनकर उन्हें कुछ आर्थिक सहायता प्रदान करे।

कांग्रेस नेता ने मलेरिया, डेंगू और अन्य वायरल बीमारियों के बढ़ते मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी ने अभी तक अधिकांश क्षेत्रों में लार्वा विरोधी अभियान नहीं चलाया है। उन्होंने मांग की कि जीएचएमसी मलेरिया, डेंगू, वायरल बुखार आदि से प्रभावित लोगों की संख्या के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए एक दैनिक बुलेटिन शुरू करे, ताकि लोगों में निवारक उपाय करने के लिए जागरूकता पैदा की जा सके।

समीर ने यह भी कहा कि जीएचएमसी को आदर्श रूप से अपने अधिकार क्षेत्र में बारिश से संबंधित नुकसान पर चर्चा करने और शहर में जल जनित बीमारियों के संभावित प्रसार को रोकने के तरीकों का पता लगाने के लिए एक विशेष आम सभा की बैठक बुलानी चाहिए।

### भद्राचलम में छह अंतर जिला चोर गिरफ्तार

कोठागुडेम, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भद्राचलम पुलिस ने जिले के भद्राचलम कस्बे और अन्य स्थानों पर सिलसिलेवार चोरी करने वाले छह अंतर जिला चोरों को गिरफ्तार किया है। भद्राचलम एएसपी, बी. रोहित राजू ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि जिले में पिछले कुछ समय से चोरी की एक श्रृंखला के मद्देनजर पुलिस ने एक जांच शुरू की और एक सूचना मिली कि चोरी में शामिल लोग कोठागुडेम में चोरी का माल बेचने जा रहे हैं। सूचना के बाद सोमवार को भद्राचलम वन जांच चौकी पर वाहन जांच की गई और भद्राचलम के कोडी शेखर और शेख दारुक बाबा, दुम्मुगुडेम के पुजारी सूर्य प्रकाश, बुट्टईगुडेम के वासम मनोहर, तुम्मलगुडेम के सोयम नवीन और सरपाका के वंकुडोथ साई कुमार चोरों को पकड़ा गया। इनके पास से करीब 100 ग्राम सोना, 630 ग्राम चांदी, एक टीवीएस मोटरसाइकिल और एक एप्पल आईफोन बरामद किया गया है। आरोपियों ने भद्राचलम, बरगमपाड़ और पालोनचा थाना क्षेत्र में 11 चोरी की हैं।

## माधापुर हत्याकांड में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार





हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट् के माधापुर इलाके में हुई मो. इस्माइल की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से दो देशी रिवाल्वर, कारतूस, धारदार हथियार और वाहन बरामद हुए है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद मुजाहिद उर्फ मुज्जू, मोहम्मद जिलानी पाशा, मोहम्मद फिरोज खान शामिल है। डीसीपी बालानगर जोन (प्रभारी माधापुर जोन) जी. सुदीप ने बताया कि बीते 1 अगस्त को कालापत्थर क्षेत्र के निवासी मो. इस्माइल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जांच के लिए 5 विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने एक अगस्त को ही मोहम्मद जिलानी पाशा और मोहम्मद फिरोज खान को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से एक यामाहा वाहन, एक काउंटी निर्मित पिस्तौल, एक उनके पास से एक खंजर और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। दो अगस्त को मुख्य आरोपी मुहम्मद मुजाहिद उर्फ मुज्जू को जहीराबाद से गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल आरोपियों को 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम की सीपी स्टीफन रवींद्र ने सराहना की है।

### अस्सी लाख रूपए के गांजे के साथ 6 गिरफ्तार




हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद की एसओटी बालानगर और शमीरपेट पुलिस ने मिलकर एक गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस इस मामले में छह आरोपियों को 360 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। ओडिसा के शेरपल्ली से महाराष्ट्र के सोलापुर में हैदराबाद के रास्ते गांजा ले जाया जा रहा था। बरामद गांजे का मूल्य करीब 80 लाख रुपए बताया जा रहा है। डीसीपी बालानगर जोन (प्रभारी माधापुर जोन) जी. सुदीप ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में नरसिंह माडी, रवि धनसिंह चौहान, किरण राम पवार, विकास मानसिंह चौहान, आदेशशांत कुमार जाधव, सरजीराव किशन चौहान शामिल है। इनके पास से 360 किलोग्राम गांजा, 2 कार और 6 मोबाइल फोन जब्त किए गए है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपी मिलकर ओडिशा राज्य के शेरपल्ली एजेंसी क्षेत्र से हैदराबाद के रास्ते सोलापुर महाराष्ट्र तक गांजा का अवैध परिवहन चला रहे थे। ओडिशा राज्य के शेरपल्ली एजेंसी क्षेत्र के आसपास के स्थानीय गांजा की खेती करने वालों से गांजा खरीदतकर आरोपी विभिन्न राज्यों में गांजा विक्रेताओं को आपूर्ति करते थे।

### सब्जी विक्रेता की हत्या

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक मामूली कहासुनी के दौरान एक सब्जी विक्रेता की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक चंचलगुडा निवासी मोहम्मद नसेर (32) तीन लोगों के साथ सरूरनगर मिनी टैंक बांध गया था। नसीर और उन तीन लोगों के बीच बहस हो गई। इसी बीच तीनों ने उस पर हमला किया गया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सैदाबाद पुलिस ने शव को उस्मानिया जनरल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## एसआई पदों की लिखित परीक्षा की पुख्ता व्यवस्था, देरी पर नो एंट्री




आसिफाबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद जिला अपर एसआई पदों के लिए भर्ती प्रारंभिक परीक्षा 7 अगस्त को आयोजित होगी। यह बात एएसपी अच्छेश्वर राव ने कही। जिला केंद्र के पुलिस सम्मेलन हॉल में, तेलंगाना राज्य पुलिस भर्ती बोर्ड के नियमों के अनुसार, परीक्षा केंद्रों के मुख्य अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, क्षेत्रीय समन्वयकों और पुलिस कर्मियों को परीक्षा के दौरान कर्मियों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर भर्ती परीक्षा क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. श्रीधर सुमन ने परीक्षा केंद्रों में सुविधाओं, मुख्य अधीक्षकों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों और उम्मीदवारों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के आसिफाबाद में 3 और कागज नगर में 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और 1492 उम्मीदवार प्रारंभिक लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। ये परीक्षाएं सुबह 10 बजे हैं। दोपहर 1 बजे तक तक मैनेज करने की बात कही।

उन्होंने ने कहा कि लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक विधि द्वारा फिंगरप्रिंट किया जाएगा और इस उद्देश्य के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा समय (9 बजे) से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए और उम्मीदवारों को परीक्षा में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सुबह 10 बजे के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, एक मिनट भी देरी से, उम्मीदवारों को एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्रों की जांच करनी चाहिए ताकि उन्हें अगले दिन परीक्षा केंद्र पर आने में आसानी हो। पुलिस नोडल अधिकारी ईश्वर राव ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में बिना किसी परेशानी के फर्नीचर, हवा, रोशनी और पानी की व्यवस्था की जाए और परीक्षा बिना किसी कमी के आयोजित की जाए। परीक्षा से संबंधित नियम पूरी तरह से हॉल टिकट में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को यह महसूस करना चाहिए कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होगी और उन धोखेबाजों पर भरोसा नहीं करना चाहिए जो मानते हैं कि उन्हें किसी भी परिस्थिति में नौकरी मिल जाएगी और ऐसे धोखेबाजों की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए।

बायोमेट्रिक उपस्थिति में देरी किए बिना उचित योजना के साथ परीक्षा में समय प्रबंधन का पालन करने की सलाह दी जाती है। इस जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला पुलिस अधिकारी, परीक्षा केंद्रों के मुख्य अधीक्षक, पर्यवेक्षक, मार्ग अधिकारी, पुलिस आईटी कर्मचारी और अन्य ने भाग लिया।

### पीएम की बैठक में सीएम केसीआर के शामिल होने की संभावना कम

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के 6 अगस्त को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई आजादी का अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय समिति की बैठक में शामिल होने की संभावना कम है। इस समिति में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री सदस्य हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को सोमवार को प्रधानमंत्री की ओर से निमंत्रण मिला है। लोकसभा अध्यक्ष, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, राजनीतिक नेता, अधिकारी, मीडिया हस्तियां, आध्यात्मिक नेता, कलाकार, फिल्मी हस्तियां और जीवन के अन्य क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी इस समिति के सदस्य हैं। चर्चा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री के भाग लेने की संभावना बहुत कम है क्योंकि श्री राव इस साल 5 फरवरी से मोदी से मिलने से बच रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीती 26 मई को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के 20 वें वार्षिक समारोह में हिस्सा लेने के लिए हैदराबाद आए, तो मुख्यमंत्री उनके आगमन से कुछ घंटे पहले बेंगलुरु गए। सीएम केसीआर तब प्रधानमंत्री मोदी से नहीं मिले। फिर दो और तीन जुलाई को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री हैदराबाद आए थे। इस बार भी पीएम से सीएम के बीच मुलाकात नहीं हुई।

### पत्नी व प्रेमी ने की व्यक्ति की हत्या

कुमराम भीम आसिफाबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिरपुर (टी) मंडल के इटुकुलापहाड़ गांव में मंगलवार को एक व्यक्ति की उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने कथित तौर पर उनके अवैध संबंध को जारी रखने में बाधा आने के कारण हत्या कर दी। कौटाला इंस्पेक्टर बुड्डे स्वामी ने कहा कि मध्य प्रदेश के बालागढ़ के एक दिहाड़ी मजदूर मदवी देवेंद्र (40) की कथित तौर पर उसकी पत्नी पार्वती और रामलाल ने हत्या कर दी थी।

पार्वती और रामलाल ने देवेंद्र को विवाहेतर संबंध रखने के लिए विरोध करने और दोष देने के लिए मार डाला। उन्होंने शुरू में उसे एक बड़ी छड़ी से मारा और फिर वन विभाग से संबंधित एक वृक्षारोपण स्थल पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। तीनों को विभाग द्वारा जमीन के एक टुकड़े में पौधे लगाने के लिए लगाया गया था। देवेंद्र ने पार्वती और रामलाल को देखा जब वे अपने घर में एक साथ समय बिता रहे थे। उसने अपनी पत्नी के साथ बहस की और उसे डंडे से पीटा। बदले में पार्वती ने अपने प्रेमी की मदद से रामलाल पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। बाद में दोनों ने अपने अपराध को छिपाने के लिए उसके शरीर को दफना दिया। इटुकलाफड़ वन बीट अधिकारी के नरेश से प्राप्त शिकायत के आधार पर पार्वती और रामलाल के खिलाफ हत्या और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जांच-पड़ताल की गई।

### टैंकबंड स्थित पिंगली वेंकैया की प्रतिमा की अनदेखी सही नहीं : क्रांति कुमार





हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ध्वज के निर्माता पिंगली वेंकैया की 146वीं जयंती पर युवा कांग्रेसी नेता एसपी क्रांति कुमार के नेतृत्व में सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र के टैंकबंड स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए क्रांति कुमार ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां देश में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है तथा पीएम घर-घर राष्ट्रीय झंडा फहराने की बात कर रहे हैं, वहीं केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के संसदीय क्षेत्र टैंकबंड पर निर्मित पिंगली वैंकेया की प्रतिमा की ओर किसी का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा के सामने न तो सरकारी अधिकारियों और न ही स्थानीय सांसद ने पिंगली वैंकेया की जयंती मनाने के लिए कोई पहल की। यहां तक कि पिंगली वेंकैया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी नहीं की गई। क्रांति कुमार ने कहा कि एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव के 75 साल का आयोजन केंद्र सरकार कर रही है, जबकि पिंगली वेंकैया जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को उनकी ही पार्टी के लोग नजरअंदाज कर रहे हैं। इस अवसर पर क्रांति कुमार के साथ, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता आदि अविनाश, जी. नवीन कुमार, श्रवण कुमार और अन्य ने भाग लिया।

## पावरग्रिड दक्षिण क्षेत्र सिकंदराबाद में हिन्दी प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन




हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड दक्षिण क्षेत्र पारेषण प्रणाली-I, मुख्यालय सिकंदराबाद द्वारा अंतर उपक्रम प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) हैदराबाद-सिकंदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (द.क्षे.-I), एनवीपी राजू, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ), होमनिधि शर्मा, सदस्य सचिव, नराकास (उ) हैदराबाद-सिकंदराबाद एवं पीके हरिनारायणन, मानव संसाधन प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। राजेश श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रदान दी,साथ ही उक्त प्रतियोगिता के माध्यम से हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन हेतु निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध भी किया। उपरोक्त प्रतियोगिता का कुशल संचालन श्रीमती एन. ललिता (क्विज मास्टर), नाबार्ड बैंक एवं उनकी टीम द्वारा बड़े ही रोचक एवं आनंदपूर्वक ढंग से किया गया। इस प्रतियोगिता में नराकास (उ) हैदराबाद-सिकंदराबाद के कुल24सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों की टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज की । प्रश्न मंच प्रतियोगिता के दौरान कुल सात पीपीटी/चित्र/आडियो/विजुयल राउंड द्विभाषी रूप में संचालित किए गए,जिसके प्रश्न मुख्यता राजभाषा हिन्दी,सामान्य ज्ञान,विज्ञान,राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे आदि पर आधारित रहे ।



**भोंनगिरी जाट समाज नवयुवक मण्डल संस्था द्वारा निर्विरोध चुनाव में चुने गए धर्माराम कड़वा को पोतादार चुने जाने पर जाट समाज के सभी गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। साथ ही धर्माराम ढाका ने सभी को धन्यवाद किया।**




# मिड-डे-मील में गड़बड़ी

## थाली लेकर एसडीओ के दफ्तर में पहुंचीं छात्राएं, दर्ज कराई शिकायत

मुंगेर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुंगेर में मिड-डे मील में निर्धारित मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं मिलने का मामला सामने आया है। मुंगेर के एक सरकारी स्कूल की छात्राएं खराब गुणवत्ता वाला और मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं मिलने के बाद खाने से भरी थाली लेकर उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) के दफ्तर पहुंच गईं। उन्होंने एसडीओ को खाना दिखाकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में एसडीओ ने एमडीएम प्रभारी, स्कूल के प्रधानाध्यापक और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से जवाब मांगा है।



मामला मुंगेर के तारापुर अनुमंडल क्षेत्र में मध्य विद्यालय गोगाचक का है। तारापुर के एसडीओ को पिछले सप्ताह गोगाचक मध्य विद्यालय के छात्रों से मध्याह्न भोजन परोसे जाने की शिकायत मिली थी। विरोध स्वरूप छात्राएं अपनी थाली लेकर एसडीओ कार्यालय पहुंच गई थीं। छात्राओं ने एसडीओ रंजीत कुमार को थाली दिखाते हुए भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू के अनुसार खाना नहीं मिलने की शिकायत की थी। स्कूल के एक छात्रा ने कहा, शुक्रवार को, मेन्यू में पुलाव, अंडा / सेब और सलाद था, लेकिन यह दूसरी बार है जब हमें मेन्यू में दिया गया भोजन नहीं मिला। छात्राओं ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं हुई। शुक्रवार को खाने का मेन्यू कुछ और है, लेकिन सिर्फ चना की सब्जी और चावल दिया गया। हम लोगों को स्कूल में सही भोजन मिले, इसलिए एसडीओ के यहां आए हैं।

एसडीओ रंजीत कुमार ने बताया कि इस मामले में प्रधानाध्यापक को बुलाकर पूछताछ की गई है। इसकी जांच भी की जाएगी। सबसे बड़ी बात यह है कि छात्राएं स्कूल कैंपस बाहर कैसे निकल गईं। इसके लिए प्रधानाध्यापक जिम्मेवार हैं। एमडीएम प्रभारी, प्रधानाध्यापक और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने स्कूल के प्रधानाध्यापक और अन्य कर्मचारियों से मेन्यू में कथित बदलाव के बारे में भी पूछताछ की, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि कई छात्र पुलाव खाने को तैयार नहीं थे। एसडीओ ने मामले से जुड़े लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सजा के तौर पर उनके वेतन से एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया है।

## 4353 कर्मियों के जिला आवंटन में राजस्व विभाग ने अपनाया यह तरीका

पटना, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग में बहाल 4353 राजस्व कर्मचारियों मंगलवार को जिला आवंटित कर दिया गया। बिहार एसएससी के द्वारा इनका चयन किया गया था। ये सभी कर्मी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। लेकिन न्यायिक कारणों उनकी तैनाती नहीं हो पा रही थी। इन कर्मचारियों के लिए जिला आवंटन को लेकर भी कुछ समस्या आ रही थी। राज्य के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री रामसूरत राय ने कर्मियों को जिलों के आवंटन के लिए अनोखा तरीका अपनाया।

राज्य में पहली बार कंप्यूटराइज्ड ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से कर्मियों की पोस्टिंग की गयी है। इसके लिए एनआईसी के द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर का सहारा लिया गया। कुल 14 राउंड के रैंडमाइजेशन के बाद इन कर्मचारियों की पोस्टिंग का जिला तय किया गया।

## मंत्री के सामने राशन और पेंशन वितरण की खुली पोल

लखनऊ, 2 अगस्त (एजेंसियां)। अमेठी जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर आए प्रखाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा का सच से सामना हुआ। उनके सामने सरकार के महीने में दो बार राशन वितरण के दावे की पोल खुल गई। गांव की महिलाओं ने मंत्री से कहा कि पिछले तीन चार महीने से सिर्फ एक बार ही राशन मिल रहा है। इस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। बाद में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जनपद में चल रही शासकीय योजनाओं का फीडबैक लिया। इसके साथ ही सांसद आदर्श ग्राम, गोशाला, और अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

सांसद आदर्श ग्राम सुजानपुर में मंत्री ने पेयजल परियोजना का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जहां कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका एक साथ शुभारंभ कराने की व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने यहां एक पीपल का पौधा भी रोपा। यहां से निकलकर मंत्री कंपोजिट स्कूल सुजानपुर पहुंचे। यहां उच्च प्राथमिक स्कूल में उन्होंने कक्षा आठ में बच्चों से मुलाकात की। मंत्री को छात्रा ने संस्कृत का श्लोक भी सुनाया। बाहर निकलकर मंत्री ने छात्राओं को बैग और पुस्तक भी वितरित की। बाहर निकलने पर ग्रामीणों ने मंत्री को घेर लिया। महिलाओं से मंत्री ने निशुल्क राशन मिलने संबंधी सवाल किया। जिस पर श्याम पती, हसीना बानो, फातिमा आदि महिलाओं ने कहा कि एक बार फ्री राशन मिलता है। तीन महीना पहले दो बार मिलता था लेकिन अब एक बार मिलता है। डीएम ने डीएसओ को आवाज लगाई लेकिन वे मौके पर नहीं मिले। पेंशन के बाबत पूछने पर वृद्ध महिलाओं ने कहा कि पेंशन नहीं मिलती। जिस पर मंत्री ने गांव में चौपाल लगाए जाने की बात कही।



मंत्री सतीश शर्मा

सीडीओ डा. अंकुर लाठर ने कहा कि गांव में फिर चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। राज्यमंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डायलिसिस यूनिट का हाल जाना। मरीजों से मिलकर उनसे सुविधाओ के बारे में जानकारी ली। इसके बाद कोविड सेंटर का जायजा लिया।

उन्होंने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। कंपोजिट स्कूल के परिसर में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंत्री ने दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

# कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों किसान

## पुलिस से धक्का-मुक्की, खूब हुई खींचतान, इस बात से हैं खफा



बिजनौर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों में सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश है। बिजनौर में मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए बिजनौर कलेक्ट्रेट पर सैकड़ों की संख्या में पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया तो किसानों की पुलिस से खूब नोकझोंक और जमकर धक्का- मुक्की हुई।

किसानों ने मुफ्त बिजली देने का सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। किसानों ने नलकूपों पर लगाए गए मीटरों को उखाड़कर अधिकारियों के दफ्तर में भरने की भी चेतावनी दी है।

चार अगस्त को भाकियू ने भी अधीक्षण अभियंता बिजनौर कार्यालय पर प्रदर्शन का निर्णय लिया है। किसानों को मुफ्त बिजली देने की वादा खिलाफी का सरकार पर आरोप लगाते हुए किसानों ने नलकूपों पर लगाए गए मीटरों को उखाड़कर एससी कार्यालय पर भरने की घोषणा की है। वहीं भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) गुट के बैनर तले प्रदर्शन करने पहुंचे किसानों का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी लेकिन अब सरकार अपने वादे से पीछे हट रही है। उनका कहना है कि नलकूपों पर मनमाने ढंग से मीटर लगाने से उन्हें नुकसान है, बिजली बिल दोगुने आ रहे हैं। किसानों ने सरकार पर बिजली किराया संबंधी मानसिक और आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया। वहीं किसानों का कहना है कि बिजली अधिकारी उनकी मांगों को नहीं सुन रहे हैं। बिजली अधिकारियों द्वारा किसानों का शोषण किए जाने से नाराज किसान एकजुट होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान बेरिकैडिंग तोड़कर कलक्ट्रेट में पहुंच गए। जहां किसानों ने 15 सूत्रीय मांगों के निदान को लेकर प्रदर्शन किया और धरना शुरू कर दिया। धरने पर युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि किसानों को बिना मीटर के ही बिल देना है, तो अपने हकों के लिए लड़ना होगा।

### छूटे घरों को छह माह में नल-जल कनेक्शन

पटना, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल और गली-नाली पक्कीकरण योजना से छूटे हुए घरों और बसावटों में छह माह के अंदर यह सुविधा बहाल की जाएगी। जिलाधिकारी स्वयं इन कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे।

## 11 करोड़ का मिड डे मील खा गया प्राइमरी टीचर



लखनऊ, 2 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी में बेसिक शिक्षा की मिड डे मील योजना में बड़ा घोटाला पकड़ा गया है। योजना के 11 करोड़ 46 लाख रुपए प्राइमरी स्कूल का एक टीचर खा गया। विजिलेंस की जांच में टीचर के पास अकूत संपत्ति पाई गई है। विजिलेंस ने टीचर और घोटाले में शामिल शिक्षा सहित कई विभागों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

विजिलेंस की जांच में सामने आया कि फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में तैनात प्राइमरी स्कूल का सहायक अध्यापक चंद्रकांत शर्मा घोटाले का मास्टरमाइंड है। उसने 2006 में सारस्वत आवासीय शिक्षा समिति के नाम से संस्था बनाई। चिट फंड कार्यालय ने फर्जी दस्तावेजों पर संस्था का रजिस्ट्रेशन कर दिया। 2008 में चंद्रकांत ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ करके जिले भर के स्कूलों के मिड डे मील का काम ले लिया। शासन के निर्देश पर हुई जांच में पता चला कि चंद्रकांत के पिता संस्था के अध्यक्ष और मां कोषाध्यक्ष थी। परिवार के ही लोग सदस्य बनाये गए थे। मिड डे मील का काम मिलने के बाद उसने माता-पिता को मृतक दिखाकर खुद सुनील शर्मा के नाम से कोषाध्यक्ष बन गया। पत्नी बेबी शर्मा को अध्यक्ष नामित करवा दिया।

लेकिन जांच में उसके माता पिता जीवित मिले। जांच में सामने आया कि 2008 से मई 2014 तक इस संस्था को मिड डे मील का बजट दिया गया। यह रकम 114648500 रुपए थी। पहले यह रकम पंजाब नेशनल बैंक के खाते में भेजी गई।

## पुलिस ने 6 महीने में की सवा लाख से ज्यादा गिरफ्तारी

पटना, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस ने साल के शुरुआती छह महीने में सवा लाख से ज्यादा अपराधियों व अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसमें चार हजार से अधिक कुख्यात भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय ने साल 2020 और 2021 के मुकाबले इस वर्ष के छह महीने में हुई कार्रवाई का तुलनात्मक ब्योरा सोमवार को जारी किया। गिरफ्तारी के मामले में यह बीते वर्ष के मुकाबले 40.6 प्रतिशत अधिक है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक वर्ष 2021 में पहले छमाही में 90138 गिरफ्तारी हुई थीं। वर्ष 2022 की इस अवधि में गिरफ्तारी की संख्या 1,26,254 रही। हालांकि कुख्यातों की गिरफ्तारी में कमी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष जहां यह संख्या 4282 थी, वहीं इस साल 4008 कुख्यात पकड़े गए।

## दहेज के लिए पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

### लाश को फेंक दिया घाघरा नदी में, मायके वालों ने दर्ज कराया मुकदमा

संतकबीर नगर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। संतकबीरनगर जिले में पति ने पत्नी को जलाकर मार डाला है। फिर उसके शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया है। मृतका के मायके वालों ने युवक पर दहेज के लिए घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

परिजनों का आरोप है कि धनघटा क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी बबलू राजभर की शादी आरती से हुई थी। शादी में दान दहेज भी दिया गया था। फिर भी हमेशा उसका पति किसी न किसी बात और दहेज को लेकर के उसको मारता पीटता था। जब उससे बात करने की कोशिश की जाती थी तो बात नहीं करता था। आखिर में उसने आरती को जलाकर मार ही डाला।

परिजनों ने बताया कि दोनों की शादी 12 साल पहले हुई थी। मृतका आरती के 3 बच्चे भी हैं। 10 वर्षीय सूरज, 8 वर्षीय सचिन और 6 वर्षीय बेटी नेपाली का रो-रोकर बुरा हाल हुआ है।

इस मामले में धनघटा एसओ केडी सिंह ने बताया कि आरोपी पति बबलू और अन्य ससुरालियों पर हत्या कर शव छिपाने की कोशिश के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच में पता चला है कि शव को घाघरा नदी में फेंक दिया है। जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी समेत अन्य को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उत्तर बिहार के शराब माफिया जुटा रहे एके-47

### गैंगवार की आशंका से पुलिस अलर्ट

मुजफ्फरपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर बिहार में शराब माफिया एके-47 जैसे घातक हथियार से लैस हो रहे हैं। 10 से अधिक शराब धंधबाजों के सिंडिकेट ने हाल में बड़े हथियार जुटाये हैं। खुफिया रिपोर्ट पर पुलिस मुख्यालय ने इसको लेकर उत्तर बिहार के पुलिस कप्तानों को अलर्ट किया है। साथ ही शराब धंधेबाजों के हथियार को बरामद करने के लिए सूचना जुटाकर कारगर छापेमारी का निर्देश दिया है।

खुफिया सूत्रों का कहना है कि हरियाणा, पंजाब, यूपी, झारखंड, बंगाल आदि राज्यों से आने वाली शराब की खेप को शराब माफिया रास्ते में ही लूट ले रहे हैं। एक दूसरे के शराब पर हाथ साफ करने को लेकर हथियारबंद दस्ता अलग-अलग राज्यों से आने वाली शराब की खेप की टोह लेते हैं। इसके बाद रास्ते में शराब लूटकर ट्रक को लावारिस छोड़ दे रहे हैं।



खेप की सुरक्षा के लिए शराब धंधेबाज सिंडिकेट बनाकर हथियार से लैस होकर आने वाले शराब की रेकी करते हैं। इसके लिए शराब धंधेबाजों में हथियार खरीदने की होड़ है। बता दें कि शराब लूटने का खेल पहले भी कई शराब धंधबाजों से पूछताछ में पुलिस के सामने आ चुकी है। कांटी पानापुर में बीते साल शराब की बड़ी खेप की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम ने धंधेबाजों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा हथौड़ी इलाके के शराब धंधेबाजों के बीच कई बार मुठभेड़ हो चुकी है। हाईवे पर दो ग्रुप का आमना-सामना होने के बाद फायरिंग की बात आम है। मोतीपुर में चार दिन पहले कार में साहेबगंज इलाके के युवक की गोली लगा शव मिलने को भी पुलिस इस कड़ी से जोड़कर छानबीन कर रही है। इससे पहले शराब माफिया सकरा और औराई इलाके में कई बार एक दूसरे पर हमला कर चुके हैं, इसमें गोली मारकर हत्याएं भी हुई है। मिठनपुरा इलाके के एक अपार्टमेंट से 100 करोड़ रुपये से अधिक के शराब धंधे के हिसाब की डायरी के साथ गिरफ्तार हुए अमित कुमार से पूछताछ में भी एके-47 धारी शराब धंधेबाज का खुलासा हुआ था।

हालांकि पुलिस अमित से पूछताछ के बाद चिह्नित हुए धंधेबाज के हथियार की बरामदगी में सफल नहीं हो पाई।

## पुलिस कस्टडी में गिरफ्तार युवक का ब्रेन हैमरेज

समस्तीपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के समस्तीपुर में पुलिस कस्टडी में एक युवक की ब्रेन हेम्ब्रेज से हालत गंभीर हो गयी। मामला नगर थाना का है। पुलिस ने हाजत से उसे बीती रात सदर अस्पताल भेजा जहां से उसे डीएमसीएच रेफर किया गया है। युवक की शहर के पंजाबी कॉलोनी निवासी कन्हैया साह के रूप में पहचान की गयी है।

मिली जानकारी नगर थाने की पुलिस ने उसे बीती रात नशे की हालत में कन्हैया को गिरफ्तार कर हाजत में बंद किया था। जहां वह गिर गया जिससे उसके सिर में गहरा चोट आया। इसकी

### सीसीटीवी में कैद है राज

जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डीएमसीएच रेफर किया गया।

युवक के हाजत में गिरने और जख्मी होने की घटना थाना के सीसीटीवी में कैद है। जिसमे दिख रहा है कि हाजत में तीन लोग बंद है। तीनों सोए हुए है। उसी में से एक उठा और गेट की ओर जाने के क्रम में अचानक गिर गया। कन्हैया के परिजनों को सूचना देकर बुला लिया गया है। डीएमसीएच में उसका इलाज चल रहा है।

## कन्नौज का मजदूर 24 घंटे के लिए बना अरबपति

### अकाउंट में आए 31 अरब रुपए, अब 126 रुपए बचे, बोला- बैंक कुछ रुपए तो दे देता



छिबरामऊ, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कन्नौज में एक ईंट-भट्ठा मजदूर के खाते में 31 अरब रुपए आ गए। यह जानकर मजदूर को भी विश्वास नहीं हुआ। वह इतना खुश हुआ कि उसने पूरे गांव में शोर मचा दिया। पत्नी भी गहने और गाड़ी-बंगला खरीदने का सपना देखने लगी। खुशी इतनी थी कि मजदूर और उसके परिजन रातभर सो भी नहीं सके।

मजदूर सोमवार सुबह बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट चेक कराने पहुंचा तो उसकी खुशियां मायूसी में बदल गईं। पता चला कि उसके खाते में आए सारे रुपए वापस हो गए हैं। अब उसके अकाउंट में महज 126 रुपए ही बचे हुए हैं।

**"बैंक मित्र ने चेक किया खाता, उसकी बोलती हुई बंद"**

छिबरामऊ के कमालपुर गांव में रहने वाले 45 साल के बिहारी लाल राजस्थान के एक ईंट-भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करते हैं। वे एक दिन में 700 रुपए और महीने में 20 हजार के करीब रुपए कमा लेते हैं। बारिश में ईंट पथाई का काम बंद हो जाता है। इसलिए, वे इस समय अपने गांव लौट आए हैं।

बिहारी लाल बताते हैं, रविवार को मुझे कुछ रुपए की जरूरत थी। बैंक बंद था, इसलिए गांव में ही बैंक मित्र के पास रुपए निकालने पहुंचा। वहां बैंक मित्र ने मेरा खाता चेक किया तो उसकी बोलती बंद हो गई। कम से कम तीन बार उसने खाता चेक किया। फिर उसने बताया कि मेरे खाते में 31 अरब रुपए आ गए हैं। सुन कर मुझे भी विश्वास नहीं हुआ। उसने बैंक की स्लिप (बैंक स्टेटमेंट) निकाल कर भी दी।

मैंने उसी समय दस हजार रुपए भी निकालने को कहे तो उस समय पैसा नहीं निकला। फिर भी मैं इतना खुश हो गया कि मैंने पूरे गांव में यह बात बता दी। उस समय मैं शराब भी पिए हुआ था। सोमवार को जब मैं बैंक गया तो वहां काफी भीड़ थी। इसलिए, मैंने खाता नहीं चेक किया। शाम को जब फिर बैंक मित्र के पास गया तो उसने बताया कि वे रुपए अब वापस हो चुके हैं। अब मैं फिर से अपना खाता चेक करने बैंक जाऊंगा।

**मैं तो सपने संजोने लगी- सरिता**

अकाउंट में 31 अरब रुपए आने के सवाल पर बिहारीलाल की पत्नी सरिता हंस पड़ीं। मगर, उनके चेहरे पर रुपए लौटने का दुख भी था। दुख को छिपाते हुए कहती हैं, जब पता चला कि इतने ज्यादा रुपए आ गए हैं तो मेरे दिमाग में बस यही बात थी कि मैं अपना एक अच्छा सा घर बना लूं। बेटी सयानी हो गई है, उसकी शादी करवा दूं और बेटे को कुछ काम-धंधा करवा दूंगी। पर अगले दिन ही यह सपना टूट गया। ये (पति बिहारीलाल) पिछले 20 साल से मजदूरी करने राजस्थान जाते हैं। पीने-खाने की भी आदत है। 5 बेटियां हैं और दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कुछ करता नहीं है। कभी कभी तो खाना भी ढंग से नसीब नहीं होता है। यही वजह है कि मैं सपने संजोने लगी थी।

## मयंक सुसाइड: बहन के साथ बीएचयू के केंद्रीय विद्यालय पर छात्रों का धरना

### प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग

वाराणसी, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बीएचयू स्थित केंद्रीय विद्यालय के नौवीं के छात्र मयंक यादव की आत्महत्या से गुस्साए छात्र मंगलवार की सुबह केंद्रीय विद्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। मयंक की बहन तनीषा के साथ बैठे छात्रों ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग की।

मयंक के मौत के लिए स्कूल प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। छात्रों की बात सुनने डीसीपी भी पहुंचे और उनके आश्वासन पर छात्र स्कूल प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा।

28 जुलाई को नौवीं का छात्र मयंक स्कूल में मोबाइल लेकर आ गया था। इसी दौरान किसी का वीडियो बनाते हुए लाइब्रेरियन ने उसे देख लिया और उसे प्रिंसिपल के पास लेकर पहुंचा। इसके बाद उसे एक हफ्ते के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया। इतना ही नहीं प्रिंसिपल ने मयंक के पिता को भी बुलाकर बेइज्जत किया।

मयंक ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि पिता की बेइज्जती से आहत होकर उनसे आत्महत्या की है। पिता ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पत्नी को स्कूल बुलाकर अपमानित किया गया था। इससे मयंक व्यथित था।

मंगलवार को प्रिंसिपल और अन्य पर कार्रवाई की मांग करते हुए मयंक की बहन तनीषा के साथ छात्रों ने धरना शुरू कर दिया। वहीं, प्रधानाचार्य दिवाकर सिंह ने इस बारे में बताया कि जो भी छात्र छात्राएं मोबाइल के साथ पकड़े जाते हैं, उनको हिदायत देते हुए मोबाइल वापस कर दिया जाता है। मयंक की घटना के बारे में कहा कि इस प्रकरण में लंका पुलिस छानबीन कर रही है। उसकी तरफ से कार्रवाई की जाएगी।

### गोद लिए बेटे की बेरहमी

अमरोहा, 2 अगस्त (एजेंसियां)। गोद लिए बेटे ने ईंट से मुंह पर वार कर मां की हत्या कर दी। घटना की जानकारी गांव में उस वक्त हुई, जब पड़ोस की एक वृद्ध महिला बर्तनों की आवाज आने पर उधर पहुंची। हत्या करने के बाद आरोपी युवक शव को कमरे में खींच रहा था। वृद्धा के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिनदहाड़े युवक द्वारा मां की हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोपी युवक पुलिस की हिरासत में है। सनसनी फैलाने वाली यह घटना थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। विजयपाल प्रजापति गांव में लगे नलकूप पर देखभाल का काम करते हैं। कोई संतान नहीं होने के कारण उन्होंने अपने छोटे भाई रोहताश के बेटे रोहित प्रजापति को पैदा होने के बाद ही गोद ले लिया था।

## एमएलसी चुनाव में अखिलेश यादव के जनजातीय दांव को झटका



लखनऊ, 2 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को बड़ा झटका लगा है। सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल का पर्चा खारिज कर दिया गया है। ऐसे में भाजपा के दोनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। सपा ने कीर्ति कोल को मैदान में उतारकर जनजातीय दांव खेला था।

दो सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को ही भाजपा की तरफ से धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और निर्मला पासवान के साथ ही सपा की तरफ से जनजातीय समाज से आने वाली कीर्ति कोल ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को पर्चा जांच शुरू हुई तो कीर्ति कोल के नामांकन में खामियां मिलीं।

बताया जाता है कि कम उम्र के चलते कीर्ति कोल का नामांकन पत्र खारिज किया गया है। विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन के लिए न्यूनतम 30 वर्ष की आयु होनी चाहिए लेकिन समाजवादी पार्टी की विधान परिषद उम्मीदवार कीर्ति कोल ने नामांकन पत्र में अपनी उम्र 28 वर्ष दिखाई थी।

इसके चलते रिटर्निंग अफसर की तरफ से नामांकन पत्र की जांच के दौरान इसे खारिज कर दिया गया।

कीर्ति कोल का नामांकन खारिज होने से भाजपा के दोनों उम्मीदवारों धर्मेंद्र सिंह और निर्मला पासवान का निर्विरोध निर्वाचित तय हो जाएगा।

## इलाहाबाद एचसी और लखनऊ खंडपीठ के 800 से अधिक सरकारी वकील बर्खास्त, इन्हें मिलेगा मौका

लखनऊ, 2 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी की योगी सरकार ने इलाहाबाद एचसी और लखनऊ खंडपीठ के 800 से अधिक सरकारी वकीलों को बर्खास्त कर दिया है। इसके बाद नए वकीलों को मौका मिलेगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। दरअसल, हर पांच साल पर सरकारी वकीलों को लेकर आदेश जारी होते हैं जिसमें कुछ हटाए जाते हैं। इसके बाद नए को मौका मिलता है।

आपको बता दें कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों मिल कर करती है। वकीलों की नियुक्ति कौन सरकार करेगी वो इस बात पर निर्भर होगी के आप कौन से कोर्ट में वकालत करना चाहते हैं, उच्च न्यायालय में या जिला स्तर के न्यायलय में। उच्च न्यायलय में सरकारी वकीलों की नियुक्ति, उस स्टेट की गवर्नमेंट और केंद्र की सरकार द्वारा, उच्च न्यायालय से विचार और परामर्श करने के बाद किया जाता है। वहीं जिला न्यायालय में वकीलों की नियुक्ति स्टेट की गवर्नमेंट द्वारा की जाती है।

# संजय राउत से जुड़े दो और ठिकानों पर छापेमारी, ईडी ने तेज की कार्रवाई



मुंबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने जांच तेज कर दी है। खबर है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को राउत से जुड़े दो और ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। इससे पहले ईडी ने रविवार को ही राज्यसभा सांसद के आवास पर रेड की थी। फिलहाल, राउत को कोर्ट ने 4 अगस्त तक हिरासत में भेज दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि दो रेड राउत के करीबियों के ठिकानों पर चल रही हैं। ईडी ने रविवार देर रात शिवसेना नेता को घंटों लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। ईडी मुंबई की पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में यह जांच कर रही हैं। रविवार को भांडुप स्थित घर पर हुई रेड में आवास से 11.50 लाख रुपये जब्त किए गए थे। इससे पहले अप्रैल में ईडी ने राउत की पत्नि वर्षा और दो करीबियों की 11.5 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी। इनमें शिवसेना नेता के करीबी और गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व निदेशक प्रवीण राउत की पालघर, ठाणे जिले में जमीनें शामिल थी। इसके अलावा वर्षा के नाम मुंबई के उपनगरीय इलाके में स्थिति फ्लैट और अलीबाग में 8 प्लॉट भी शामिल हैं। खबर है कि ये प्लॉट संयुक्त रूप से वर्षा और राउत के एक और करीबी सुजीत पाटकर की पत्नी स्वप्ना के थे।

**राजनीति शुरू**

राउत की गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक सियासत जारी है। संसद में भी पार्टी की सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय जांच एजेंसी के इस्तेमाल का मुद्दा उठाने की बात कही थी। वहीं, शिवसेना प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी इस मामले पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।

# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला

## आरोपी क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका का सीबीआई ने किया विरोध

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला में सीबीआई ने आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका का विरोध किया है. सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करते हुए कहा है कि मिशेल की जमानत याचिका खारिज की जानी चाहिए. बता दें कि सीबीआई और ईडी दोनों ने जमानत याचिका का विरोध किया है. जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था और बाद में दो जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था. सबीआई की दलील है कि वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है और गवाहों को प्रभावित कर सकता है. एजेंसी के मुताबिक जांच में सहयोग करने को लेकर मिशेल कोर्ट में झूठे दावे कर रहा है. सीबीआई ने ये भी कहा कि वो इटली और भारत दोनों में कानून की प्रक्रिया से फरार हो गया था. गौरतलब है कि 3,600 करोड़ रुपये का कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकाप्टर की खरीद से संबंधित है. मिशेल को फरवरी 2017 में यूएई में गिरफ्तार कर लिया गया था. उनपर पर इस डील में दलाली का आरोप है. वो ब्रिटिश मूल का नागरिक है. मिशेल हथियारों की खरीद से संबंधित दो कंपनियों में पार्टनर है. अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला भारत सरकार द्वारा अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से खरीदे जाने वाले 12 हेलीकॉप्टर्स के सौदे से संबंधित है. ये मामला 2013-14 में सामने आया था. इसमें कई नेताओं और सैन्य अधिकारियों पर मोटी घूस लेने का आरोप है. अप्रैल 2014 में इटली के एक कोर्ट में इस सौदे का फैसला हुआ. कोर्ट ने फैसले में कहा कि अगस्ता सौदे में घोटाला हुआ था.

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क में | कर्क... | 04-42 बजे |
| चंद्र- | कन्या में | सिंह... | 06-54 बजे |
| मंगल | मेष में | कन्या | 09-02 बजे |
| बुध- | सिंह में | तुला - | 11-06 बजे |
| गुरु- | मीन में | वृश्चिक | 13-05 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | धनु--- | 15-30 बजे |
| शनि- | मकर में | मकर- | 17-32 बजे |
| राहु- | मेष में | कुंभ - | 19-22 बजे |
| केतु- | तुला में | मीन... | 21-06 बजे |
| | | मेष-- | 22-41 बजे |
| | | वृष-- | 00-26 बजे |
| | | मिथुन.. | 02-41 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-वर्षा, दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी **- 05-40 -** राततक उपरान्त, सप्तमी
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , बुधवार, **03 August**
नक्षत्र -हस्त. **- 18 -23 -** तक उपरान्त, चित्रा
योग - सिद्ध. **- 17 - 47 -** तक उप- साध्य
करण- कौलव.**-17 -45 -** तक,उप- तैतिल
विशेष:- वर्णषष्ठी ,श्री कल्कि ज.
व्रत -त्योहार - सर्वार्थ सिद्धि योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:43 से 13:21 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ. | 05:59 - 07:33 | शुभ | उत्पात | 18:47 - 20:11 | अशुभ |
| अमृत | 07:33 - 09:10 | शुभ | शुभ | 20:11 - 21:35 | शुभ |
| काल | 09:10 - 10:46 | अशुभ | अमृत | 21:35 - 22:59 | शुभ |
| शुभ | 10:46 - 12:22 | शुभ | चंचल | 22:59 - 00:22 | शुभ |
| रोग. | 12:22 - 13:58 | अशुभ | रोग | 00:22 - 01:46 | अशुभ |
| उत्पात | 13:58 - 15:35 | अशुभ | काल | 01:46 - 03:10 | अशुभ |
| चंचल | 15:35 - 17:11 | शुभ | लाभ. | 03:10 - 04:34 | शुभ |
| लाभ | 17:11 - 18:47 | शुभ | उत्पात | 04:34 - 05:59 | अशुभ |

# अर्पिता मुखर्जी का दावा: पैसा मेरा नहीं, मेरी गैर-मौजूदगी में रखा गया



कोलकाता, 2 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार अर्पिता मुखर्जी ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मेरे घर से जब्त किया गया पैसा मेरा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यह पैसा मेरी गौरमौजूदगी में वहां रखा गया था। दरअसल, कुछ दिन पहले अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों से करीब 50 करोड़ से ज्यादा रुपये बरामद हुए थे। इससे पहले पार्थ चटर्जी भी दावा कर चुके हैं कि पैसा उनका नहीं है। चटर्जी ने शुक्रवार को कहा था कि वह ''साजिश का शिकार'' हुए हैं। इससे पहले सोमवार को ईडी ने कहा था कि घोटाले के आरोप में गिरफ्तार पार्थ चटर्जी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। एक अधिकारी ने सोम बताया कि चटर्जी ने कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के संबंध में ईडी के ज्यादातर सवालों का जवाब नहीं दिया है। पूछताछ के दौरान ज्यादातर वक्त वे चुप ही रहे। वह गिरफ्तारी के बाद से ही हमारे साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। वह अक्सर थकावट की शिकायत करते हैं और हमारे सवालों के जवाब देने से बच रहे हैं। हमने चटर्जी से उनके दावों के बारे में पूछा था कि छापे में बरामद नकदी उनकी है या नहीं? हम इस धन के स्रोत के बारे में पता लगा रहे हैं।

**अर्पिता के आठ खाते हो चुके हैं फ्रीज**

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय को अर्पिता मुखर्जी के आठ बैंक खातों से आठ करोड़ रुपये के लेन-देन का पता चला है। ईडी इन आठ खातों को पहले ही फ्रीज कर चुका है। ईडी अधिकारी अब इन खातों के जरिये हुए लेन-देन का पता लगा रहे हैं। ईडी (ईडी) उन स्रोतों का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतनी बड़ी राशि किन खातों से इनके पास आई और कहां-कहां भेजी गई। जरूरत पड़ी तो एजेंसी खातों का फोरेंसिक ऑडिट भी करवा सकती है। माना जा रहा है कि फिलहाल ईडी के पास पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी से जानकारी निकलवाने के लिए तीन दिन ही बचे हैं, क्योंकि रिमांड की अवधि तीन ही शेष है। अर्पिता मुखर्जी के अलावा, पार्थ चटर्जी के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य और उनके मामा कृष्ण चंद्र अधिकारी भी जांच के दायरे में आई कंपनियों के निदेशक पाए गए हैं और आने वाले समय में इनकी जांच भी हो सकती है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोड़ी निराशा होगी।आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी। समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आप आज ऊर्जा से भरे हैं,आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे।अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें। दिन शांत और तनावरहित रहेगा।आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चो पर भी नजर रखें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जीवन में एक नई उर्जा का प्रवेश होगा।आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है।आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा।आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं।उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है।आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं।जिससे भी आप मिलते हैं,आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे। साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आज के दिन आप अपने आसपास सभी को अपनी सोच और किसी भी स्थिति को सही समझने की योग्यता से प्रभावित करेंगे।अपने कार्यस्थल की किसी बड़ी समस्या या किसी दोस्त की परेशानी का बहुत रचनात्मक सा हल निकलकर छा जायेंगे।आपके लिए रोमांचक समय है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने सिद्धांतों की व्याख्या और पुनर्मुल्यांकन का दिन है।आप पिछले फैसलों के लिए खुद से और अपने साथी से भी सवाल कर सकते हैं।फिर भी आप उसके प्रति बहुत अच्छे बने रहेंगे और उससे भी बदले में यही उम्मीद रखेंगे।जब पुराने विचारों से कोई काम बनता दिखाई न दे रहा हो तो नए विचारों को अपना लेने में कोई बुराई नही है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आज का दिन कुछ अजीब सा रहेगा।कोई ऐसी घटना घट सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी ना की होगी।आप गृहों से मिलने वाली ऊर्जा का ध्यान रखें और यह समझने की कोशिश करें कि वे आपको किस दिशा में ले जाना चाहती हैं।जीवन के इस मोड़ पर आपको सही रास्ता मिलना ही आपका आगे का भविष्य तय करेगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी। हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें। आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं।उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें।सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा।ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज कर्म में आपका विश्वास और पक्का हो जाएगा।आप यह मान लेंगे कि कर्म का फल अवश्य मिलता है।आप दूसरों की तकलीफ समझते हैं।आप सबसे आगे चलते हुए अपने व्यक्तित्व की उदारता की भी नोट करेंगे। कोई आपसे मदद मांगेगा।प्रियजनों के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आपके हर एक काम में आत्मविश्वास की झलक दिखेगी।कुछ समय पहले तक बहुत मुश्किल दिखने वाली बाधाएं आज आसानी से पार हो जाएंगी।आपकी संवाद कुशलता अब पहले से बेहतर है और आप लोगों को इसके चलते विश्वास में लेकर अपनी बात समझा पायेंगे।दिन किसी मुश्किल परियोजना पर काम करने के लिए भी उपयुक्त है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# सीमा पार से जम्मू कश्मीर में फिर घुसा ड्रोन

## बीएसएफ की फायरिंग से डरकर भागा



जम्मू, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर के कानाचक सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उड़ती हुई एक संदिग्ध वस्तु पर गोलियां चलाईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजकर 35 मिनट पर हवा में एक चमकती वस्तु नजर आई, जो सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने उस चमकती वस्तु की ओर गोलियां चलाईं, जिसके बाद वह नहीं दिखी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और अन्य एजेंसियों ने इलाके में तलाश अभियान शुरू किया है, हालांकि अभी तक कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। इससे पहले, पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़ किया था और उसके सात सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान से 35 ड्रोन के जरिए गिराए गए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामानों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया था। लश्कर ने कथित तौर पर ड्रोन द्वारा गिराए गए हथियारों को इकट्ठा करने और उन्हें कश्मीर में आतंकवादियों को पहुंचाने के लिए जम्मू और राजौरी जिलों में तीन आतंकवादी 'मॉड्यूल' स्थापित किए थे। भारत में आतंक फैलाने के लिए पाकिस्तान अपनी नापाक साजिशों को लगातार रच रहा है।

उसने कश्मीर में आतंक फैलाने के लिए ड्रोन को अपना जरिया बनाया है। वह ड्रोन के जरिए कश्मीर में हथियारों की खेप भेजकर आतंक फैलाना चाहता है। हालांकि सुरक्षाबलों के जवान पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं और उसकी किसी साजिश को कामयाब नहीं होने दे रहे हैं। जब से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हुई है, तब से पाकिस्तान इसमें खलल डालने की पूरी कोशिश कर रहा है, पर अभी तक कामयाब नहीं हो पाया है।


# अचानक 'इंडिगो' के प्लेन के नीचे आ गई कार, पहिये से टकराते-टकराते बची



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। विमानन कंपनी 'गो फर्स्ट' की एक कार दिल्ली हवाईअड्डे पर मंगलवार को 'इंडिगो' के 'ए320नियो' विमान के नीचे आ गई, हालांकि उसके 'नोज व्हील' (आगे के पहिये) से टकराने से बाल-बाल बच गई. सूत्रों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मामले की जांच करेगा. विमानन उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विमानन कंपनी 'इंडिगो' के विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है.सूत्रों ने बताया कि विमान मंगलवार सुबह ढाका (बांग्लादेश की राजधानी) के लिए रवाना होने के लिए तैयार था, तभी विमानन कंपनी 'गो फर्स्ट' की एक कार उसके नीचे आ गई, हालांकि वह 'नोज व्हील' से टकराने से बाल-बाल बच गई. 'पीटीआई-भाषा' ने विमानन कंपनी 'इंडिगो' और 'गो फर्स्ट' दोनों ने इस संबंध में बयान के लिये संपर्क किया, हालांकि दोनों की ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है.

# भारत में भी छिपे हैं कई अल-जवाहिरी

## उन्हें चुन-चुन कर मारना होगा: भाजपा सांसद रवि किशन



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन ने अलकायदा चीफ अल जवाहिरी के मारे जाने को बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि अल जवाहिरी के जाने से बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है। ऐसे बहुत से अल जवाहिरी भारत में भी छिपे हुए हैं। एक जवाहिरी के मरने से आतंकवाद खत्म नहीं होता। एक को मारा जाता है तो ये लोग हजारों को तैयार कर देते हैं। रवि किशन ने कहा कि भारत में भी कश्मीर, असम जैसे क्षेत्रों में अल जवाहिरी सक्रिय रहे हैं। ऐसे सभी अल जवाहिरी को चुन-चुन कर मारना होगा। मालूम हो कि अफगानिस्तान में अमेरिकी हवाई हमले में अल-कायदा का सरगना अयमान अल-जवाहिरी मारा गया है। जवाहिरी अमेरिकी कार्रवाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी खुफिया विभाग को जवाहिरी के उसके काबुल स्थित घर में अपने परिवार के साथ छिपे होने की जानकारी मिली थी। अमेरिका पर 9/11 हमलों की साजिश अल-जवाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को 'यूएस नेवी सील्स' ने दो मई 2011 को पाकिस्तान में एक अभियान में मार गिराया था। अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान छोड़ने के 11 महीने बाद एक महत्वपूर्ण आतंकवाद रोधी अभियान में अमेरिका ने यह सफलता हासिल की है। बता दें कि अल-जवाहिरी ने अल-कायदा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पहले 1998 से उसने बिन-लादेन की छत्रछाया में काम किया और बाद में उसके उत्तराधिकारी के तौर पर। खुफिया विभाग के सीनियर अधिकारी के अनुसार, अल-जवाहिरी जिस घर में मारा गया वह तालिबान के शीर्ष सरगना सिराजुद्दीन हक्कानी के टॉप सहयोगी का है।


# तमिलनाडु: फिल्म उद्योग से जुड़ी 10 से अधिक हस्तियों के परिसरों पर आयकर के छापे




चेन्नई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने आज तमिलनाडु में फिल्म उद्योग से जुड़ी दस से अधिक हस्तियों के जुड़े 40 परिसरों पर छापेमारी की. विभाग ने यह कार्रवाई कुछ तमिल फिल्म निर्माताओं और वितरकों द्वारा संदिग्ध कर चोरी को लेकर की है. आयकर विभाग ने आज पूरे तमिलनाडु में चालीस से अधिक स्थानों की तलाशी ली. अधिकारियों ने बताया कि कलईपुली थानू, एसआर प्रभु, अंबु चेझियां और ज्ञानवेल राजा समेत करीब 10 तमिल फिल्म निर्माताओं और वितरकों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की जा रही है. अधिकारियों ने सुबह करीब छह बजे तलाशी और जब्ती अभियान शुरू किया, जो अभी चल रहा है. इसके पहले आयकर विभाग ने 27 जुलाई को तमिलनाडु के रियल एस्टेट और रेल व सड़क निर्माण अनुबंध कंपनी के यहां छापा मारकर 150 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी जब्त की थी. सीबीडीटी के अधिकारी ने बताा था कि मदुरै और चेन्नई में 20 जुलाई को विभाग अधिकारियों ने इन दोनों समूहों के करीब 30 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था. तक आयकर विभाग ने 14 करोड़ से अधिक की नकदी, 10 करोड़ रुपये के आभूषण को सील किया था. जांच में पता चला कि रियल एस्टेट समूह ने बड़ी मात्रा में नकदी ली थी. समूह ऐसे बेहिसाब लेन-देन के आंकड़े का हिसाब रखने के लिए एक साफ्टवेयर भी बना रखा था. विभाग इस मामले में समूहों के मालिकों से पूछताछ कर रही है. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, एक समूह रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ा है. दूसरा समूह रेल और सड़क निर्माण का ठेका लेता है. 20 जुलाई को मदुरै और चेन्नई स्थित दोनों समूहों के करीब 30 परिसरों में की गई छापेमारी के दौरान 14 करोड़ की अघोषित नकदी और 10 करोड़ रुपये के सोना-जेवरात जब्त किए गए थे.

# इंदौर के रे पब पर आधी रात को छापा

## युवक-युवतियां भाग निकले, मैनेजर और संचालक पर केस



इंदौर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर में नियमों के खिलाफ जाकर आधी रात बाद भी पब संचालित हो रहे हैं। इसे लेकर पुलिस और प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। सोमवार देर रात इंदौर के रे पब पर छापा मारा गया। आधी रात को भी पब संचालित हो रहा था। पुलिस के वहां पहुंचते ही युवक-युवतियां तो भाग निकले, पर संचालक और मैनेजर पर केस दर्ज हुआ है। विजय नगर क्षेत्र में स्थित रे पब में देर रात भी शराब परोसी जा रही थी। नियम कहता है कि रात 11 बजे बाद बार या पब में शराब नहीं परोसी जा सकती। नियमों के विरुद्ध देर रात भी संचालित हो रहे पब की जानकारी जब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो उन्होंने छापा मारा। ज़ोन-2 के प्रभारी डीसीपी रजत सकलेचा को ही यह पता चला था कि भमोरी के रे पब में एक बजे भी शराब परोसी जा रही है। एडीसीपी ज़ोन-2 राजेश व्यास के साथ डीसीपी खुद पब में पहुंचे और फिर थाने से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलवाया। अफसरों ने वहां बड़ी संख्या युवक-युवतियों को नशे में झूमते देखा। पब में शराब भी परोसी जा रही थी। पब का मुख्य दरवाजा बंद था। पिछले दरवाजे से प्रवेश दिया जा रहा था। छापे के बाद भी शटर उठाकर ग्राहकों को बाहर निकाला गया। युवक और युवतियां तो भाग निकले। वहां से पुलिस ने श्रवण पड़ागरे, गोलू उर्फ कुलदीप ओझा, अर्जुन अहिरवार को हिरासत में लिया। पब संचालक पीयूष ठाकुर फरार हो गया। उसके खिलाफ धारा 188 और कोलाहल अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस के बीट में मौजूद अधिकारियों से भी जवाब मांगा है। संचालक को भी नोटिस जारी हुआ है।

# चीन की चेतावनी : अगर ताइवान पहुंचीं अमेरिकी संसद की स्पीकर नैन्सी पेलोसी तो यूएस कीमत चुकाएगा



बीजिग, 2 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका की संसद अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ताइवान गईं, तो अमेरिका कीमत चुकाएगा. चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, इसकी ज़िम्मेदारी अमेरिकी पक्ष की होगी और अमेरिका चीन की संप्रभुता और सुरक्षा हितों को कम आंकने की कीमत चुकाएगा. वहीं रॉयटर्स के अनुसार ताइवान के प्रधानमंत्री सु त्सेंग चांग ने अमेरिकी संसद की प्रतिनिधिसभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी की संभावित यात्रा से पहले मंगलवार को एक बार फिर दोहराया कि ताइवान विदेशी मेहमानों का हार्दिक स्वागत करता है. साथ ही उन्होंने कहा कि ताइवान ऐसे मेहमानों के लिए सबसे बेहतर उपाय करेगा और उनकी योजना का सम्मान करेगा. इससे पहले खबर आई थी कि चीन की सेना ने अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान पहुंचने की कथित योजना को रोकने के लिए शक्ति प्रदर्शन किया. बीबीसी के अनुसार पेलोसी का एशिया दौरा शुरू हो चुका है लेकिन ताइवान का कोई ज़िक्र नहीं किया गया. उनके दफ्तर ने बताया कि उनका दौरा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए है, जिसमें सिंगापुर , मलेशिया , दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा शामिल है. पिछले 25 सालों में अमेरिका के किसी चुने गए उच्च अधिकारी ने ताइवान की यात्रा नहीं की है. चीन ताइवान पर दावा करता है और चीन ने ने चेतावनी दी है कि अगर नैन्सी पेलोसी ताइवान जाती हैं तो उन्हें गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ेगा. चीन को ऐसा लगता है कि ताइवान में नैन्सी पेलोसी की यात्रा से चीनी प्रभाव पर असर पड़ सकता है.

चीन का मानना है कि अमेरिका ताइवान में अलगाववादी एजेंडे पर काम कर रहा है जिसे नैन्सी पेलोसी की यात्रा से बल मिल सकता है. पेलोसी ने रविवार को पुष्टि की थी कि वो एशियाई देशों में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, लेकिन ताइवान में संभावित पड़ाव के बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा. ताइवान को चीन अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता रहा है और पेलोसी की वहां जाने की कथित योजना से वह भड़का हुआ है. पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा पर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को पिछले बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत में चेतावनी देते हुए कहा था कि 'जो लोग आग से खेलते हैं वे इससे नष्ट हो जाएंगे.'

# स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 3 अगस्त, 2022


# मुसलमानों की ज़रूरत किसी भी दल को नहीं



श्रवण गर्ग

आबादी के कोई सोलह प्रतिशत (या लगभग बाईस करोड़) मुसलमानों को इस सचाई का पता चलने में पचहत्तर साल लग गए कि भाजपा ही नहीं किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल को अब राष्ट्रीय स्तर पर उनकी ज़रूरत नहीं बची है।मुसलमानों का यह भ्रम ध्वस्त कर दिया गया है कि कोई भी दल उनके वोटों के बिना सरकार नहीं बना सकता।सर्वोच्च संवैधानिक पदों- राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति- के लिए उम्मीदवारों की घोषणा होने तक मीडिया द्वारा प्रचार किया जा रहा था कि दो में से किसी एक पद के लिए भाजपा किसी मुसलिम नेता को एनडीए का उम्मीदवार बना सकती है।

द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा के बाद ऐसी अटकलें तेज़ हो गईं थीं कि केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान या पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास नक़वी को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया जा सकता है।ऐसा करके भाजपा करोड़ों मुसलमानों को खुश करने का काम कर सकती है।ये अटकलें इस हक़ीक़त के बीच भी जारी रहीं कि भाजपा के पास संसद के दोनों सदनों में अब नाम के लिए भी कोई मुसलिम सांसद नहीं बचा है।यूपी सहित अन्य भाजपा-शासित राज्यों में भी मुसलिम विधायकों को लेकर ऐसी ही स्थिति है।भाजपा ने जगदीप धनखड़ के नाम की घोषणा करके मुसलिम 'तुष्टिकरण' की सम्भावनाओं पर अंतिम रूप से विराम लगा दिया।यानी न वोट चाहिए,न उम्मीदवारी चाहिए ! किसी ने सवाल नहीं उठाया कि भाजपा द्वारा किसी मुसलिम को उम्मीदवार नहीं बनाया जाना तो समझ में आता है पर कांग्रेस, तृणमूल और समाजवादी पार्टी सहित बाक़ी विपक्षी दलों ने भी ऐसा ही क्यों किया ? उन्होंने मार्गरेट अल्वा की जगह किसी मुसलिम उम्मीदवार की तलाश क्यों नहीं की ? क्या विपक्षी दलों को भी भाजपा की तरह मुसलमानों की ज़रूरत नहीं बची है ? उन्हें भी क्या सिर्फ़ हिंदू वोट चाहिए ? इन्हीं विपक्षी दलों ने अगस्त 2007 से 2017 तक दो कार्यकालों के लिए मोहम्मद हामिद अंसारी को उपराष्ट्रपति बनवाया था।उनके पहले 2002 से 2007 तक एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति चुने गए थे।तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे।पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों तक ममता को पश्चिम बंगाल के सत्ताईस प्रतिशत मुसलिमों की सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी।भाजपा ने ममता को हराने के लिए राज्य के मतदाताओं को सत्तर-सत्ताईस में विभाजित कर दिया था।मुसलिम मतदाताओं ने तब भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस-माकपा -(मुसलिम संगठन)इंडियन सेकुलर फ्रंट के गठबंधन को नकार ममता को बिना शर्त समर्थन दिया था।

अब मुसलिम मतदाताओं की नाराज़गी की परवाह न करते हुए हुए ममता की पार्टी ने घोषणा कर दी है कि उसके सांसद और विधायक उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से अनुपस्थित रहेंगे। यानी तृणमूल कांग्रेस विपक्ष के बजाय भाजपा के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करेगी

**इस सवाल के जवाब में कि क्या भाजपा को अल्पसंख्यकों की ज़रूरत नहीं है, नीतीश सरकार में भाजपा के (देश भर में) इकलौते मुसलिम कैबिनेट मंत्री शाहनवाज़ हुसैन का एक अख़बार को कहना था कि :''हम कभी धर्म-जमात नहीं देखते।हमारे नेता नरेंद्र मोदी की नज़र 130 करोड़ हिंदुस्तानी देखती है।एक मुल्क,एक नज़र।'' क्या सारे मुसलमान ऐसा ही सोच रखते हैं ?**

(मार्गरेट अल्वा ने ममता के निर्णय की आलोचना करते हुए उनसे पुनर्विचार की अपील की है ।) देश को जानकारी है कि प.बंगाल में राज्यपाल-पद पर कार्यकाल के दौरान धनखड़ और ममता के बीच सम्बंध कितने तनावपूर्ण हो गए थे।संवैधानिक अधिकारों को लेकर दोनों में तनाव इतना बढ़ गया था कि ममता ने राज्यपाल के स्थान पर स्वयं को समस्त विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति नियुक्त कर लिया था।आश्चर्यजनक रूप से पिछले दिनों दार्जिलिंग में धनखड़ और असम के भाजपा मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वास सरमा के साथ हुई बैठक के बाद ममता का एकाएक हृदय परिवर्तन हो गया और फिर पूरे विपक्ष को चौंकाते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से अनुपस्थित रहने का फ़ैसला सुना दिया। दार्जीलिंग बैठक क्यों हुई और उसमें क्या हुआ उसके बारे में ममता ने देश को कोई जानकारी नहीं दी। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के विद्रोही गुट ने जब यह आरोप लगाया कि शिव सेना ने बाला साहब के हिंदुत्व को छोड़ दिया है तो असंतुष्टों को मनाने के लिए उद्धव ने यह तर्क नहीं दिया कि उनकी पार्टी अब धर्मनिरपेक्ष हो गई है। उद्धव ने बहुसंख्यकवाद का कार्ड ही खेला कि शिव सेना ने अपनी कट्टर हिंदुत्व की विचारधारा को न तो छोड़ा है और न छोड़ेगी। शिव सेना के विद्रोही सांसदों के दबाव में उद्धव विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के ख़िलाफ़ भाजपा का साथ देने को भी तैयार हो गए।एमवीए गठबंधन में शामिल कांग्रेस और एनसीपी ने भी उद्धव के कदम का विरोध नहीं किया।कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल यही प्रचार करते रहे हैं कि अल्पसंख्यकों की विरोधी तो सिर्फ़ भाजपा है ,बाक़ी पार्टियाँ तो धर्मनिरपेक्षता में यक़ीन करतीं हैं।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के ख़िलाफ़ शाहीनबाग में चले लम्बे महिला आंदोलन तथा दिल्ली दंगों के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की भूमिका में उनकी धर्मनिरपेक्षता की पोल भी खुल गई।

सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर चुनावों को लेकर चला हाल का घटनाक्रम अगर कोई संकेत है तो अल्पसंख्यकों के लिए ज़्यादा बड़ा ख़तरा भाजपा की साम्प्रदायिकता के बजाय विपक्षी दलों की नक़ली धर्मनिरपेक्षता बन गई है। विपक्षी दल भी अपने अस्तित्व के लिए अब भाजपा की तरह ही बहुसंख्यकवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। सवाल यह है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में प.बंगाल के तीन-साढ़े तीन करोड़ मुसलमान भी अगर यह तय कर लेते हैं कि वे मतदान से अनुपस्थित रहेंगे तो फिर ममता और उनके उत्तराधिकारी भतीजे अभिषेक की राजनीति का क्या भविष्य क्या बनेगा ? सोचने के लिए सवाल यह भी है कि भाजपा अगर धनखड़ की जगह आरिफ़ मोहम्मद खान या नकवी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना देती तो उस स्थिति में विपक्ष क्या करता ? दूसरी ओर, विपक्षी दल अगर अल्वा के स्थान पर किसी मुसलिम को खड़ा कर देते तब भी क्या ममता एनडीए की मदद के लिए मतदान से अनुपस्थित रहने का फ़ैसला करतीं ?

राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति पद के चुनावों ने मुसलिमों को लेकर भाजपा और विपक्ष दोनों की हक़ीक़त उजागर कर दी है।गेंद अब मुसलिमों के पाले में है।तय उन्हें करना है कि वे अब अपना संरक्षण किस दल में तलाश करेंगे।

इस सवाल के जवाब में कि क्या भाजपा को अल्पसंख्यकों की ज़रूरत नहीं है, नीतीश सरकार में भाजपा के (देश भर में) इकलौते मुसलिम कैबिनेट मंत्री शाहनवाज़ हुसैन का एक अख़बार को कहना था कि :''हम कभी धर्म-जमात नहीं देखते।

हमारे नेता नरेंद्र मोदी की नज़र 130 करोड़ हिंदुस्तानी देखती है।एक मुल्क,एक नज़र।'' क्या सारे मुसलमान ऐसा ही सोच रखते हैं ?

http://shravangarg1717.blogspot.com

## मंकीपाक्स का बढ़ता खतरा

आखिर में वही हुआ जिसका डर था। देश में तेजी से पैर पसार रहे मंकीपाक्स ने एक मरीज की जान ले ली। इसके बाद से देश भर में चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। मामला भले ही सुदूर दक्षिण केरल का हो, लेकिन जिस तरह से इसने दूसरे राज्यों में भी पैर पसारना शुरू किया है वह बेहद चिंताजनक है। अब तो इस बात का खतरा लगातार बढ़ने लगा है कि कहीं न कहीं दबे पांव यह बीमारी विकराल रूप धारण करने जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसकी चेतावनी जारी कर दी है। बता दें कि मंकी पाक्स का पहला मरीज केरल में ही मिला था। इसके बाद तीन मरीज और बढ़ गए। फिर एक मामला देश की राजधानी दिल्ली में आया। इसके बाद कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी संदिग्ध मरीज मिले। सोमवार को उत्तर प्रदेश में भी एक संदिग्ध मरीज मिलने की आशंका है। यदि इसी तरह रोज मामले बढ़ते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब यह भी कोरोना जैसा कहर न बरपाने लगे। हालांकि हालात की गंभीरता को देखते हुए केंद्र से लेकर राज्य सरकारों तक ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, लेकिन केरल का मामला यह सबक देने के लिए काफी है कि कहीं न कहीं ऐसी लापरवाही हुई है जिससे मंकीपाक्स ने पीड़ित मरीज की जान ले ली। बताया जा रहा है कि मंकीपाक्स से पीड़ित व्यक्ति संयुक्त अरब अमीरात से केरल लौटा था। विमान में सवार होने से पहले उसकी जांच भी हुई थी और वहीं इसका पता भी चल गया था। फिर भी केरल पहुंचने के छह दिन बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इतने दिन उसे घर में ही रख कर भगवान भरोसे छोड दिया गया था। डाक्टरों का कहना है कि समय पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया होता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। एक ओर तो दिलासा दिलाया जा रहा है कि मंकीपाक्स कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी नहीं है और इससे डरने की जरूरत भी नहीं है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे लेकर जो हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है, उससे साफ है कि यह भी कोरोना से कम नहीं है। जरा-सी लापरवाही बड़े संकट में डाल सकती है क्योंकि अब तक अस्सी से ज्यादा देशों में इसके करीब तेईस हजार मरीज मिल चुके हैं। संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में इसके कुल मरीजों में सत्तर फीसद तो सिर्फ यूरोप में ही हैं। अब इस आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि यूरोप ही इस बीमारी का बड़ा केंद्र बन गया है। अमेरिका के न्यूयार्क शहर में भी मंकीपाक्स के मामलों में आई तेजी को देखते हुए सार्वजनिक आपातकाल घोषित कर दिया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि न्यूयार्क में डेढ़ लाख लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। बिडंबना देखिए कि दुनिया अभी पूरी तरह से कोरोना से उबर भी नहीं पाई थी कि इस दूसरे संक्रामक और गैरसंक्रामक रोगों का बढ़ गया है। जाहिर है इससे रहन-सहन व इलाज में और भी जटिलताएं पैदा होंगी। यह भी छिपी बात नहीं है कि कोरोना को भी पहले हल्के में लिया गया लेकिन बाद से जब उसने विकराल महामारी का रूप लिया तो दुनिया में तबाही आ गई। तब भी चीन से संक्रमित मरीजों के केरल पहुंचने की बात सामने आने लगी थी, उसके बाद भी हवाई अड्डों पर गहन जांच और निगरानी का इंतजाम नहीं किया गया था। दूसरे देशों से लोग अनवरत आते रहे और संक्रमण साथ लाते रहे। जो लोग जांच कराने से परहेज करना चाहते थे उनके आसानी से बच निकलने के रास्ते भी दिए गए। सरकार और नागरिकों के स्तर पर ऐसी घोर लापरवाही का नतीजा आखिर में पूरे देश को भुगतना पड़ा। जांच तो अब इस बात की होनी चाहिए कि जब मंकीपाक्स से पीड़ित व्यक्ति केरल पहुंच गया था, तो क्यों नहीं उसे हवाईअड्डे से ही सीधे अस्पताल भेजा गया। इससे तो लग रहा है कि जांच और निगरानी के नाम पर केरल सरकार और हवाई अड्डा प्रबंधन आंखें मूंदे बैठी रही। यदि अब भी ऐसी ही लापरवाही बरती जाती रही तो एक बार फिर देश के सामने गंभीर संकट खडा हो जाएगा।

## रहें मुबारक पीनेवाले, खुली रहे यह मधुशाला



रजनीश कपूर

सुप्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की बहुचर्चित कविता की इस पंक्ति से शायद दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रोत्साहन मिला और उन्होंने दिल्ली की आबकारी नीति में कुछ बड़े फेरबदल किए। नतीजा यह हुआ कि दिल्ली एनसीआर में शराब की क़ीमतों और बिक्री में दिल्ली अव्वल नम्बर पर आ गया। परंतु पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की आबकारी नीति के

चलते दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल में विवाद की स्थिति आ गई है। दिल्ली की शराब की दुकानों पर लागू हुई नई आबकारी नीति 31 जुलाई 2022 को समाप्त होनी थी। इसके बाद इस नई नीति को दोबारा लागू किया जाता उससे पहले ही ये नीति विवादित हो गई। अगर केजरीवाल सरकार की मानें तो 2021-22 में लागू की गई इस नीति के तहत सभी सरकारी दुकानों को बन्द कर प्राइवेट दुकानों को नीलामी की प्रक्रिया के तहत आवंटित करना तय हुआ। दिल्ली सरकार का दावा था इस नई नीति से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और आबकारी विभाग का ख़ज़ाना भी बढ़ेगा। नई नीति के तहत दिल्ली में 850 से ज़्यादा शराब की दुकानें नहीं खुलनी थीं। पुरानी व्यवस्था में इन्हीं 850

दुकानों से सरकार को करीब 6 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिलता था। नई नीति के तहत इन्हीं 850 दुकानों के निजी क्षेत्र में जाने से सरकार का राजस्व डेढ़ गुना बढ़ कर 9.30 हज़ार करोड़ हो जाता।

जब से यह सियासी विवाद उठा तो दिल्ली सरकार इस नीति को लेकर बैकफुट पर दिखाई देने लगी। इसके पीछे कारण दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा नई आबकारी नीति के कार्यान्वयन की सीबीआई जांच की सिफारिश है। दिल्ली सरकार पर आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी के

चलते शराब की दुकानों के टेंडर दिए गए हैं। उपराज्यपाल की सिफ़ारिश के बाद आनन-फ़ानन में दिल्ली सरकारने ने अब पुरानी व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। फ़िलहाल यह पुरानी व्यवस्था 6

महीने के लिए ही लागू की जाएगी। इन 6 महीनों में दिल्ली सरकार एक नई नीति लाने की योजना बनाएगी। इसका मतलब यह हुआ कि दिल्ली सरकार ने जैसा अनुमान लगाया था वैसा नहीं हुआ।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब केजरीवाल द्वारा लिए गए निर्णय विवादों में न रहे हों। विपक्ष को इन विवादों के पीछे अनुभवहीनता की झलक दिखाई देती आई है। फिर वो चाहे मुफ़्त में बिजली-पानी जैसी

मूलभूत सुविधाएँ हों या महिलाओं को बसों में मुफ़्त यात्रा हो। विपक्ष केजरीवाल को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती। केजरीवाल सरकार द्वारा लिए गए कुछ निर्णय अव्यावहारिक ज़रूर रहे हैं। लेकिन कई निर्णय

ऐसे भी हैं जिनमें कुछ विभागों में जनता की सहूलियत सालों से चले आ रहे भ्रष्टाचार पर भारी पड़ी। इनमें ज़्यादा विवाद नहीं उठे क्योंकि ज़्यादातर लोगों को इन नीतियों से लाभ ही मिला।

# राष्ट्रीय ध्वज के जनक पिंगली वैंकैया



हर्षवर्धन पाण्डे



अंग्रेजों की गुलामी से आज़ाद होने के लिए असंख्य लोगों ने अपना बलिदान दिया, उनमें से अनेक लोगों को आज हम विस्मृत कर चुके हैं। देश की आन, बान और शान तिरंगा किस तरह वजूद में आया ये भी आज शायद गिने चुने लोगों को याद होगा। तिरंगे झंडे का जब भी जिक्र आएगा तो पिंगली वैंकैया के नाम का नाम स्मरण किए बिना शायद वो अधूरा रहे। पिंगली वैंकैया का जन्म 2 अगस्त, 1876 को वर्तमान आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भाटलापेन्नुमारु नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम हनुमंतारायुडु और माता का नाम वेंकटरत्नम्मा था । मछलीपत्तनम से हाई स्कूल उत्तीर्ण करने के बाद वो अपने वरिष्ठ कैम्ब्रिज को पूरा करने के लिए कोलंबो चले गये। भारत लौटने पर उन्होंने एक रेलवे गार्ड के रूप में और फिर बेल्लारी में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में काम किया और बाद में वह एंग्लो वैदिक महाविद्यालय में उर्दू और जापानी भाषा का अध्ययन करने लाहौर चले गए। वेंकैया कई विषयों के ज्ञाता थे, उन्हें भूविज्ञान और कृषि क्षेत्र से विशेष लगाव था। वह हीरे की खदानों के विशेषज्ञ थे। वेंकैया ने ब्रिटिश भारतीय सेना में भी सेवा की थी और दक्षिण अफ्रीका के एंग्लो-बोअर युद्ध में भाग लिया था। यहीं यह गांधी जी के संपर्क में आये और उनकी विचारधारा से बहुत प्रभावित हुए। 1906 से 1911 तक पिंगली मुख्य रूप से कपास की फसल की विभिन्न किस्मों के तुलनात्मक अध्ययन में व्यस्त रहे और उन्होनें बॉम्वोलार्ट कंबोडिया कपास पर अपना एक अध्ययन प्रकाशित किया। वह पट्टी वैंकैया (कपास वैंकैया) के रूप में विख्यात हो गये।

1899 से 1902 के बीच उन्होनें अफ्रीका के बायर युद्ध में भाग दिया वहीं पर उनकी मुलाक़ात महात्मा गांधी जी से हुई और वे उनके विचारों से बहुत अधिक प्रभावित हुए। स्वदेश वापस लौटने पर मुंबई में गार्ड की नौकरी में लग गए। इसी बीच मद्रास में प्लेग के चलते कई लोगों की मौत हो गई इससे उनका मन बहुत अधिक व्यथित हुआ और उन्होनें वह नौकरी छोड़ दी। वहाँ से मद्रास में प्लेग रोग उन्मूलन में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हो गए। पिंगली की संस्कृत, उर्दू और हिन्दी भाषा में अच्छी पकड़ थी। इसके साथ ही वो भू विज्ञान और कृषि के भी अच्छे जानकार थे। बात 1904 की है जब जापान ने रूस को हरा दिया। इस समाचार को सुनकर वो इतना प्रभावित हो गए कि उन्होनें जापानी भाषा सीख ली ।पिंगली वेंकैय्या की संस्कृत, उर्दू व हिंदी आदि भाषाओं पर अच्छी पकड़ थी। इसके साथ ही वे भू-विज्ञान एवम कृषि के अच्छे जानकार भी थे।

1906 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कलकत्ता में हुआ जिसकी अध्यक्षता दादा भाई नौराजी ने की। इस सम्मेलन में दादाजी ने पिंगली के कार्यों की सराहना की। बाद में उन्हें राष्ट्रीय काँग्रेस का सदस्य मनोनीत कर दिया गया । काँग्रेस के इस अधिवेशन में यूनियन जैक फहराया गया जिसे देखकर पिंगली वैंकैया का मन द्रवित हो उठा। उसी दिन से वे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की संरचना में लग गए। 1916 में उन्होनें ए नेशनल फ्लैग आफ़ इंडिया नामक पुस्तक प्रकाशित की जिसमें उन्होनें राष्ट्रीय ध्वज के 30 नमूने प्रकाशित किए थे। महात्मा गांधी के खेड़ा सत्याग्रह ने पिंगली का मन बदल दिया।

उसी दौरान उन्होनें अमरीका से कंबोडिया नामक कपास के बीज का आयात किया और इस बीज को भारत के कपास के बीज के साथ अंकुरित कर भारतीय संकरित कपास का बीज तैयार किया जिसे (उनके इस शोध कार्य के लिए) बाद में वैंकैया कपास के नाम से भी जाना जाने लगा। उधर ब्रिटिश सरकार ने पिंगली वैंकैया को रायल एग्रीकल्चर सोसायटी आफ लंदन के सदस्य के रूप में मनोनीत कर उनका गौरव बढ़ाया। पाँच साल बाद भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की बैठक 1921 में विजयवाड़ा में हुई तो उसमें गांधी जी ने सभी को पिंगली के द्वारा तैयार राष्ट्रीय ध्वज के चित्रों की जानकारी दी।

इसी बैठक में गांधी जी ने पिंगली के द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय ध्वज को मान्यता दी। इस संदर्भ में महात्मा गांधी के 'यंग इंडिया ' में अपने संपादकीय में 'अवर नेशनल फ़्लैग ' शीर्षक से लिखा राष्ट्रीय ध्वज के लिए हमें बलिदान देने को तैयार रहना चाहिए। मछलीपट्टनम के आंध्र कालेज के पिंगली ने देश के झंडे के संदर्भ में एक पुस्तक भी प्रकाशित की जिसमें उन्होनें राष्ट्रीय ध्वज से संबन्धित अनेक चित्र प्रकाशित किए।

इसके बाद वह वापस मछलीपट्टनम लौट आये और 1916 से 1921 तक विभिन्न झंडों के अध्ययन में अपने आप को समर्पित कर दिया और अंत में वर्तमान भारतीय ध्वज विकसित किया। इसी बीच वहाँ पर वेंकय्या साहब क़ी मुलाकात महात्मा गाँधी जी से हो गई। वे उनके विचारों से काफी प्रभावित हुए, स्वदेश वापस लौटने पर मुंबई (तब मुंबई कों बम्बई कहा जाता था) में रेलवे में गार्ड की नौकरी में लग गए। सन 1916 में पिंगली वेंकैया ने एक ऐसे ध्वज की कल्पना की जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँध दे। उनकी इस पहल को एस.बी. बोमान जी और उमर सोमानी जी का साथ मिला और इन तीनों ने मिल कर नेशनल फ़्लैग मिशन का गठन किया। वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग के की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है। राष्ट्रीय ध्वज में रंग को लेकर तरह-तरह के वाद-विवाद चलते रहे। गांधी जी ने यंग इंडिया ' में अपने संपादकीय में आगे लिखा 'जब मैं विजयवाड़ा के दौरे में था उस दौरान पिंगली ने मुझे हरे और लाल रंगों से बने बिना चरखे वाले कई चित्र बनाकर दिये थे। हर झंडे की रूप रेखा पर उन्हें कम से कम 3 घंटे तो लगे ही थे । मैंने उन्हें एक झंडे के बीच में सफ़ेद रंग कि पट्टी डालने कि सलाह दी जिसका उद्देश्य था कि सफ़ेद रंग सत्य व अहिंसा का होता है। उन्होनें इसे तुरंत मान लिया'। इसी के बाद पिंगली द्वारा तैयार गया झंडा लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। अखिल भारतीय संस्कृत कांग्रेस ने सन1924 में ध्वज में केसरिया रंग और बीच में गदा डालने की सलाह इस तर्क के साथ दी कि यह हिंदुओं का प्रतीक है।

फिर इसी क्रम में किसी ने गेरुआ रंग डालने का विचार इस तर्क के साथ दिया कि ये हिन्दू, मुसलमान और सिख तीनों धर्म को व्यक्त करता है। काफ़ी तर्क वितर्क के बाद भी जब सब एकमत नहीं हो पाए तो सन 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को मूर्त रूप देने के लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई।

# सावधान रहें करोना की तीसरी लहर से महंगी पड़ सकती है लापरवाही



संजीव ठाकुर

भारत में विशाल जनसंख्या है उसके मद्देनजर यदि अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती गई तो कोविड-19 और को आने से रोकना कठिन हो जाएगा और संक्रमण फिर आमजन की जान लेने लगेगा। कोविड-19 का संक्रमण विदेशों में अभी भी कहर ढा रहा है।उत्तरी कोरिया, चीन, ब्रिटेन ,अमेरिका, इसराइल, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और न जाने कितने देश कोरोना संक्रमण की विभीषिका अभी भी झेल रहे हैं। भारत में भी दिल्ली ,मुंबई, कोलकाता, उत्तर प्रदेश में भी कोविड-19 का संक्रमण फैला हुआ है। अमेरिकी तथा ब्रिटिश वैज्ञानिकों के अनुसार कोविड-19 की लहर जून में फिर से आने की संभावना है अतः विशेष तौर पर भारत में सावधानी रखने की आवश्यकता है। कोविड-19 के संक्रमण ने पूरे विश्व में पिछले दो ढाई वर्षो से तहलका मचा कर रखा है। लाखों लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। करोना

संक्रमण अत्यंत खतरनाक है,वह अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। चीन में अभी भी लोगों को संक्रमित कर लोगों की जान का खतरा बना हुआ है। इसी तरह अन्य कई देशों में भी अभी भी करोना का संक्रमण बुरी तरह व्याप्त है। भारत में भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है अभी भी करोना के संक्रमित मरीज विस्तृत जांच करने पर पाए जा रहे हैं, मेहरबानी इतनी है कि इससे जान का नुकसान लगभग नगण्य हैं, पर खतरा जरूर है, हमें सावधानी जरूर रखनी होगी और कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फिर कहा है कि वे करोना वायरस के स्वरूपों के वंशानुगत नए नए रूपों पर नजर रख रहा है इन स्वरूपों के दो उप स्वरूप भी सामने आए हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली से बचकर निकलने की क्षमता के साथ उत्परिवर्तन भी होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की साप्ताहिक महामारी विज्ञान अपडेट में कहा गया है कि ओमी क्रोन का नया स्वरूप दुनिया में संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकता है। एजेंसियों के अनुसार यह स्वरूप ba2,ba3 के साथ-साथ Ba4 तथा ba5 जैसे ओमिक्रोन के चिंता जनक स्वरूपों के तहत कई अन्य स्वरूपों के रूप में सामने आ सकता है। इस नए स्वरूप में b1 ए तथा बी ए टू का मिलाजुला एक्स स्वरूप भी शामिल है, जो मानव जीवन के लिए अति खतरनाक होने की संभावना रखता है। यदि हम भीड़ में लगातार बिना मास्क पहने और पर्याप्त सामाजिक दूरी रखने और वैक्सीन लगवाने से परहेज करेंगे तो हम भी इसके संभावित शिकार हो सकते हैं।

कुछ देशों में ba4 तथा ba.5 के स्वरूपों का मिलाजुला रूप भी सामने आ रहा है क्योंकि यह बड़े म्युटेंट हैं, इससे शरीर में अनेक लक्षण लेकर आ रहा है। यह पूर्व के लक्षणों से थोड़ा अलग होकर मानव जीवन के लिए खतरा बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने तथा शोधकर्ताओं ने कहा कि सारे स्वरूप मिलजुल कर एक नया स्वरूप बनाने में सक्षम होते हैं इस पर लगातार शोध का कार्य किया जा रहा है एवं मानव जीवन को बचाने की प्रक्रिया में यह महत्वपूर्ण शोध भी शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन के साथ भारत तथा मलेशिया, अमेरिका ,ब्रिटेन ,कनाडा देशों के उपलब्ध डाटा बेस निकाल कर उसका अध्ययन जारी रखे हुये है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में भारत, चीन, बांग्लादेश, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल तथा अन्य ऐसे देशों में चेतावनी जारी की है जहां अभी भी ओमीक्रोन संक्रमण के विषाणु पूरी तरह खत्म ना होकर अभी भी जिंदा है। जिससे इसके बड़े समुदायों में फैलने की गंभीर आशंका है। लाजमी है कि भारत जैसे बड़ी जनसंख्या जहां शिक्षित अशिक्षित दोनों लोग निवास करते हैं एवं चिकित्सा सुविधा यूरोपीय देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। ज्यादा संवेदनशील देश माने जाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सार्स-सी ओ वी2 का उत्परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत जारी है। दुनिया में यह तेज गति से फैलने के कारण नए स्वरूप के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष मई तथा जून के माह में इस वैरीअंट के फैलने की संभावना बढ़ रही है।

एजेंसी के अनुसार दुनिया भर में कोविड-19 विरोधी टीमों की 11 अरब पूरा कर वितरित की गई हैं तथा लोगों को वैक्सीनेट किया गया है फिर भी गरीब देशों में कम आय वाले देशों में यह खुराक 11% ही दी गई है जो चिंताजनक है। इन कम आय वाले देशों को विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता होगी।

भारत के संदर्भ में यह विशेष बात होगी कि हमें अभी भी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करके अपने को सुरक्षित रखना होगा।

# अक्कड़-बक्कड़ और नुक्कड़

डॉ. सुरेश कुमार

हमारे घर के पास एक नुक्कड़ है। यह नुक्कड़ देश में घटती घटनाओं का जीता-जागता उदाहरण है। कभी-कभार यहीं पर लॉरी आकर ठहरती है। उसमें से कोई बंद मुट्ठी के साथ उतरता है। पुलिस वाले की खुली मुट्ठी में कुछ थमा देता है। जाते-जाते लॉरी वाला गहरा और गुणवत्तापूर्ण काला घनघोर धुआँ छोड़ जाता है। उसी धुएँ में खुली और बंद मुट्ठियाँ गायब हो जाती हैं। यहीं पर एक बत्ती है। यह लाल-पीला और हरा होने के सिवाय कुछ करता नहीं है। नुक्कड़ के मिज़ाज को देखकर बत्ती भी गिरगिट से होड़ ले रही है। कभी गिरगिट तो कभी बत्ती आगे हैं। इसी नुक्कड़ पर आए दिन नैतिक मूल्य अपनी टाँगे तुड़वाते नजर आते हैं। नकल नहीं करवाने, कड़ाई करने और प्राइवेट में ट्युशन पढ़ाने वाले अध्यापकों की पिटायी यहाँ आम बात है। फेल करने वाले अध्यापकों की आवभगत तो बड़ी तबियत से की जाती है। कोई उन्हें देख न लें इसलिए नुक्कड़ के पास देश का भविष्य ऊँचा करने वाले अपना सिर नीचा करके चलता है। इनसे तो अच्छे कुत्ते हैं। जो मिठाई वाले की दुकान पर पड़े जूठे दोने खा-खाकर इतने हृष्ट-पुष्ट हो जाते हैं कि इन्हें भगाना तो दूर इनकी ओर देखना तक पेट पर चौदह इंजेक्शन लगाने के बराबर होते है। ये कुत्ते इतने शरारती होते हैं कि बच्चों के हाथ से लड्डु, स्त्री के आंचल में छिपा नारियल, बूढ़ों का कटोरा छीनकर रफू-चक्कर हो जाते हैं। यह नुक्कड़ नंगापन का अड्डा है। भरी दुपहरी में लड़की का अपहरण हो जाता है। आए दिन बच्चों की दीपावली की तरह महजबपरस्त धमाका करते हैं।

इतना ही नहीं सुबह से लेकर रात तक भड़काऊ कागज़ के टुकड़े बांटते और जरूरत पड़ने पर अपनी भड़ास सिर तन से जुदा करके निकालते हैं। रेहड़पट्टी पर बैठने वाले कमाते कम हैं, गंवाते ज्यादा है।



# बुध का राशि परिवर्तन

## आठ राशियों के लिए रहेगा शुभ समय, 20 अगस्त तक जॉब, बिजनेस, लेन-देन और निवेश में फायदा होने के योग

1 अगस्त, सोमवार को बुध ग्रह कर्क से सिंह राशि में आ गया है। इस राशि में ये ग्रह 20 अगस्त तक रहेगा। बुध ग्रह बुद्धि, विद्या, डॉक्टर, अधिकारी वर्ग, गला, त्वचा, छाती और उत्तर दिशा का कारक ग्रह माना जाता है। अब ये ग्रह अपने मित्र ग्रह सूर्य की राशि में रहेगा। जिससे इसका शुभ प्रभाव बढ़ेगा। जिससे कई लोगों को जॉब, बिजनेस, लेन-देन और निवेश में फायदा होने की संभावना है। वहीं, 12 में से 8 राशियों के लिए अच्छा समय रहेगा।

**मेषः** नौकरी और बिजनेस में अच्छा बदलाव हो सकता है। सेहत के लिए समय अच्छा रहेगा। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। नए लोगों से मदद मिलेगी। रुका हुआ पैसा भी मिल सकता है। दोस्तों, भाइयों और साथ काम करने वालों से भी मदद मिलेगी।

**वृषः** नौकरी और बिजनेस में मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के लिए समय सामान्य रहेगा। फायदेमंद निवेश और लेन-देन हो सकता है। लेकिन लाभ देरी से और कुछ कम मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के काम की तारीफ हो सकती है। लेकिन मेहनत ज्यादा करनी होगी। दांपत्य जीवन के लिए अच्छा समय रहेगा। नया वाहन खरीदने का मन बन सकता है।

**मिथुनः** दोस्तों, भाइयों और साथ काम करने वाले लोगों से मदद मिल सकती है। मेहनत बढ़ेगी लेकिन उसका फायदा मिलेगा। किस्मत का साथ भी मिल सकता है। कारोबार बढ़ सकता है। प्रॉपर्टी संबंधी नए मामले सामने आ सकते हैं।

**कर्कः** दौड़-भाग खत्म हो सकती है। आर्थिक मामलों में फायदा होने के योग हैं। मानसिक तनाव भी खत्म हो सकता है। जॉब और बिजनेस में तरक्की के मौके मिल सकते हैं। सेहत में सुधार होगा। दूर स्थान के लोगों से मदद मिल सकती है।

सिंहः बुध के कारण महत्वाकांक्षाएं बढ़ सकती हैं। नौकरीपेशा और कारोबारी लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों के लिए समय अच्छा रहेगा। निवेश करने में किसी अनुभवी की सलाह लेने से फायदा हो सकता है।

**कन्याः** बुध के कारण फालतू खर्चा बढ़ सकता है। सोच-समझकर बोलना होगा वरना आपकी बातों का गलत मतलब निकाला जा सकता है। नौकरी और बिजनेस में संभलकर रहना होगा। आर्थिक मामलों में भी संभलकर रहना होगा। सेहत को लेकर सावधान रहना होगा।

**तुलाः** बिजनेस मे फायदे वाला समय रहेगा। आर्थिक परेशानियों में राहत मिल सकती है। अधिकारियों या बड़े लोगों से कामकाज में मदद मिल सकती है। रुके हुए सरकारी काम पूरे हो सकते हैं। अचानक धन लाभ होने के भी योग बन रहे हैं।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र के लिए अच्छा समय है। नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने के योग बन रहे हैं। शेयर-मार्केट से जुड़े लोगों को फायदा हो सकता है। मीडिया फील्ड से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छा समय है। कामकाज की तारीफ हो सकती है।

**धनुः** बुध के प्रभाव से रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत का फायदा भी होगा। नए लोगों से अच्छे संबंध बनेंगे। माता-पिता के साथ समय बीतेगा। पारिवारिक मतभेद दूर हो सकते हैं। धार्मिक यात्राओं के योग भी हैं।

**मकरः** बुध के राशि बदलने से सेहत में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। दुश्मनों के कारण परेशान हो सकते हैं। विवाद होने के योग बन रहे हैं। खर्चा और धन हानि होने की भी आशंका है। इन दिनों में कर्जा लेने से बचें।

**कुंभः** साझेदारी के काम करने वाले लोगों के लिए समय ठीक नहीं है। दांपत्य जीवन के लिए समय ठीक नहीं रहेगा। पारिवारिक मामलों में मतभेद हो सकता है। आर्थिक मामलों में संभलकर रहना होगा। संतान संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी।

**मीनः** बुध के राशि परिवर्तन से आपकी सेहत में सुधार होने के योग हैं। पुरानी परेशानियां दूर हो सकती हैं। दूर स्थान के लोगों से मदद मिलेगी। कारोबारी लोगों के लिए फायदे वाला समय है।

सोच-समझकर फैसले लेने से बड़ा फायदा हो सकता है। लेने-देन या निवेश के लिए समय अच्छा रहेगाा। प्रॉपर्टी खरीदी या बिक्री से जुड़े महत्वपूर्ण मामले सामने आ सकते हैं।

# इस नाग मंदिर को तोड़ने आया था औरंगजेब, डर के मारे हो गया था बेहोश



प्रयागराज स्थित नागवासुकि मंदिर में बहुत भीड़ लगती है। जी दरअसल इस मंदिर से जुड़ी एक मान्यता यह है कि इस मंदिर में स्थिति देव प्रतिमा के दर्शन मात्र से ही पापों का नाश हो जाता है और कालसर्प दोष के अशुभ प्रभाव से भी मुक्ति मिल जाती है। जी हाँ, कहा जाता है इस मंदिर की वास्तुकला अपने आप में बहुत अनूठी और विशेष है। जी हाँ और इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित नागवासुकि की प्रतिमा है। कहा जाता है यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां नागवासुकि भगवान की आदमकद प्रतिमा है।

इसी के साथ नागवासुकि प्रतिमा की कारीगारी भी यहाँ खूबसूरत लगती है। कहा जाता है प्रयागराज के इस प्रसिद्ध नागवासुकि मंदिर की परंपरा नासिक की गोदावरी तट पर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ से जुड़ी मानी जाती है। आप सभी को पता हो कि असम के गुवाहाटी में नवग्रह-मंदिर ब्रह्मपुत्र के उत्तर तट पर स्थित है। ठीक वैसे ही प्रयागराज में नागवासुकि मंदिर भी गंगा के तट पर स्थित है और नागवासुकि का मंदिर कालसर्प दोष शमन के लिए भी प्रसिद्ध है।

आपने देखा होगा देशभर में नागदेवता के कई प्रसिद्ध मंदिर है, लेकिन कालसर्प दोष वाली मान्यता सिर्फ इसी स्थान से जुड़ी है। कहा जाता है मुगलकाल के दौरान इस मंदिर को तोड़ने का प्रयास किया गया था लेकिन सैनिक जब इस काम में सफल नहीं हुए तो खुद औरंगजेब इस मंदिर को तोड़ने आया था। हालाँकि औरंगजेब ने जैसे ही नागवासुकी की मूर्ति पर वार किया, स्वयं नागराज दिव्य स्वरूप में प्रकट हो गए। उनके भयंकर स्वरूप को देखकर औरंगजेब कांपने लगा और डर कर बेहोश हो गया।



# लंका में हुई चौंकाने वाली घटना जिससे घबरा गई थीं मंदोदरी



जी दरअसल प्रभु श्री राम ने लंका में सुबेल पर्वत पर अपनी सेना के साथ डेरा डाल दिया था। जहां युवराज अंगद हनुमान जीप्रभु की सेवा करने लगे। दक्षिण दिशा की ओर देखने पर जब उन्हें पता लगा कि लंका की चोटी पर स्थिति महल में महफिल सजी है रावण नाच गाना देख रहा है तो, प्रभु ने चमत्कार करने का विचार किया। उसके बाद उन्होंने अपने धनुष से उस ओर साधते हुए एक बाण चलाया जिसने रावण का छत्र मुकुट मंदोदरी के कान के बाले काट दिए और बाण वापस भी आ गया। इसको लोगों ने अपशकुन मान लिया, लेकिन, अभिमानी रावण ने हंसते हुए कहा कि आप लोग भयभीत बिल्कुल भी न हों, सिरों का गिरना भी जिसके लिए शुभ होता रहा है, उसके लिए मुकुट का गिरना कैसे अपशकुन हो सकता है। वहीं लंका की महारानी मंदोदरी ने अपने पति यानी कि लंका के राजा रावण को प्रभु श्री राम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि लोभ उनके होठ हैं तो, यमराज भयानक दांत हैं। माया उनकी हंसी है चौकीदार भुजाएं हैं। अग्नि उनका मुख है वरुण जीभ है। उत्पत्ति पालन प्रलय उनकी क्रिया है। अठारह प्रकार की असंख्य वनस्पतियां उनके रोएं हैं, पर्वत हड्डियां नदियां नसों का जाल है। समुद्र पेट नरक नीचे की इंद्रियां हैं। इस प्रकार प्रभु विश्वमय हैं, मंदोदरी ने कहा उनके बारे में इससे अधिक कल्पना क्या की जाए।

वहीं बाण से जब से कान के बाले टूटकर गिरे, मंदोदरी सबसे अधिक सोच में पड़ गईं। अनहोनी की आशंका में उनकी आंखों में पानी भर आया। उन्होंने हाथ जोड़कर रावण से प्रार्थना की, हे प्राणनाथ, श्री राम का विरोध छोड़ दीजिए। उन्हें मनुष्य मानकर मन में जिद्द न पकड़े रहिए। मेरी इस बात पर विश्वास कीजिए कि रघुकुल शिरोमणि श्री राम चंद्र विश्वरूप हैं। उनके अंग-अंग में वेद विभिन्न लोकों की कल्पना करते हैं। पाताल उनके चरण हैं ब्रह्मलोक उनका सिर है। बीच के सभी लोकों का विश्राम उनके अंग-अंग में है। सूर्य उनके नेत्र हैं बादलों के समूह उनके बाल हैं। उनकी भौहों का चलना ही काल है। अश्वनी कुमार उनकी नाक के समान हैं उनकी पलक के खुलने बंद करने से रात दिन होते हैं। वेद कहते हैं कि दसों दिशाएं उनके कान हैं। वायु उनकी श्वांस है वेद तो उनकी वाणी में बसते हैं।

# किसने बनाया था सबसे पहले पार्थिव शिवलिंग?





हिंदू धर्म में सावन का महीना बहुत अहम माना जाता है। इस महीने को एक तरह से त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। जी हाँ और इस महीने में भोलेनाथ के भक्त उनकी भक्ति में डूबे रहते हैं। आप सभी को बता दें कि सावन मास भगवान भोलेनाथ को अति प्रिय है और इसी वजह से भोलेनाथ के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए सावन के महीने में पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ उनकी आराधना करते हैं। कहा जाता है सावन के माह में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। वहीं शिव महापुराण में बताया गया है कि सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से भय नाश होता है। इसी के साथ ही धन-धान्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। अब हम आपको बताते हैं पार्थिव शिवलिंग का महत्व।

**किसने बनाया सबसे पहले पार्थिव शिवलिंग?-** जी दरअसल हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करना बहुत लाभकारी माना जाता है। कहते हैं इसकी शुरुआत कलयुग के प्रारंभ में कुष्मांड ऋषि के पुत्र मंडप ने की थी। उन्होंने पूरे सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करना शुरू किया। तब से लगातार भोलेनाथ के भक्त सावन के माह में पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते आ रहे हैं। वहीं धर्म शास्त्रों के मुताबिक शिवलिंग की पूजा करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। इसी के साथ धर्म शास्त्रों में भगवान शिव को कल्याणकारी देवता के रूप में पूजा जाता है। जी दरअसल ऐसा माना गया है कि पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना करने से हर प्रकार की समस्या खत्म होती है।

इसी के साथ शिव पुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग के पूजन से सभी दुखों को दूर किया जा सकता है। साथ ही व्यक्ति की मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। कहा जाता है धर्म शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए किसी पवित्र नदी या तालाब की मिट्टी का इस्तेमाल करना चाहिए और इस मिट्टी को चंदन और फूलों से पूजा करके इसमें दूध मिलाकर शिव मंत्र बोलते हुए शिवलिंग बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। ध्यान रहे इस शिवलिंग को बनाते समय व्यक्ति का मुंह हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर ही रहना चाहिए।

# रक्षा बंधन पर भाई-बहन लें ये संकल्प, मजबूत होगा रिश्ता



भाई-बहन का रिश्ता दुनिया में सबसे खूबसूरत और प्यारा रिश्ता होता है, इसलिए भाई- बहन का रिश्ता अनमोल माना जात है. इस खूबसूरत रिश्ते में तकरार भी होती है और भरपूर प्यार भी. भाई-बहन एक दूसरे के दोस्त भी होते हैं और कभी-कभी अभिभावक भी बन जाते हैं. रक्षाबंधन का त्योहार इसी खूबसूरत रिश्ते का प्रतीक माना जाता है. इस बार रक्षाबंधन का पर्व गुरुवार 11 अगस्त 2022 को मनाया जाएगा. इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं. लेकिन रक्षाबंधन पर इस साल राखी बांधने और बंधवाने के साथ ही भाई-बहन दोनों को कुछ बातों का संकल्प जरूर लेना चाहिए. इससे दोनों के रिश्ते में प्यार बढ़ेगा और रिश्ता मजबूत होगा. दिल्ली के आचार्य गुरमीत सिंह जी से जानते हैं रक्षाबंधन त्योहार पर भाई-बहन को किन बातों का लेना चाहिए संकल्प.


रक्षा के संकल्प का पर्व है रक्षाबंधन
रक्षाबंधन का पर्व रक्षा के संकल्प का पर्व है, जिसमें भाई बहन से राखी बंधवाते समय उसकी रक्षा करने का संकल्प लेता है. लेकिन सिर्फ भाई को ही नहीं, बल्कि बहन को भी भाई की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए. उसे भी भाई के लिए कठिन समय में उसकी रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए.

**रक्षाबंधन पर भाई-बहन रखें उपवास**

रक्षाबंधन के दिन बहनें तब तक उपवास रहती हैं, जब तक कि वो अपने भाई की कलाई पर राखी नहीं बांध लेतीं, इसलिए भाई को भी तब तक उपवास रहना चाहिए जब तक कि वे बहन से राखी न बंधवा लें. इसके बाद भाई-बहन दोनों एक साथ बैठकर खाना खाएं.

**मुश्किल घड़ी में बने एक-दूसरे के साथी**

भाई-बहन इस साल रक्षाबंधन पर इस बात का संकल्प लें कि वे आजीवन मुश्किल परिस्थिति में एक दूसरे का साथ निभाएंगे और सुख-दुख के समय में भी एक दूसरे का सराहा बनेंगे. इससे भाई बहन का रिश्ता मजबूत होता है.



# रात को शिव मंदिर में करें यह काम अगली सुबह होगा बड़ा चमत्कार






कहते हैं भगवान शिव का प्रिय सावन का महीना होता है जो इस समय चल रहा है। यह 11 अगस्त तक रहेगा। वहीं इस दौरान शिवजी की पूजा और उपाय करने से हर मनोकामना पूरी हो सकती है। केवल यही नहीं बल्कि धर्म ग्रंथों में एक उपाय ऐसा भी बताया गया है जो रात के समय करने से शिवजी प्रसन्न हो जाते हैं और घर में धन के भंडार खुल जाते हैं। हम आपको वही उपाय बताने जा रहे हैं।

उपाय- अगर आप धन पाना चाहते हैं तो सावन में रोज या सोमवार की रात किसी ऐसे शिव मंदिर में जाएं जो किसी सुनसान स्थान पर स्थित हो और जहां कम ही लोग पूजा करने जाते हों। यहाँ रात को जाकर पहले मंदिर की सफाई करें और इसके बाद शिवजी के सामने गाय के शुद्ध घी की दीपक लगाएं। वहीं उसके बाद कुछ देर वहां बैठकर ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। अब अपनी मनोकामना बोलकर चले आएं। जी दरअसल धर्म ग्रंथों के अनुसार, ऐसा करने से गरीब से गरीब इंसान भी मालामाल बन सकता है।

ये है इस उपाय से जुड़ी कथा - पौराणिक कथाओं के अनुसार, किसी समय गुणनिधि नामक एक गरीब व्यक्ति किसी गांव में रहा करता था। गुणनिधि इतना निर्धन था कि उसे भोजन भी ठीक से नहीं मिल पाता था। एक दिन वह भोजन की तलाश में एक शिव मंदिर में पहुंच गया। कुछ देर बाद रात हो गई तो गुणनिधि ने सोचा कि इसी मंदिर में विश्राम कर लेना चाहिए। रात को अत्यधिक अंधेरा होने के कारण गुणनिधि ने मंदिर में ही अपनी कमीज जला दी। रात के समय भगवान शिवलिंग के पास प्रकाश करने के फल स्वरूप उसे अपने जन्म में देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव का पद प्राप्त हुआ।

# फ्लॉप होने के बाद कई स्टार्स अपनी फीस में बदलाव करते हैं : आलिया

**बॉलीवुड अभिनेत्री** आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डार्लिंग्स' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 5 अगस्त 2022 को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होने वाली है। हाल ही में मीडिया हाउस से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अपनी फिल्म, करियर और पर बात की। इसके साथ अभिनेत्री ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हिंदी फिल्मों की हालत पर भी चर्चा की।

बातचीत के दौरान जब अभिनेत्री से पूछा गया कि वर्तमान समय में स्टार होने का अर्थ क्या है? तो आलिया ने कहा, किसी भी व्यक्ति को क्या चीज स्टार बनाती है? यह प्यार है, लेकिन कुछ ऐसे स्टार्स भी हैं जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन करती हैं। लेकिन यह अब अच्छे कंटेंट के बिना नहीं हो सकता। कंटेंट ही है जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचता है। इसलिए, स्टारडम उस कंटेंट से आता है जो आप लोगों को देते हैं।"



अभिनेत्री ने यह भी बताया कि अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो जाती है तो स्टार्स को क्या मिलता है? मैं मानती हूं कि फिल्म के बजट के अनुसार स्टार्स को अपनी फीस तय करनी चाहिए। लेकिन फिर, मैं किसी को यह ज्ञान नहीं दे सकती कि उन्हें कितना चार्ज करना चाहिए, क्योंकि मैं तो छोटी हूं। लेकिन यदि कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित होती तो कई बार एक्टर्स अपनी फीस में बदलाव करते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां फिल्मों के खराब प्रदर्शन के बाद अभिनेताओं ने बची हुई फीस लेने से इनकार कर दिया या फीस वापस कर दी है।

आलिया जल्द ही डार्क कॉमेडी फिल्म 'डार्लिंग्स' में नजर आएंगी। जसमीत के. रीन द्वारा निर्देशित, यह फिल्म एक पत्नी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने ही पति का अपहरण कर लेती है ताकि उसके साथ हुए दुर्व्यवहार का बदला लिया जा सके। इस काम में उसकी मां और बच्ची भी मदद करती है। फिल्म में शेफाली शाह और विजय वर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह निर्माता के रूप में आलिया की पहली फिल्म भी है।

# रश्मिका की इंगेजमेंट टूटने के बाद करीब आए थे विजय देवरकोंडा

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना इन दिनों सुर्खियों में हैं। दरअसल, जब से विजय ने अपनी फिल्म 'लाइगर' के प्रमोशन के दौरान रश्मिका की तारीफ की है, तब से ही सोशल मीडिया पर लोग उनके डेट करने के कयास लगाने लगे हैं। अब हाल ही में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका की इंगेजमेंट टूटने के बाद दोनों ने कुछ समय तक के लिए एक-दूसरे को डेट किया था, लेकिन दो साल पहले ही उनका रिलेशनशिप खत्म हो गया। ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ एक्टर रक्षित शेट्टी के साथ रश्मिका की इंगेजमेंट टूटने के कुछ वक्त बाद से दोनों एक दूसरे को डेट करने लग गए थे। उस दौरान दोनों ने गीता गोविंदम (2018) और डिअर कामरेड (2019) जैसी कई फिल्में साथ में की थीं। फिल्मों की शूटिंग के दौरान ही दोनों एक-दूसरे के करीब आए थे।



**दो साल**

### पहले दोनों अलग हो गए

रिपोर्ट्स में आगे खुलासा किया, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों लगभग दो साल पहले अलग हो गए। हालांकि, दोनों के ब्रेकअप की वजह सामने नहीं आई। उसके बाद से रश्मिका सिंगल हैं। रश्मिका और विजय अब एक-दूसरे से प्यार नहीं करते हैं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनके बीच में कोई रोमांटिक केमिस्ट्री नहीं है। जो भी था सब पास्ट में ही खत्म हो गया। विजय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था, 'रश्मिका इज अ डार्लिंग।' एक दिन पहले विजय ने रश्मिका को प्यारी और खूबसूरत कहा था। जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर लोग उनके रिलेशनशिप के कयास लगाने लगे। रश्मिका और रक्षित को फिल्म 'किरिक पार्टी' की शूटिंग के दौरान प्यार हुआ था। इसके बाद उन्होंने 2017 में सगाई कर ली थी। कुछ समय बाद ही दोनों की इंगेजमेंट टूट गई।

# सलमान व शाहरुख के अपोजिट काम करना थोड़ा अजीब लगेगा : जान्हवी कपूर





जान्हवी कपूर ने हाल ही में शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ काम करने को लेकर रिएक्ट किया है। दरअसल, एक इंटरव्यू में जान्हवी से सवाल किया गया कि क्या वो इन तीनों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना पसंद करेंगी। इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि उनके लिए यह थोड़ा अजीब होगा।

जान्हवी ने एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में सलमान, शाहरुख और आमिर खान के साथ काम करने को लेकर कहा, वो लोग इतने बड़े स्टार्स हैं और सब उनके साथ काम करना चाहते हैं। मैं उनके अपोजिट काम करूंगी तो थोड़ा अजीब होगा। लेकिन मुझे उनके साथ काम करना अच्छा लगेगा।

जान्हवी को एक मेल सुपरस्टार का नाम पूछा गया, जिसके साथ वह ऑनस्क्रीन अच्छी दिखेगीं। एक्ट्रेस ने जवाब में रणबीर कपूर और वरुण धवन का नाम बताया। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि वो आलिया से काफी इंस्पायर हैं। जान्हवी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'गुड लक जेरी' की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। यह फिल्म 2018 में आई तमिल फिल्म 'कोलामावु कोकिला' का हिंदी रीमेक है। जान्हवी के अलावा इस फिल्म में दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह लीड रोल में हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ सेन ने डायरेक्ट किया है। जान्हवी कपूर, राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आएंगी। इसके अलावा जान्हवी के पास सन्नी कौशल के साथ मलयालम फिल्म का हिंदी रीमेक 'मिली' भी है। इस फिल्म में एक्ट्रेस पहली बार अपने पिता बोनी कपूर के साथ काम करेंगी, क्योंकि मिली को बोनी प्रोड्यूस कर रहे हैं। जान्हवी, वरुण धवन के साथ 'बवाल' में भी दिखेंगी। यह फिल्म 7 अप्रैल 2023 को रिलीज होगी।

# मां का किरदार निभाने पर मोना सिंह पर उठे सवाल



मोना सिंह को 'लाल सिंह चड्ढा' में आमिर खान की मां का रोल प्ले करने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में आमिर ने फिल्म में मोना के कैरेक्टर को लेकर रिएक्ट किया है। एक्टर ने मोना की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म में मां का रोल बखूबी निभाया है। साथ ही आमिर ने कहा कि मोना की उम्र को लेकर उनके किरदार पर सवाल करना गलत होगा। दरअसल, 40 साल की मोना फिल्म में 57 साल के आमिर की मां का रोल प्ले कर रही हैं।

आमिर ने रिपोर्टर्स से सवाल करते हुए कहा, मैं आप लोगों से एक सवाल करना चाहता हूं कि एक एक्टर के तौर पर अगर मैं 103 साल का लग रहा हूं, जोकि मुझे फिल्म में इतनी उम्र का दिखना है, रोल प्ले करने के लिए मेरी उम्र इनएप्रोप्रिएट क्यों है? सिर्फ इसलिए कि मैं 57 साल का हूं। इसके बात का क्या लॉजिक है? एक्टर के लिए एज स्पेसिफिक क्या होता है? एक्टर का तो ये कमाल होता है कि कैरेक्टर के लिए उसी के हिसाब से दिखना, चाहे उसकी उम्र कितनी भी हो।

आमिर ने आगे कहा, ये तो मोना सिंह का कमाल है। जब आप देखोगे तो आपको लगेगा कि बड़ी यंग लग रही है। फिर आपको लगेगा कि ये तो बड़ी ओल्ड भी दिख रही है। आप उसका कमाल छीन रहे हैं उससे। बहुत गलत कर रहे हो, अगर मैं मोना होता तो मैं डिस्टर्ब हो जाता।

फिल्म में आमिर खान, 'लाल सिंह चड्ढा' के रोल में नजर आएंगे, वहीं मोना सिंह उनकी मां मिसेज चड्ढा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म अकेडमी अवॉर्ड विनिंग 1994 की फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का रीमेक है। इस फिल्म में टॉम हैंक्स ने लीड रोल प्ले किया था।

अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर और मोना के अलावा फिल्म में करीना कपूर खान और नागा चैतन्य भी लीड रोल में हैं। नागा इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' को आमिर खान प्रोडक्शन और वायाकॉम 18 ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# ब्रेकअप के बाद फिर साथ नजर आए राकेश-शमिता



राकेश बापट और शमिता शेट्टी पिछले काफी समय से अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दोनों को फैंस साथ में देखना काफी पसंद करते थे और प्यार से उन्हें 'शारा' बुलाते थे। लेकिन अब दोनों अलग हो चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दी थी। इसी बीच अब राकेश और शमिता का पहला गाना रिलीज होने वाला है, जिसको लेकर फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं।

शमिता शेट्टी और राकेश बापट दोनों ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने 'तेरे विच रब दिसदा' का टीजर शेयर किया है। यह गाना 5 अगस्त को रिलीज होने वाला है। टीजर शेयर करते हुए शमिता और राकेश ने लिखा, 'हम आपके दिलों पर कब्जा करने के लिए आ रहे हैं।' टीजर में दोनों की केमिस्ट्री काफी बढ़िया लग रही है, जिसे फैंस भी काफी पसंद कर रहे हैं।

म्यूजिक वीडियो के टीजर पर फैंस भी कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, 'OMG अब वीडियो का इंतजार है', तो दूसरे ने लिखा, 'आप दोनों साथ में बहुत प्यारे लग रहे हैं।' वहीं, एक अन्य ने लिखा, 'लव इज इन द एयर', तो दूसरे ने लिखा, 'आप लोगों की केमिस्ट्री बहुत ही शानदार लग रही है।' कुछ लोग हार्ट और फायर इमेजी भी कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि शमिता शेट्टी और राकेश बापट की मुलाकात 'बिग बॉस ओटीटी' में हुई थीं। शो से बाहर आने के बाद दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे थे। वहीं, अब कुछ दिनों पहले ही उन्होंने अपने अलग होने की जानकारी दी है। दोनों के ब्रेकअप की वजह सामने नहीं आई है। वहीं, दोनों ने फैंस से उन्हें एक व्यक्तिगत तौर पर उन्हें और म्यूजिक वीडियो को भी प्यार देने की अपील की थी।


# 35 साल बाद तेलुगू फिल्म में काम करेंगे अनुपम खेर, रवि तेजा के साथ मिलकर मचाएंगे धमाल





बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी 528वीं फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक तेलुगू फिल्म है, जिसमें अनुपम खेर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। 'द कश्मीर फाइल्स' के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित 'टाइगर नागेश्वर राव' तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। बता दें कि अनुपम खेर 35 साल बाद तेलुगू फिल्म में काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 1987 में आई 'त्रिमुर्तुलु' में डॉन का किरदार निभाया था। फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' से अनुपम खेर का लुक भी सामने आ गया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'मेरी 528वीं फिल्म तेलुगू में है जिसके हर डिपार्टमेंट में बहुत टैलेंट है!' बता दें कि अनुपम पहले इस फिल्म से रवि तेजा का लुक भी सामने आ चुका है। 'टाइगर नागेश्वर राव' एक बायोपिक है, जो कुख्यात चोर पर आधारित है। इस फिल्म को 70 के दशक में सेट किया गया है। इस शूटिंग स्टुअर्टपुरम नामक गांव में होगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस फिल्म में अभिनेता रवि तेजा की बॉडी लैंग्वेज, डिक्शन और गेटअप पूरी तरह से अलग होने वाला है। यह अभिनेता का पहले कभी नहीं देखा गया अवतार होने वाला है। इस फिल्म में अनुपम खेर और रवि तेजा के अलावा नूपुर सेनन और गायत्री भारद्वाज मुख्य भूमिका में हैं। अनुपम खेर की आगामी फिल्म्स की बात करें तो अभिनेता जल्द ही 'ऊंचाई', 'द सिग्नेचर', 'कार्तिकेय 2', 'शिव शास्त्री बलबोआ', 'मुंजीलाल रॉक्स' और 'कनेक्ट' में नजर आने वाले हैं। बता दें कि अनुपम खेर भले ही बॉलीवुड एक्टर हैं कि वह मलयालम, हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में बन रही कई फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# ईशा गुप्ता ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो, फैंस हुए इम्प्रेस



ईशा गुप्ता अपनी फिटनेस का काफी ध्यान रखती हैं। हाल ही में ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईशा जिम में बॉडी स्ट्रेचिंग करती हुए दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा उनके जिम पार्टनर उनके ऊपर से बैक फ्लिप का खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर ईशा गुप्ता का ये वर्कआउट वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

# प्रेग्नेंसी की खबरों के बीच कटरीना ने कराया फोटोशूट, स्टनिंग लुक में दिखीं



बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ हाल ही में विक्की कौशल के साथ वेकेशन मनाकर मालदीव से लौटी हैं। अब कटरीना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया हैं। इस वीडियो में कटरीना ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप्ड थाई स्लिट ड्रेस में ग्लैमरस फोटोशूट कराती हुई नजर आईं। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा - 'थोड़ा सा पोज और थोड़ा सा हेयर फ्लिक।' एक्ट्रेस ने जैसे ही इस वीडियो को शेयर किया तो फैंस उनके इस वीडियो पर कमेंट कर उनके लुक की तारीफ करने लगे। बता दें, एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी को लेकर खबरें आ रही थी। हालांकि इस पर अभी तक ना तो कैटरीना और ना ही विक्की कौशल ने कोई बयान दिया है।

# नए प्रोमो में करीना कपूर ने की आमिर खान की खिंचाई, फैशन सेंस का उड़ाया मजाक





करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण का नया एपिसोड आने वाला है। करण ने इंस्टाग्राम पर इसका प्रोमो वीडियो शेयर किया है। इस एपिसोड में लाल सिंह चड्ढा की स्टार कास्ट, करीना कपूर खान और आमिर खान शिरकत कर रहे हैं। शो में करीना आमिर की जमकर खिंचाई करती हुई नजर आएंगी। शो में करीना आमिर से कहती हैं कि अक्षय कुमार 30 दिन में अपनी फिल्म की शूटिंग खत्म कर लेते हैं और आप 100 से 200 दिन में एक फिल्म खत्म करते हैं। वहीं, आमिर खान ने अपने फैशन सेंस पर जब सवाल किया तो करीना ने उस पर उन्हें माइनेस दिया। वहीं, करीना के इन जवाबों को सुनकर आमिर ने ही कह दिया की मेरी कितनी बेइज्जती हो रही है।

# नए सितारों व फिल्म मेकर्स को रोहित शेट्टी की सलाह, कहा- मल्टीस्टारर फिल्में करो



हिंदी सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर रोहित शेट्टी बॉलीवुड में बेहतरीन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वह इन दिनों अपने शो खतरों के खिलाड़ी को होस्ट कर रहे हैं। रोहित शेट्टी अपने बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों को लेकर बयान दिया है। रोहित शेट्टी का कहना है कि बॉलीवुड के नए हीरो को दो एक्टर वाली फिल्मों से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने एक इंटरव्यू को दौरान फिल्ममेकर्स को भी नसीहत दी है।

रोहित शेट्टी का कहना है कि बॉलीवुड के नए कलाकारों को दो नायकों वाली फिल्में करने से बिल्कुल भी डरना नहीं चाहिए। उनको अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आकर ऐसी फिल्में करनी चाहिए। रोहित शेट्टी ने आगे कहा कि नए कलाकारों को ऐसा बिल्कुल नहीं सोचना चाहिए कि दूसरे हीरो की वजह से उनके रोल को नुकसान होगा। ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बल्कि इससे आपको कुछ सीखने को मिलेगा।

रोहित शेट्टी ने फिल्म मेकर्स को नसीहत देते हुए कहा कि फिल्म मेकर्स को ऐसी फिल्में बनानी चाहिए, नहीं तो आने वाले समय में निर्माताओं के लिए फिल्में बनाना मुश्किल हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि रोहित शेट्टी खुद मल्टीस्टारर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। रोहित शेट्टी की गोलमाल, सूर्यवंशी में एक से ज्यादा हीरो देखे जा सकते हैं और ये फिल्में हिट भी हुई हैं। यही वजह है कि रोहित शेट्टी चाहते हैं कि बाकी फिल्म मेकर्स भी ऐसा करें। बता दें कि हाल ही में रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म सिंघम की तीसरी सीरीज को लेकर घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि सिंघम 3 की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू हो सकती है।

# धूम-4 में अक्षय कुमार निगेटिव लीड रोल में नजर आएंगे, अभिषेक बच्चन हो सकते हैं बाहर



यशराज फिल्म्स की हिट फ्रेंचाइजी 'धूम' के चौथे पार्ट को लेकर ट्रेड सर्किट में दोबारा चर्चाएं हो रही हैं। अगले साल इस बैनर की दो बड़ी फिल्में 'पठान' और 'टाइगर-3' रिलीज होंगी। ऐसे में यशराज फिल्म्स इन दोनों फिल्मों के बाद यानी साल 2024 की ईद पर बिगबजट फिल्म 'धूम-4' की सौगात देने की तैयारी कर रहे हैं।

फिल्म से जुड़े सूत्रों ने 'धूम-4' को लेकर कई जानकारियां शेयर की हैं। उन्होंने कहा, इस फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट को डायरेक्ट करने के लिए संजय गढ़वी को वापस बुलाया जा रहा है। तीसरा पार्ट उनके बजाय विजय कृष्ण आचार्य ने डायरेक्ट किया था। अब अगर संजय गढ़वी को ऑन बोर्ड लिया जाता है तो उनके पास इस पार्ट के लिए कई स्क्रिप्ट लिखी हुई हैं।

अभिषेक बच्चन इस सीरीज के हर पार्ट में रहें हैं। हालांकि, उनके करीबियों ने चौथे पार्ट में उनके होने पर संशय जाहिर किया है। एक करीबी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अभिषेक अपनी फिल्मों की स्क्रिप्टों के लेकर अतिरिक्त चूजी हो गए हैं। साथ ही उन्हें इस सीरीज को लेकर महसूस हुआ है कि उनके किरदार को ऑडियंस की ओर से अच्छा रिस्पांस नहीं मिल रहा है। लोगों को फिल्म के विलेन के तौर पर जॉन अब्राहम, ऋतिक रोशन और आमिर खान के किरदार याद रहें हैं। ऐसे में इस फ्रेंचाइजी के अपकमिंग पार्ट करने में उन्हें एक्साइटमेंट नहीं हो रही। संभावना है कि अभिषेक चौथे पार्ट में न रहें। उन्होंने इससे पहले 'बंटी और बबली-2 ' भी इसलिए नहीं की थी, क्योंकि उन्हें उस पार्ट की स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई थी।

### निगेटिव लीड रोल में नजर आ सकते हैं अक्षय

बहरहाल, उनके करीबियों ने फिल्म में निगेटिव लीड को लेकर प्रोडक्शन हाउस की अब तक की रणनीति के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, मेकर्स दरअसल हर बार निगेटिव लीड में इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स को कास्ट करना चाहते हैं। सिलसिला जॉन अब्राहम से शुरू हुआ था। फिर ऋतिक और आमिर आए। आगे चौथे पार्ट में बतौर निगेटिव लीड अक्षय कुमार को कास्ट करने की तैयारी है। मेकर्स ने 'पृथ्वीराज' के वक्त ही अक्षय कुमार को 'धूम-4' के लिए भी अप्रोच किया था। अक्षय कुमार ने पैंडेमिक से पहले रजनीकांत के अपोजिट निगेटिव लीड वाली फिल्म 'रोबोट 2.0' की थी। अब फिर से उनके चाहने वाले उन्हें निगेटिव लीड में देखेंगे।

सूत्र आगे बताते हैं, 'धूम-4' के आगे जो पांचवें, छठे और सातवें पार्ट बनेंगे, उनमें मेकर्स सलमान, शाहरुख, रणबीर, रणवीर, शाहिद को भी निगेटिव लीड में कास्ट करते रहेंगे। देखना दिलचस्प होगा कि उन सितारों को उनके चाहने वाले किस तरह एक्सेप्ट करेंगे। हालांकि, एक फैक्ट यह भी रहा है कि इन सभी सितारों ने करियर में निगेटिव लीड करने की चाह जाहिर की हुई है। शाहरुख तो कई बार एंटी हीरो के तौर पर भी नजर आए हैं। रणवीर सिंह ने गुंडे में निगेटिव रोल किया था।

जानकारों और अभिषेक बच्चन के करीबियों के इन दावों पर दूसरे धड़े के उलट दावे हैं। उनका कहना है, धूम-4 पर इस वक्त यशराज फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई तैयारी नहीं है। ऐसे में अभिषेक बच्चन के होने न होने के दावे कैसे किए जा रहें हैं, वह समझ से परे हैं। अभी प्रोडक्शन हाउस का पूरा ध्यान शाहरुख की 'पठान' और सलमान की 'टाइगर-3' पर है। साथ ही बिग बजट फिल्मों के मद्देनजर आदित्य चोपड़ा के जहन में स्पाई यूनिवर्स वाली फिल्म भी है। उसमें सलमान, शाहरुख और ऋतिक साथ रहेंगे। ऐसे में 'धूम-4' किस तरह फ्लोर पर जाती है, उस पर मेकर्स की तरफ से ही बयान आए तो ही भरोसा कर सकते हैं।






# अपने बारे में बच्चों को उतनी ही जानकारी दें जो जरूरी हो



**कुछ बातें ऐसी** होती हैं जिनसे बच्चों को जितना दूर रखा जाए उनके लिए उतना ही बेहतर है।

उनसे केवल वही बातें साझा करें जो उनके लिए जानना ज़रूरी हैं, अन्यथा नकारात्मक बातों का असर उनके मस्तिष्क पर तो पड़ेगा ही, साथ ही व्यवहार में भी नज़र आने लगेगा। बच्चे पढ़ने-लिखने में होशियार, बोल-चाल में चंचल और खेल-कूद में सक्रिय रहते हैं। इसके बावजूद उनमें दुनियादारी की समझ और अनुभव की कमी होती है। इसलिए बहुत-सी ऐसी बातें हैं जो उनसे छुपानी ज़रूरी होती हैं। कम से कम किशोरावस्था में पहुंचने से पहले उनसे कुछ बातें साझा करने से बचना चाहिए।

### वित्त से जुड़ी समस्याएं

घर में अगर किसी प्रकार की वित्तीय समस्या चल रही है तो इसका ज़िक्र बार-बार बच्चों के सामने न करें। इससे उनके मन पर एक अनजाना-सा बोझ आ जाएगा और तनाव भी बढ़ सकता है। ज़मीन-जायदाद के झगड़े या पैसों की तंगी के मामले को भी बच्चों के साथ साझा नहीं करना चाहिए। इससे बच्चे का ध्यान भटकेगा, घर का माहौल चिंता बढ़ाएगा, जिसका बुरा असर उसकी पढ़ाई-लिखाई पर पड़ेगा।

### रिश्तेदारों के झगड़े

बच्चों के सामने कभी भी अपने निकट संबंधियों या परिजनों के बारे में नकारात्मक बातें न करें। अगर आपकी किसी व्यक्ति से नहीं बनती है तब भी बच्चों को इससे अवगत न कराएं क्योंकि उन पर इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आप बच्चों के सामने दूसरों की जैसी छवि बनाएंगे, वे उनके बारे में वैसा ही सोचेंगे। नतीजतन आगे चलकर वे भी उन लोगों के प्रति दुर्भवना रखने लगेंगे। हो सकता है अपरिपक्व होने के कारण सबके सामने ही वे रिश्तेदारों के साथ अशिष्टता से पेश आएं या दुर्व्यवहार करने लगें या कोई कड़वी बात कह दें। इससे आपके रिश्ते तो लोगों से ख़राब होंगे ही, बच्चों की भी नकारात्मक छवि बनेगी।

### अकाउंट की पूरी जानकारी

आपके लिए बेहद ज़रूरी है कि घर में रखे आभूषण, नक़द रुपये या तमाम बैंक अकाउंट की जानकारी बच्चों को कभी न दें। एटीएम, पिन, ज़रूरी पासवर्ड भी बच्चों के सामने कभी न रखें। इससे बच्चे अनजाने में या भोलेपन में यह सब किसी और को बता सकते हैं जिससे आपकी सुरक्षा ख़तरे में पड़ सकती है। बच्चे इनसे जितना दूर रहेंगे वह उतना उनके और अभिभावकों के लिए सुरक्षित होगा।

### बचपन की कमियां

कई बार अभिभावक बातों ही बातों में बच्चों को उनके बचपन की कुछ नकारात्मक बातें या कमज़ोरियां बताने लगते हैं। जैसे वे बिस्तर पर पेशाब कर दिया करते थे, तुतला कर बोलते थे, हकलाते थे या फिर शर्माते थे। ऐसी बातें बच्चों को बार-बार याद नहीं दिलानी चाहिए और न ही उस बात का मज़ाक उड़ाना चाहिए। ख़ासतौर पर रिश्तेदारों और बाहरी लोगों के सामने तो बिल्कुल भी नहीं। रिश्तेदारों और क़रीबियों को भी समझाना चाहिए कि वे ऐसी बातें या मज़ाक बच्चों के साथ न करें। इससे उनके मन में अपराध बोध और हीन भावना का संचार हो सकता है।

### बीमारी में उसे न कोसें

यदि बच्चे को कोई ऐसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो जाती है जिसकी वजह से हर वक़्त उसकी देखभाल करनी पड़े, तो उसको बार-बार ताना न दें कि- 'तू मेरी ज़िंदगी पर बोझ बन गया।' इससे बच्चे का मन विचलित हो सकता है और हो सकता है उसका मानसिक विकास बाधित हो जाए।

# खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाला एल्यूमीनियम आपकी सेहत के लिए अधिक नुक़सानदायक



भोजन का पोषण उसकी सामग्री चुनाव के साथ-साथ उसे पकाने के तरीक़े पर भी निर्भर करता है। परंतु क्या आप जानते हैं कि हम जिस बर्तन में भोजन पका रहे हैं, उससे भी पोषण प्रभावित होता है? दरअसल, हम जिस धातु के बर्तन में खाना पकाते हैं उसके तत्व भोजन में स्वतः आ जाते हैं। और यही तत्व भोजन द्वारा शरीर में भी जाते हैं। इस लिहाज़ से एल्यूमीनियम के बर्तन असावधानी बरतने पर काफ़ी हानिकारक हो सकते हैं।

### कैसे हानिकारक है एल्यूमीनियम

यह तंत्रिका तंत्र पर बुरा प्रभाव डालता है। इससे याददाश्त की कमी, हड्डियों का कमज़ोर होना, त्वचा पर खुजली, डैंड्रफ, पेट से सम्बंधित बीमारियां हो सकती हैं। यदि इसका ज़्यादा इस्तेमाल किया गया तो किडनी तक फेल हो सकती है, क्योंकि खाने से आयरन और कैल्शियम जैसे तत्वों को एल्यूमीनियम सोख लेता है। वहीं जब इसके कण पेट में जाते हैं तो ये शरीर का आयरन और कैल्शियम भी सोखना शुरू कर देते हैं। नतीजतन शरीर में इनकी कमी होने लगती है और कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं।

### इस्तेमाल में बरतें सावधानियां

एल्यूमीनियम बॉक्साइट से बना होता है। यदि खाना बनाते समय इसके कण धीरे-धीरे पेट में जाकर जमा हो जाएं तो ये कण मूत्र के द्वारा बाहर भी नहीं निकलते। इससे शरीर के तंत्रिका तंत्र को नुक़सान पहुंचता है साथ ही ये कण मस्तिष्क को भी बुरी तरह प्रभावित करते हैं। आगे चलकर ये अल्ज़ाइमर का रूप ले लेता है। लिहाज़ा एल्यूमीनियम के बर्तनों में खट्टे खाद्य पदार्थ रखने की सख़्त मनाही है, क्योंकि इसके कारण इनके कण जल्दी खाने में मिल जाते हैं। खाना बनाते समय खाद्य पदार्थों को चलाने के लिए स्टील की कलछी का इस्तेमाल करने के बजाए लकड़ी की कलछी का इस्तेमाल करें। स्टील या अन्य धातु की कलछी बरतन की परत को खुरच देती है जिससे खाने के साथ एल्यूमीनियम शरीर में अधिक पहुंचता है।

तेज़ आंच में खाना पकाने से भी बचें। बहुत देर तक पकने वाला भोजन इसमें बिल्कुल न पकाएं। यदि एल्यूमीनियम के बर्तन में खाना बना रहे हैं तो उस खाने को ज़्यादा देर तक उसी बर्तन में न रखें। बहुत देर तक गर्म खाने को उसी बर्तन में रखेंगे तो उसके अधिक से अधिक कण खाने में घुल जाएंगे। शोधकर्ताओं के अनुसार चाय, कॉफ़ी, अम्लीय खाद्य पदार्थ, सिरका और उससे जुड़े भोज्य पदार्थ, चटनी, टमाटर की ग्रेवी या सॉस आदि एल्यूमीनियम बर्तन में नहीं बनाने चाहिए।

# बारिश का पानी गमलों में भर जाए तो अपनाएं ये टिप्स

बरसात का पानी पौधों के लिए बहुत अच्छा होता है। इससे पौधों की बढ़वार अच्छी होती है। परंतु जब यही पानी गमले में भर जाता है तो पौधों को नुक़सान भी पहुंचाता है। पौधों के आसपास पानी भरने से इनकी जड़ें गलने लगती हैं।

छोटे-छोटे गमलों को थोड़ा-सा तिरछा करके अतिरिक्त पानी निकाला जा सकता है, लेकिन बड़े गमलों को उठाना संभव नहीं है। लिहाज़ा हर छोटे-बड़े गमलों के लिए कुछ सुझाव अज़माए जा सकते हैं।

### ऊंचाई पर रखें

बड़े और भारी गमलों को हल्का-सा तिरछा करें और उसके नीचे एक पत्थर रख दें। गमला तिरछा होने की वजह से अतिरिक्त पानी निकलता रहेगा। इसके अलावा गमलों को दो समतल पत्थर या किसी ठोस वस्तु पर रख दें। ऊंचाई पर होने से गमलों के छेद बंद नहीं होंगे और पानी की निकासी खुली रहेगी। छोटे गमलों के नीचे भी पत्थर रख सकते हैं। अगर गमलों के नीचे प्लेट रखी है तो उसे ज़रूर हटा दें।

### निकासी बढ़ाएं

गमलों में पानी निकासी के लिए जहां छेद होता है, उस जगह एक बड़े पेचकस या सरिया से आधे गमले तक छेद कर दीजिए। छेद बड़ा होने से पानी आसानी से निकल जाएगा।

### छाया का इंतज़ाम

गमलों को बरसात में खुला रखने के बजाय छाया में रखने की कोशिश करें। गमलों के ऊपर पन्नी का शेड बना सकते हैं जिसे कभी भी खोला जा सके। जब हल्की बारिश हो तो



इसे खोल दें, ताकि पौधों को आवश्यकतानुसार बरसात का पानी मिले और ये सुरक्षित भी रहें।

### मिट्टी में भूसी मिलाएं

गमले की मिट्टी में नारियल की जटाएं या लकड़ी का बुरादा मिला सकते हैं। ये अतिरिक्त पानी को अवशोषित कर लेगा और गमले में पानी नहीं भरेगा। अगर नया पौधा लगा रहे हैं तो गमला भरते समय धान की भूसी (पैडी हस्क) का इस्तेमाल करें। सबसे पहले इसे गमले में 4-5 इंच तक भर दें। थोड़ी-सी मिट्टी भरने के बाद पौधा लगाएं और फिर मिट्टी डालें। इससे जलभराव की स्थिति नहीं आएगी और पौधा भी अच्छा बढ़ेगा।

### देखभाल करते रहें

बरसात में गमलों की मिट्टी की गहरी गुड़ाई अवश्य करें। कम से कम दो बार किसी भी फंगीसाइड का स्प्रे पौधों पर अवश्य करें। इसके अलावा अनावश्यक खरपतवार उग आते हैं तो उन्हें जड़ सहित निकाल दें।

### री-पॉटिंग करें

बरसात में पौधों की री-पॉटिंग अवश्य करें। गमले में टूटे हुए गमले के टुकड़े डालें। फिर मिट्टी डालकर पौधा लगाएं ताकि छेद खुला रहे। पुरानी मिट्टी है तो उसमें से सूखी जड़ें और पत्तियां अवश्य हटा दें क्योंकि इनके कारण ही पानी की निकासी सबसे ज़्यादा बाधित होती है।

### पौधों का सुरक्षा कवच

एकसाथ बहुत सारे गमलों को प्रोटेक्टर से ढका जा सकता है। हरे या सफेद रंग की शीट को गमलों के ऊपर शेड की तरह लगा सकते हैं। हर गमले में नेट शीट भी बांध सकते हैं। इससे हवा पौधों को मिलेगी और बारिश का सीधा पानी भी नहीं लगेगा। अगर आप गारबेज बैग इस्तेमाल करते हैं तो हर गमले को इससे ढंक सकते हैं। अगर अतिरिक्त डिब्बे हैं जो गमले के बराबर या उससे बड़े हैं तो छोटे-छोटे पौधों पर इन्हें उल्टा रखकर ढंक सकते हैं। अगर गाड़ी का कवर है तो उसे भी पौधों के ऊपर डालकर पानी से बचाया जा सकता है।

# क्या टीनएज उम्र में वीडियो गेम से बच्चों का दिमाग तेज होता है !



**आजकल कोरोना** की वजह से बच्चे घर पर ही हैं और ऐसे में वो आउटडोर गेम्स की जगह इंडोर गेम्स खेल रहे हैं। बच्चों को वीडियो गेम्स भी बहुत पसंद आते हैं। वीडियो गेम्स में बच्चों को उनकी पसंद के कैरेक्टर मिलते हैं जिनके साथ वो खूब खेल सकते हैं। हालांकि, वीडियो गेम्स के बच्चों के लिए फायदे के साथ-साथ नुकसान भी होते हैं जिनके बारे में आज हम आपको यहां बताने जा रहे हैं।

### दिमाग की पॉवर होती है तेज

वीडियो गेम्स बच्चों की बौद्धिक क्षमता को कई तरह से प्रभावित करता है जैसे कि ध्यान लगाने, विजुअल प्रोसेसिंग, याद्दाश्त, रीजनिंग और परसेप्शन। यह रिजल्ट अमेरिकन साइकोलोजिकल एसोसिएशन के अनुसार है। इस एसोसिएशन ने वीडियो गेम्स पर एक मेटा एनालिसिस किया था जिसमें बच्चों पर वायलेंट गेम्स का बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव की बात कही गई थी। उनका मानना है कि इससे बच्चे की अलग-अलग तरह से सोचने की क्षमता बढ़ती है।

### हाथ और आंखों का तालमेल

वीडियो गेम्स खासतौर पर शूटर गेम्स से बच्चों की आंखों और हाथों का को-ऑर्डिनेशन बेहतर होता है। कुछ गेम्स में बच्चों को जीतने के लिए बहुत अच्छे स्किल्स की जरूरत होती है और वीडियो गेम्स खेलकर बच्चे ये स्किल सीखते हैं। जैसे कि गेम्स से बच्चे पोजीशन, स्पीड, लक्ष्य और डायरेक्शन आदि पर ध्यान देते हैं। दिमाग ये सब डाटा लेता है और आंखों एवं हाथों के साथ को-ऑर्डिनेट करता है। इसके अलावा वीडियो गेम्स बच्चे को कुछ ही सेकंड में सही निर्णय लेने के लिए भी तैयार करते हैं। इसके लिए बच्चे को गेम के अंदर अचानक आए बदलावों के साथ ध्यान लगाने की क्षमता आती है।

### वीडियो गेम खेलने के अन्य फायदे

शोधकर्ताओं का कहना है कि वीडियो गेम्स से टीएनज बच्चों में मुश्किल को सुलझाने का कौशल आता है।अगर गेम में कुछ बच्चे के हिसाब से नहीं हो रहा होता, तो वो उस स्थिति से निकलने के रास्ते ढूंढता है, जिससे उसे मुश्किल से निकलने का कौशल सीखने में मदद मिलती है। एंगरी बर्ड्स जैसे गेम्स बच्चों को खुश करते हैं और उनके मूड में भी सुधार लाते हैं। गेम्स बच्चों को ही नहीं बल्कि बड़ों को भी फेलियर को हैंडल करना सिखाता है। पजल या गेम जैसी बच्चों को यह बताती हैं कि इंटेलिजेंस कभी भी फिक्स नहीं रहती है और इसमें सुधार किया जा सकता है। इसके लिए आपको हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। एजुकेशनल वीडियो गेम्स से बच्चों को अपने स्कूल के विषयों को समझने में भी मदद मिलती है।

### वीडियो गेम्स के नेगेटिव इफेक्ट

माना जाता है कि वीडियो गेम्स से बच्चों के व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ता है। इससे उनमें गुस्सैल प्रवृत्ति बन सकती है। कई रिसर्च में भी सामने आया है कि वायलेंट वीडियो गेम्स से बच्चों में गुस्सैल व्यवहार को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा बच्चों को वीडियो गेम्स की बहुत जल्दी लत भी लग सकती है। पैथोलॉजिकल गेम्स की वजह से बच्चों में एंग्जायटी, अनिद्रा, लोगों से दूरी बनाकर रखने और डिप्रेशन का खतरा हो सकता है।

वहीं वीडियो गेम्स से टीएनज बच्चों की स्कूल में परफॉर्मेंस भी खराब हो सकती है। कई घंटों तक वीडियो गेम्स खेलने से पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है। सेहत के लिए भी वीडियो गेम्स नुकसानदायक हो सकती हैं। वर्चुअल गेम्स कई घंटे तक खेलने से बच्चे फिजीकल एक्सरसाइज के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। इससे बच्चों में मोटापा बढ़ सकता है। कई बार बच्चे गेम के चक्कर में खाना तक नहीं खाते हैं जिसका बुरा असर उनकी सेहत पर पड़ता है।

# दफ्तर के काम का वजन कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**आज की** दौड़ती-भागती जिंदगी में हर कोई काफी व्यस्त है। कोई अपने काम के पीछे लगा है, तो कोई दफ्तर के काम की वजह से किसी को समय नहीं दे पाते। वहीं, कई बार इस काम के बोझ का असर आपके परिवार के लोगों या आपके रिश्ते पर सीधा-सीधा पड़ता है, जो की पूरी तरह गलत है। लेकिन अगर आप भी इन चीजों से जूझ रहे हैं जिसकी वजह से आप अपनों को समय नहीं दे पा रहे हैं। तो हम आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आपके रिश्तों में फिर से मिठास घुल सकती है। बस इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ेगा। तो चलिए जानते हैं इस बारे में।



### कम से कम एक दिन तो बाहर जाएं

माना आप काफी व्यस्त हैं, आपके पास दफ्तर के काफी काम है, जिसकी वजह से आप अपनों को समय नहीं दे पा रहे हैं। लेकिन आपको कोशिश करनी चाहिए कि कम से कम सप्ताह में एक बार तो समय निकालकर परिवार संग बाहर जाएं। वहां जाकर अपने पार्टनर से बातें करें, अगर आपके बच्चे या परिवार में और लोग हैं तो उनके मन के विचारों को जानें, नई चीजों का आनंद लें, सबकी बातों को सुनें, अपनी बातों को बताएं आदि कई चीजें आप कर सकते हैं। इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे।

### बातचीत न छोड़ें

माना आप दफ्तर के काम में काफी व्यस्त हैं, जिसके कारण आप घर वालों को समय नहीं दे पा रहे हैं। लेकिन इसका मतलब बिल्कुल भी ये नहीं कि आप अपने पार्टनर या घरवालों से बात न करें। आप को जब भी समय मिलें, उनके साथ बात करें। दफ्तर में लंच ब्रेक के समय घर पर एक कॉल कर लें या फिर जब आप दफ्तर से घर लौटते हैं, तो सबके साथ बैठकर थोड़ी देर ही सही, लेकिन बातचीत कर सकते हैं। इससे आप अपने पार्टनर और घरवालों के करीब आएंगे।

### फैसला हमेशा मिलकर ही लें

आप दफ्तर में व्यस्त हैं, हो सकता है काम की वजह से आपको कई टेंशन हो। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसका गुस्सा आप कहीं और निकालेंगे। जैसे- अगर कोई फैसला लेना है तो उसे आप खुद अकेले ले लें, बल्कि इसकी जगह आप और आपकी पार्टनर या घरवालों के साथ मिलकर ही आपको हमेशा फैसला लेना चाहिए। इससे आप सबको समझेंगे और सब आपको समझ पाएंगे। लेकिन अगर आप फैसला एकतरफा लेंगे, तो इससे रिश्ते बिगड़ भी सकते हैं।

### दफ्तर की बातें/नाराजगी घर पर न करें

हम जब दफ्तर में काम करते हैं, तो कई बार हमारे अंदर काम को लेकर गुस्सा भरा होता है। वहीं, जब काम ज्यादा होता है, तो ऐसा होना तो लाजमी है। लेकिन आपको गलती से भी दफ्तर के काम की टेंशन को घर पर नहीं लाना है, और न हीं वहां की नाराजगी का गुस्सा अपने घर पर निकालना है क्योंकि इससे आपका रिश्ता बिगड़ सकता है। इसकी जगह पर आपको अपने पार्टनर से कुछ और घर की बातें करनी चाहिए।

# नये शादीशुदा पति पत्नी सुखी जीवन के लिए इन बातों का रखें खास ध्यान

**कभी न कभी** हमारी जिंदगी में शादी के बाद प्यार जरूर दस्तक देता है। भले ही हम कितना भी मना करते रहें या कितना भी दूर क्यों न भागते रहें। लेकिन प्यार कभी न कभी हमें हो ही जाता है। कब और कहां हमें किससे प्यार हो जाए, कब कौन हमारी लाइफ पार्टनर बन जाए। इस पर हमारा बस नहीं चलता है। हां, इतना जरूर है कि हम अपने पार्टनर को ढूंढते समय कई बातों का ध्यान देते हैं। ठीक ऐसे ही अगर आपके प्यार की नई शुरुआत हुई है, तो आपको कुछ बातों का खास ध्यान देना चाहिए ताकि आपके प्यार की डोर हमेशा ही मजबूत रहे। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में।

### एक-दूसरे को थोड़ा समय दें

जब भी हमारे प्यार की शुरुआत होती है, तो हम काफी ज्यादा उत्साहित हो जाते हैं। हम सब कुछ भूलकर सिर्फ और सिर्फ अपने पार्टनर के साथ ही रहते हैं। लेकिन हमें प्यार की शुरुआत के समय ऐसा करना चाहिए कि एक-दूसरे को समझने का थोड़ा समय देना चाहिए। भले ही आप उनसे प्यार कर चुके हैं, उन्हें अपना दिल दे चुके हैं, लेकिन ये आपके प्यार की शुरुआत है। इसलिए आपको एक-दूसरे को थोड़ा समय और देना चाहिए, ताकि आप एक-दूसरे को और अच्छे से जान सकें और एक-दूसरे की बातों को भी समझ सकें।

### सभी बातें साझा न करें

अब जब आपके प्यार की शुरुआत हो चुकी है, तो भी आपको अपने पार्टनर को समझना चाहिए। इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि उनके साथ सभी बातें साझा करें। उदाहरण के लिए अगर आप किसी मुश्किल या परेशानी से जूझ रहे हैं, तो आपको ये बात अपने पार्टनर को बतानी चाहिए। ऐसा करने से हो सकता है कि वो आपकी इसमें मदद कर सके। इसलिए प्यार की शुरुआत के समय हमें कोशिश करनी चाहिए कि सभी बातों को एक-दूसरे को बताना चाहिए, न कि छुपाना चाहिए।


### झूठ न बोलें

कहते हैं कि चाहे रिश्ता कोई भी हो, लेकिन अगर उसमें झूठ आ जाए तो फिर वो रिश्ता बिगड़ जाता है। ठीक ऐसे ही प्यार के रिश्ते में भी झूठ के लिए कोई जगह नहीं होती, क्योंकि इससे आपके प्यार की शुरुआत कब खराब हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। आपको अपने पार्टनर से कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। आप अगर उनसे हमेशा सच बोलेंगे तो आपके रिश्ते की मिठास और बढ़ती जाएगी। आपसे कोई गलती भी हुई है तब भी आपको सच ही बोलना चाहिए, इससे आपको मदद ही मिलेगी।

### एक-दूसरे के कामों में हाथ बटाएं

कई लोगों को जब प्यार मिल जाता है, तो उसके बाद वो सबकुछ भूल जाते हैं। लेकिन हमें हमेशा ये बात ध्यान देनी चाहिए कि जब भी हमारे प्यार की शुरुआत हो, तो हमें एक-दूसरे का हमेशा हाथ बटाना चाहिए। जैसे- अगर आपके पार्टनर आपको कहीं साथ चलने के लिए कहें, तो आपको साथ जाना चाहिए। घर पर कुछ काम करने को कहें, तो भी आपको उनके साथ वो काम करना चाहिए। कुल मिलाकर जो भी काम हो उसमें कपल को एक-दूसरे का हाथ जरूर बटाना चाहिए। इससे प्यार बढ़ता है।





# टैक्स चोरी मामले में चीन की मोबाइल कंपनियों पर हुई कार्रवाई



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। टैक्स चोरी मामले में चीन की तीन मोबाइल कंपनियों को सरकार ने नोटिस जारी किया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार चीन की तीन मोबाइल कंपनियों पर लगे टैक्स चोरी के आरोपों पर नजर बनाए हुए है। चीन की तीनों मोबाइल निर्माता कंपनियों को सरकार की ओर से नोटिस जारी किया गया है। वित्त मंत्री ने ये बातें राज्यसभा में सवालों का जवाब देने के दौरान कही है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि चीन की ये तीन कंपनियां ओप्पो, वीवो इंडिया और शाओमी हैं।

**डीआरआई ने चीन की मोबाइल कंपनियों को जारी किया है नोटिस**

उन्होंने कहा, 'डीआरआई ने चीन की कंपनी ओप्पो को 4389 करोड़ रुपये के कस्टम ड्यूटी के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। यह मामला देश में आयात की गई कुछ वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी नहीं चुकाने और सरकार को गलत जानकारी देने से जुड़ा है।'

वित्तमंत्री ने कहा, 'हमारा मानना है कि इस मामले में करीब 2981 करोड़ रुपये की ड्यूटी चोरी की गई है। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि चीन की दूसरी मोबाइल निर्माता कंपनी शाओमी को 653 करोड़ रुपये की ड्यूटी की देनदारी के सिलसिले में तीन नोटिस जारी किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि कपंनी ने अपनी कुल ड्यूटी की देनदारी में सिर्फ 48 लाख रुपये जमा कराए हैं। वित्त मंत्री ने कहा चीन की जिन कंपनियों को नोटिस जारी किया गया उनमें तीसरी कंपनी वीवो इंडिया है। कंपनी से 2217 करोड़ रुपये की टैक्स ड्यूटी भुगतान के संबंध में जवाब मांगा गया है, जिसमें उन्होंने सिर्फ 60 करोड़ रुपये जमा कराए हैं।

**संदिग्ध डिजिटल लोन एप्स पर भी हो रही कार्रवाई**

वित्तमंत्री ने राज्यसभा में कहा, 'सरकार संदिग्ध डिजिटल लोन एप्स पर भी कार्रवाई कर रही है। इनमें वे एप्स भी शामिल हैं जो देश के बाहर से संचालित किए जाते हैं। हम देश में उन एप्स को चलाने वालों की मदद करने वाले भारतीयों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहे हैं।' वित्तमंत्री ने कहा, 'ज्यादातर संदिग्ध डिजिटल लोन एप्स चीन की कंपनियों के सहयोग से चल रहे हैं जो लोन बांटने में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइन का पालन नहीं करते है।'

# आरबीआई के फैसले से पहले ही तीन बैंकों ने बढ़ाई ब्याज दरें



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। आरबीआई के पांच अगस्त के दरों को बढ़ाने के फैसले से पहले ही कर्ज महंगे होने शुरू हो गए हैं। कर्ज देनेवाले तीन बैंकों और एक वित्तीय संस्थान ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। नई दरें एक अगस्त से लागू हैं। इससे होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन महंगे हो जाएंगे। आरबीआई तीन से पांच अगस्त के बीच होने वाली बैठक में 0.35 से 0.50 फीसदी तक रेपो दर को बढ़ा सकता है। उसके बाद एक बार फिर से बैंक दरों को बढ़ाने का सिलसिला शुरू करेंगे। पिछले 3 महीने में बैंकों ने 5-6 बार ब्याज दरों में इजाफा किया है।

**एचडीएफसी लि. ने 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी**

एचडीएफसी लि. ने रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है। अप्रैल से अब तक पांच बार में दरों को 1.15 फीसदी बढ़ाया है। मई और जून में 2-2 बार दरों में बढ़ोतरी की है।

**पंजाब नेशनल बैंक का 0.10 फीसदी बढ़ा**

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने एमसीएलआर 0.10 फीसदी बढ़ाकर 7.95 फीसदी कर दिया है। एक साल की दर 7.55 से 7.65 फीसदी के बीच होगी।

**इंडियन बैंक : कर्ज 0.10 फीसदी महंगा किया**

बैंक ने एक साल के एमसीएलआर को 0.10 फीसदी बढ़ाकर 7.65 फीसदी कर दिया है। अन्य अवधि का कर्ज 6.85 से 7.50 फीसदी के बीच होगा।

**आईसीआईसीआई का कर्ज 0.10 फीसदी महंगा**

बैंक ने भी 0.15 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा दी। नई दर 7.90 फीसदी होगी। सबसे कम ब्याज दर 7.65 फीसदी होगी।

**दूरसंचार उद्योग दो साल में 2-3 लाख करोड़ का करेगा निवेश**

देश का दूरसंचार उद्योग अगले दो साल में 2 से 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधार और अनिश्चितता तथा जोखिम के हटने और स्थिर निवेश के कारण ऐसा होगा। यह निवेश चौथी और पांचवीं पीढ़ी की तकनीक के लिए होगा। इससे बेहतर वॉयस क्वालिटी और तेज गति वाला डाटा मिलेगा।उन्होंने कहा कि 5जी सेवा अक्तूबर तक शुरू होगी और ऐसा विश्वास है कि ग्राहकों को कम कीमत पर सेवाएं मिलेंगी। उन्होनें कहा कि सेवाएं सस्ती रहनी चाहिए। लेकिन इसका पता तब चलेगा जब इसे लॉन्च किया जाएगा। इस 5जी सेवा से स्वास्थ्य क्षेत्र को मदद मिलेगी। साथ ही जीवन रक्षक उपयोग और उन्नत क्लाउड गेमिंग में भी इससे मदद मिलेगी।

# बिटकॉइन की कीमतों में गिरावट जारी, ईथर भी 6% गिरा



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। बिटकॉइन की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। बिटकॉइन बुधवार को 2 प्रतिशत गिरकर 23,000 डॉलर के निशान से नीचे रहा। आज वर्ल्ड क्रिप्टोकरेंसी का बाजार कीमत 1 ट्रिलियन डॉलर के निशान के ऊपर रहा। हालांकि इसमें पिछले 24 घंटे में 2 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 1.11 ट्रिलियन डॉलर पर बना रहा। वहीं बुधवार को दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी एथेरियम ब्लॉकचेन की ईथर में भी गिरावट देखी गई। ईथर की कीमत आज 6 प्रतिशत गिरकर 1,587 डॉलर रही।डॉग कॉइन की कीमत 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 0.06 डॉलर और शीबा इनु 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 0.000012 डॉलर पर बनी रही। दूसरी ओर एक्सआरपी, सोलाना ,बीएनबी, लिटकॉइन, स्टेलर, चैनलिंक जैसी डिजिटल करेंसी के मूल्यों में भी पिछले 24 घंटे में गिरावट देखी गई। इस बीच कई क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों ने या तो खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए याचिका दायर की या उन्हें इमरजेंसी पूंजी को खर्च करने को दवाब डाला गया। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और हाई प्रोफाइल मंदी की आशंकाओं ने इस साल डिजिटल टोकन को पछाड़ दिया है। बिटकॉइन जैसी कई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत साल 2020 और 2021 में बढ़ी लेकिन इस साल की शुरूआत से हीं इसमें गिरावट देखने को मिल रही है।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी का इस्तीफा

## बड़ी संख्या में शेयर बेचकर निकले निवेशक



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज के मैनेजमेंट में उथल-पुथल देखने को मिला है। दरअसल, कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ मोहित मल्होत्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खबर के बीच मंगलवार को कारोबार के दौरान गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयर की भारी बिकवाली रही। इस्तीफे की वजहः गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को बताया है कि मल्होत्रा ने नए अवसरों को तलाशने के इरादे से कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 31 दिसंबर, 2022 से प्रभावी होगा। निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। मल्होत्रा की जगह गौरव पांडेय को एक जनवरी, 2023 से कंपनी के एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया है। वह अभी उत्तर क्षेत्र के सीईओ हैं। पांडेय की नियुक्ति को कंपनी के बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। भारी बिकवाली का माहौलः सप्ताह के दूसरे दिन शेयर की बिकवाली रही। गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयर 3.21% टूटकर 1463.15 रुपये के स्तर पर बंद हुए। वहीं, मार्केट कैपिटल भी लुढ़क कर 40,675.62 करोड़ रुपये पर आ गया है। आपको बता दें कि शेयर का 52 वीक लो लेवल 1,130.20 रुपये है, 20 जून के दिन यह भाव गया था।

# फूड क्राइसिस से जूझ रही दुनिया के लिए अच्छी खबर

## यूक्रेन से 26 हजार टन मक्का लेकर शिपमेंट रवाना, रूस इस पर हमला नहीं करेगा

मॉस्को, 2 अगस्त (एजेंसियां)। फूड क्राइसिस से परेशान दुनिया के लिए रूस और यूक्रेन की जंग के बीच एक अच्छी खबर आई है। सोमवार को यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से 26 हजार टन मक्का लेकर एक बड़ा शिपमेंट रवाना हुआ। यह मंगलवार को तुर्की के इंस्ताबुल पोर्ट पहुंचेगा। वहां इसकी जांच होगी इसके बाद इसे अफ्रीका के लिए रवाना किया जाएगा।

रूस और यूक्रेन की जंग 24 फरवरी को शुरू हुई थी। तब से ही यूक्रेन ने फूड एक्सपोर्ट बंद कर दिया था, क्योंकि रूस उसके बंदरगाहों पर हमले कर रहा था। पिछले दिनों तुर्की के दखल के बाद रूस-यूक्रेन के बीच ग्रीन पैक्ट हुआ। इसके तहत दुनिया में जंग से बढ़ रहे फूड क्राइसिस को रोकने के लिए फूड एक्सपोर्ट पर सहमति बनी।

**यूएन ने भी दिया दखल**

यूएन और तुर्की ने मिलकर रूस और यूक्रेन के बीच यह ग्रीन पैक्ट कराया है। रूस और यूक्रेन दोनों ही अफ्रीका समेत दुनिया के कई देशों को फूड सप्लाई में अहम रोल अदा करते हैं। यही वजह है कि अफ्रीका के कई गरीब देशों में भुखमरी का खतरा पैदा हो गया था।

रूस ब्लैक सी में यूक्रेन के पोर्ट्स को निशाना बना रहा था। इसकी वजह से यूक्रेन का अनाज वहां से एक्सपोर्ट नहीं हो पा रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तुर्की में जांच के बाद यूक्रेन के इस शिपमेंट को लेबनान भेजा जाएगा। इसका कुछ हिस्सा अफ्रीका को भी मिलेगा। रूस ने समझौते में वादा किया है कि वो किसी फूड शिपमेंट पर हमला नहीं करेगा। 22 जुलाई को अंकारा में तुर्की के विदेश मंत्री से बातचीत के दौरान रूस के विदेश मंत्री लावरोव। इसी बातचीत के बाद रूस-यूक्रेन के बीच ग्रीन पैक्ट हुआ।

दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी

यूक्रेन के एक अफसर ने कहा- हम कॉर्न एक्सपोर्ट करने वाले दुनिया के चौथे बड़े देश हैं। फूड क्राइसिस से फूड सिक्योरिटी का रास्ता तय करना बेहद जरूरी है। यूक्रेन अपनी जिम्मेदारी समझता है। तुर्की के डिफेंस मिनिस्टर हुलुसई अकार ने कहा- इंस्ताबुल में रूस, यूक्रेन, तुर्की और यूएन के अफसर मौजूद रहेंगे। इनके सामने शिपमेंट की जांच होगी। इसके बाद इसे आगे जाने दिया जाएगा।

अकार ने कहा- अगर हम इस तरह की कोशिश नहीं करते तो 150 साल बाद दुनिया भुखमरी का शिकार हो जाती। अब यह कोशिश की जानी चाहिए कि किसी तरह यह जंग भी खत्म हो।

इस सदी में जंग की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

रूस और यूक्रेन अफ्रीका की जरूरत का 40% फूड एक्सपोर्ट करते हैं। जंग की वजह से यहां गेहूं के दाम इस साल 60% तक बढ़ चुके हैं।

यूएन और वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रूस और यूक्रेन के पास 22 लाख टन अनाज और दूसरे एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स रिजर्व हैं। जंग की वजह से इन्हें ब्लैक सी से नहीं निकलने दिया जा रहा है। सोमवार को पहले शिपमेंट की रवानगी के बाद उम्मीद है कि जल्द ही यह समझौता पूरा किया जाएगा और दुनिया को फूड क्राइसिस से राहत मिलेगी। इसकी वजह से पलायन का खतरा भी बढ़ रहा था।

22 जुलाई को रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव पैक्ट यानी समझौता हुआ था। इसके तहत यूक्रेन गेहूं और मक्का निर्यात कर सकेगा। फिलहाल, यह समझौता चार महीने का है। हालात बेहतर रहे तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

# इंडिगो ने पायलटों की सैलरी बढ़ाई

## कोविड से पहले के लेवल के बराबर सैलरी करने का ऐलान, महामारी में 28% की कटौती की थी

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने नवंबर से पायलटों की पूरी सैलरी बहाल करने की घोषणा की है। सभी डोमेस्टिक कैरियर्स ने 2020 में कोविड-19 के कारण किए गए लॉकडाउन के बाद कर्मचारियों के वेतन में कटौती की थी। इंडिगो ने लॉकडाउन में कम पैसेंजर ट्रैफिक के कारण पायलटों की सैलरी करीब 28% घटा दी थी। एयरलाइन ने अप्रैल में 8% और अगस्त में 8% सैलरी बढ़ाई थी। अब सितंबर में 6% और नवंबर में 6% की बढ़ोतरी होगी। इंडिगो में फ्लाइट ऑपरेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, आशिम मित्रा ने सोमवार को एक ईमेल में पायलटों को लिखा, 'हमारा मकसद सैलरी और रेमुनरेशन की लगातार समीक्षा करना और उन्हें पूर्व-कोविड लेवल्स पर बहाल करना है। इसे ध्यान में रखते हुए, मुझे 1 सितंबर, 2022 से 6% और 1 नवंबर, 2022 शेष 6% की वेतन बहाली करने की खुशी हो रही है। ये बहाली आपके वेतन को पूर्व-कोविड स्तर के बराबर लाएगी।' फरवरी में रुस-यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद से रुपए में गिरावट और इंपोर्टेड इंफ्लेशन के कारण देश की एविएशन इंडस्ट्री सबसे ज्यादा प्रभावित इंडस्ट्रीज में से एक रही है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण, अब एक इंडियन कैरियर के ऑपरेशनल एक्सपेंडिचर में फ्यूल का योगदान लगभग 50% है। मीडिया रिपोर्ट में इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इंडिगो का फैसला एयर इंडिया के एक्सपेंशन प्लान से प्रेरित है। एविएशन रेगुलेटर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, डोमेस्टिक एयरलाइंस में जनवरी-जून 2022 के बीच 5.72 करोड़ लोगों ने यात्रा की, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.43 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी। ये करीब 66% की सालाना ग्रोथ है।

# मरीजों को सुपरफूड बाजरा परोसने वाला अपोलो हेल्थ सिटी बना भारत का पहला अस्पताल!

## न्यूट्रीहब के सीईओ ने किया डॉ. संगीता रेड्डी का सम्मान



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में स्थित ज्वार और अन्य बाजरा के लिए एक प्रमुख शोध संस्थान, भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईएमआर) ने अस्पतालों में रोगियों द्वारा सुपर फूड बाजरा खपत को लोकप्रिय बनाने के लिए आईसीएआर-आईआईएमआर न्यूट्रीहब की पहल की घोषणा की। यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया है।

इस अवसर पर डॉ. बी. दयाकर राव, सीईओ, न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-आईआईएमआर ने जुबली हिल्स के अपोलो हेल्थ सिटी में रोगियों को सक्रिय रूप से सुपर फूड मिलेट परोसने वाला भारत का पहला अस्पताल होने के नाते अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी को सम्मानित किया। गौरतलब है कि सुपर फूड बाजरा फाइबर, गैर-स्टार्च वाले पॉलीसेकेराइड, कार्ब्स, प्रोटीन, एंटी-ऑक्सीडेंट, कई विटामिन और ट्रेस तत्वों, अत्यधिक क्षारीय और लस मुक्त से भरपूर होते हैं। स्वस्थ पोषक तत्वों के उच्च अनुपात के कारण वे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, कैंसर, गुर्दे, यकृत की बीमारियों और अधिक जैसी कई जीवन शैली की बीमारियों को रोकने और प्रतिरक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स की एफ एंड बी टीम, जिसमें वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल थे, ने व्यापक शोध किया और स्थानीय पारंपरिक दक्षिण और उत्तर भारतीय व्यंजनों के स्वादिष्ट बाजरा व्यंजनों को तैयार किया। इन बाजरे के व्यंजनों को आसानी से पचने योग्य और स्वस्थ बनाने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है, क्योंकि वे अक्सर कमजोर और खराब पाचन तंत्र वाले रोगियों के लिए आहार बनाते हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान-आईसीएमआर के सहयोग से इस शोध प्रयास को जारी रखे हुए है, ताकि सुपरफूड मिलेट से बने अधिक स्वस्थ और पौष्टिक व्यंजनों को शामिल किया जा सके और इसे हमारे पूर्वजों की तरह मुख्य भोजन के रूप में लोकप्रिय बनाया जा सके। अपोलो हॉस्पिटल्स ने जुबली हिल्स में अपने परिसर में भारत में बाजरा आधारित व्यंजनों के लिए अपनी तरह का पहला क्लाउड किचन स्थापित किया है। अपोलो हॉस्पिटल्स सीधे किसानों से बाजरा प्राप्त करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है। यह बिना बिचौलियों के किसानों की आय में वृद्धि करेगा और अस्पताल को अनाज की आपूर्ति का एक समर्पित स्रोत बनाने में सक्षम करेगा। बाजरा की खेती और खपत पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के दृष्टिकोण से एक लाभप्रद प्रस्ताव है। बाजरा की खेती पर्यावरण के अनुकूल है, वे हमारे जल संसाधनों को खत्म नहीं करते हैं क्योंकि बारिश का पानी उन्हें उगाने के लिए पर्याप्त है, मिट्टी को प्रदूषित नहीं करता है, बाजरा जैविक है क्योंकि उनकी खेती में कीटनाशकों और कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं होती है। वे खेती करने के लिए सस्ती होने के कारण किसान हितैषी हैं और काफी मुनाफा कमाते हैं।

इन सबसे ऊपर वे बहुत स्वस्थ हैं और कई जीवन शैली की बीमारियों के लिए रामबाण हैं जिनसे वर्तमान पीढ़ी पीड़ित है। डॉ संगीता रेड्डी कहती हैं, अपोलो हॉस्पिटल्स हमारे सभी अस्पतालों में मरीजों के बीच सुपर फूड मिलेट डाइट को लोकप्रिय बनाएगा। इस अवसर पर डॉ. बी. दयाकर राव के अलावा वाई. सुब्रमण्यम, क्षेत्रीय सीईओ, अपोलो अस्पताल, डॉ. रवि शंकर एरुकुलपति, वरिष्ठ एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, अपोलो अस्पताल; डॉ. भरत रेड्डी, हृदय रोग विशेषज्ञ और अभिनेता और सुश्री हरिता श्याम, आहार विशेषज्ञ और पोषण विशेषज्ञ, अपोलो अस्पताल ने विशेष रूप से रोगियों के लिए बाजरा आधारित आहार से स्वास्थ्य लाभ के बारे में बात की।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोना 289 रुपये सस्ता होकर 51877 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर बिक रहा है। जबकि इससे पिछले कारोबारी सेशन में सोना 52166 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर ट्रेड करते हुए बंद हुआ था। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भी मंदी छाई हुई है। चांदी सीधे 841 रुपये नीचे गिरकर 58,480 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर कारोबार कर रही है। इससे पिछले कारोबारी सेशन में चांदी 59321 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बिक रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोना और चांदी दोनो धातु मंदी के साथ कारोबार कर रही है। ग्लोबल मार्केट में सोना 1771 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी 20.25 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस की दर से बिक रही है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के तपन पटेल के अनुसार ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ी तल्खी के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में शुरुआती कारोबार में हल्की तेजी दिखी पर उसके बाद वह सपाट हो गया।

# इंडिगो-गो फर्स्ट की तुलना में 10% सस्ता मिल रहा अकासा एयरलाइन का टिकट



नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। स्टॉक ब्रोकर राकेश झुनझुनवाला की एयरलाइन कंपनी अकासा 7 अगस्त से उड़ान भरने जा रही है। कंपनी अपने पहले बोइंग 737 मैक्स के साथ आसमान में उड़ने की पूरी तैयारी में है। इतना ही नहीं कंपनी इस सेक्टर के दिग्गज बजट एयरलाइन इंडिगो, गो फर्स्ट जैसी कंपनियों को भी कड़ी टक्कर देगी। एयरलाइन और ट्रैवल एग्रीगेटर प्राइसिंग डेटा के मुताबिक, 17 अगस्त को मुंबई से अहमदाबाद रूट पर एयर फेयर मात्र 3,000 रुपये है। यह इंडिगो और गोफर्स्ट की तुलना में 10 प्रतिशत सस्ता है। बता दें कि 7 अगस्त को अकासा मुंबई से उड़ान भरेगी और 80 मिनट बाद अहमदाबाद में उतरेगी। इसका किराया इंडिगो के लगभग बराबर ही है।

इंडिगो का भारत में सबसे बड़ा घरेलू हिस्सा है, जो बाजार के 56 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा करता है। कंपनी अधिकांश रूट्स पर सबसे सस्ती उड़ान सेवा के लिए जानी जाती है। इस मार्ग पर इंडिगो की सबसे सस्ती पेशकश 'रेड-आई फ्लाइट' के लिए है।

**कोच्चि-बेंगलुरु रूट पर भी सस्ती टिकट**

12 अगस्त को अकासा ने कोच्चि-बेंगलुरु रूट पर उड़ान भरने की योजना बनाई है। अकासा 19 अगस्त को मुंबई और बेंगलुरु को जोड़ने वाली उड़ानें शुरू करेगी। इस रूट पर अकासा एयरलाइन का सबसे कम किराया है। कुछ समय पहले तक, इन क्षेत्रों में सबसे सस्ते किराए में इंडिगो का वर्चस्व था या फिर एयरएशिया इंडिया का। आपको बता दें कि बुकिंग शुरू करने के समय एयरलाइन के सीईओ विनय दुबे ने कहा था कि हम विश्वसनीय, भरोसेमंद नेटवर्क और किफायती किराए के साथ आ रहे हैं।

**एटीएफ की कीमतों में कटौती का होगा असर**

एक प्रमुख कंसल्टेंसी के एविएशन एनालिस्ट ने कहा, 'ग्लोबल तेल की कीमतों में नरमी के संकेत दिख रहे हैं और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में दो फीसदी की कमी आई है। यदि एटीएफ की कीमतों में गिरावट का रुख जारी रहता है, तो घरेलू बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच एयरलाइंस कंपनी किराए में कटौती कर सकती है। बता दें कि पिछले एक साल से यात्रियों को नार्मल से अधिक किराया चुकाना पड़ा है।"



# राजस्थान में सेना के 6 जवानों पर हत्या का केस दर्ज

## पिटाई से युवक की मौत का मामला; मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े परिजन



जैसलमेर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कथित रूप से सैनिकों द्वारा पीटे जाने के कारण घायल हुए युवक की मौत हो के बाद सेना के छह जवानों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। युवक के परिवार ने आरोप लगाया कि मवेशियों की तलाश में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में गए युवक को सैनिकों ने बुरी तरह से पीटा था। हालांकि सेना के अधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि जवानों ने युवक को घायल अवस्था में पड़े देखा, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लाठी पुलिस थाना प्रभारी अशोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि सलमान (24) अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से पोकरण स्थित फायरिंग रेंज गया था और चूंकि यह प्रतिबंधित क्षेत्र है, इसलिए सेना के गश्ती वाहन दिखाई देने पर उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल वहां से भागने के लिए रेत के टीलों की ओर मोड़ दीं। उन्होंने कहा, 'उसके परिवार ने कहा कि बाइक टीलों में फंस गई। परिवार के अनुसार, युवक का दोस्त वहां से भागने में कामयाब रहा, लेकिन जवानों ने सलमान को पकड़ लिया।'

कुमार ने कहा, 'परिवार ने आरोप लगाया कि जवानों ने सलमान को बुरी तरह पीटा और बाद में उसे गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।' सलमान ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने पोकरण उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने शव रखकर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोपी सैनिकों की गिरफ्तारी, 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने और पीड़ित के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की।

कुमार ने कहा, 'जवानों का कहना है कि उन्होंने युवक को वहां घायल अवस्था में पड़े देखा और वे उसे अस्पताल ले गए। उन्होंने युवक को पीटने से इनकार किया।' उन्होंने कहा, 'बीती रात सेना के छह जवानों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होने के बाद, परिवार के सदस्य शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हो गए।

# वित्त मंत्री बोलीं- अंबानी-अडाणी को बुलाकर एमओयू कर रहे गहलोत

## कहा- राहुल गांधी के भाषण की परवाह किए बिना उन्हें जमीन दे दी



जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गहलोत सरकार का अडाणी से गठजोड़ बताते हुए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जमकर घेरा है। सीतारमण ने कहा- कांग्रेस आरोप लगाती है कि मोदी सरकार अंबानी-अडाणी के लिए काम करती है। आप लोग यही कहते हो। सिर्फ दो उदाहरण देना चाहती हूं।

राजस्थान में सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए 11 जून 2022 और 15 दिसम्बर 2021 में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की कैबिनेट ने डिसीजन लेकर 2397 हेक्टेयर जमीन अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग कम्पनी को दी है। लोकसभा में सोमवार रात उनके इस वक्तव्य के बाद पूरे सदन में सन्नाटा पसर गया।

उन्होंने कहा- राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने अडाणी को सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए जमीन दी है। हम अडाणी-अंबानी के चक्कर में नहीं आए। आप बुला-बुलाकर अडाणी को जमीनें दे रहे हो।

**राहुल के स्टेटमेंट के अगले दिन गहलोत एग्रीमेंट कर रहे थे**

वित्त मंत्री ने दूसरा उदाहरण देते हुए कहा- 15 दिसम्बर 2021 में अडाणी के रिन्यूएबल एनर्जी पार्क राजस्थान लिमिटेड के साथ एमओयू भी साइन हुआ। 1500 मेगावाट कैपेसिटी सोलर पार्क के लिए राजस्थान के जॉइंट पार्टनरशिप में यह करार हुआ।

वित्त मंत्री ने कहा- ये इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस एग्रीमेंट से पहले राहुल गांधी ने जयपुर में जाकर कहा- मोदी सरकार अडाणी और अंबानी का फेवर करती है। ऐसा पब्लिक मीटिंग में कहकर निकल गए। अगले दिन गहलोत एग्रीमेंट कर रहे थे अडाणी साहब के साथ।

उनके अपने ही चीफ मिनिस्टर अंबानी-अडाणी को फेवर करते हुए इतने काम कर रहे हैं। उनके पूर्व कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष ने जयपुर में जाकर जो स्टेटमेंट दिए। उसकी परवाह नहीं करते हुए अगले दिन अडाणी के साथ एग्रीमेंट हुए हैं। कांग्रेस वाले बार-बार हमें इधर (संसद में) टोकते हैं कि अंबानी अडाणी की सरकार....अरे भई आपने बुलाकर दिया।

राहुल गांधी ने कहा था- पीएम सुबह उठते ही कहते हैं अडाणी-अंबानी को क्या दें ?

12 दिसम्बर को जयपुर की कांग्रेस रैली में राहुल गांधी ने अडाणी-अंबानी को फायदा पहुंचाने के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था- एयरपोर्ट, कोल माइंस, सुपर मार्केट, जहां देखो वहां दो ही लोग दिखेंगे। अडाणीजी-अंबानीजी।

# राजस्थान में तीन अगस्त को लौटेगा मॉनसून



जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पहले दौर की बारिश खत्म हो चुकी है। इस साल नए रिकॉर्ड बनाने वाली जुलाई की बारिश पर तीन दिनों का लाइट ब्रेक लगा है। संभावना है कि तीन अगस्त से मॉनसून फिर ऐक्शन मोड में आएगा।

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि पूर्वी राजस्थान में 3 अगस्त से तेज बारिश देखने को मिलेगी। वहीं फिलहाल बारिश धीमी होने के कारण राज्य में उमस बढ़ गई है। पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में तो तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से भी आगे चला गया। हालांकि जयपुर में सुबह बादल छाए रहे।

**तीन अगस्त से लौटेगा मॉनसून**

मौसम विभाग की मानें तो राज्य के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कुछ इलाकों में दो अगस्त से हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के 19 जिलों में 3 अगस्त से एक बार फिर बढ़िया बारिश देखने को मिल सकती है।

**बारिश ने तोड़ा 66 साल का रिकॉर्ड**

आपको बता दें कि राजस्थान में लगातार हुई बारिश ने जुलाई के महीने में 66 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जयपुर मौसम केंद्र के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई महीने में पूरे राजस्थान में औसतन 270 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जो कि अबतक के औसत 161.4 मिलीमीटर से 67 प्रतिशत से ज्यादा है। इससे पूर्व 1956 में जुलाई माह में राज्य में सर्वाधिक 308.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। पिछले साल यानी जुलाई 2021 में राज्य में 130.8 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

# मंत्री राजेंद्र यादव बोले- छात्रसंघ चुनावों की तारीख नहीं बदलेगी

## कहा- खनन मामले में मंत्री-अफसरों के खिलाफ किसी ने शिकायत नहीं दी, एफआईआर कैसे होगी



जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों की तारीख आगे बढ़ाने की अटकलों को उच्च शिक्षा और गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ने सिरे से खारिज कर दिया है। राजेंद्र यादव ने कहा- छात्रसंघ चुनावों की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। मुझे लगता नहीं है कि चुनाव की को आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि शिक्षा का नया सत्र भी शुरू हो जाएगा। इसीलिए हमने इलेक्शन शुरुआत में रखे हैं ताकि सितंबर के पहले हफ्ते तक इस पूरे प्रकरण से फ्री हो जाएं। राजेंद्र यादव प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

यादव ने कहा- दो साल से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए थे। युवाओं में जोश था। मुख्यमंत्री भी चाहते थे कि चुनाव होने चाहिए ताकि एक लीडरशिप भी आती है। उच्च शिक्षा में तालमेल बनता है। चुनाव जीतकर जो अध्यक्ष बनता है, कार्यकारिणी बनती है तो नया रूप आता है। छात्रसंघ चुनाव तय समय 26 अगस्त को ही होंगे, तारीख आगे नहीं बढ़ेगी।

**खनन मामले में मंत्री-अफसरों के खिलाफ कोई शिकायत लेकर थाने नहीं गया**


भरतपुर जिले में बृज चौरासी कौस परिक्रमा में खनन को लेकर मंत्री और अफसरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने के मामले में राजेंद्र यादव ने कहा कि कोई थाने आया ही नहीं तो मुकदमा कैसे होगा। शिकायत किसके पास गई, मैं गृहमंत्री हूं मेरे पास तो कोई शिकायत नहीं आई। मेरे आईजी से भी मैंने बात की उनके पास भी कोई ऐसी शिकायत नहीं की गई। कोई बाहर खड़े होकर कहे कि एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो कैसे होगी, लिखकर थाने में तो देना होगा, वहां जाना होगा तभी तो एफआईआर दर्ज होगी।

यादव ने कहा- अवैध खनन को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ी बैठक की थी जिसके बाद पूरे प्रदेश में अभियान भी चल रहा है। खनन मामले में कोई शिकायत लेकर थाने नहीं आया। मुख्यमंत्री ने साफ आदेश दे रखे हैं कि किसी के खिलाफ भी मुकदमा एसएचओ नहीं लेता है तो वह एसपी के पास जा सकते हैं। अगर फिर भी नहीं होता है तो उच्च अधिकारी के पास मुकदमे दर्ज होंगे। जांच में कोई कोताही नहीं होगी।

# नेता प्रतिपक्ष कटारिया ने की पायलट की तारीफ

## बोले- मरी हुई पार्टी को जिंदा किया, फिर भी नकारा कहते हैं

दौसा, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस में गुटबाजी व खींचतान को लेकर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाबचंद कटारिया ने बड़ा बयान देते हुए राज्य में कांग्रेस की सरकार बनवाने में सचिन पायलट की भूमिका की सराहना की।





दरअसल, कटारिया मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शनों के बाद सोमवार शाम को जयपुर लौटते वक्त दौसा रुके थे। यहां मीडिया से बातचीत में कहा- पहले दिन से ही इस सरकार में खींचतान साफ देखी जा रही है। दोनों तरफ खेमेबंदी चल रही है, एक-दूसरे के लिए नकारा, निकम्मा और अंग्रेजी बोलने वाला जैसे शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन, यह बात भी सच है कि मरी हुई पार्टी को उस व्यक्ति (सचिन पायलट) ने अपने परिश्रम से जिंदा किया इसको कोई नकार नहीं सकता। जो पार्टी 21 विधायकों पर चली गई थी उस पार्टी को सरकार की पार्टी बना दिया, इसमें उन्हीं का तो योगदान है और उसे ही आप नकारा-नाजोगा कहते हो। मुख्यमंत्री का नाम लिए बिना कटारिया ने कहा इनके मन में जो भड़ास है, वह निकल रही है। वह पार्टी को जोड़ने वाले नहीं तोड़ने वाले शब्द हैं।

विधायकों को दे रखी लूट की छूट

उन्होंने कहा सरकार जिस तरीके से काम कर रही है वह जनता के लिए सोचने वाली बात है। इनका उद्देश्य जनता का काम करना नहीं बल्कि सरकार बचाना है। इसके लिए उन्होंने विधायकों को लूट की छूट दे रखी है कि जिस तरीके से तुम लूट सकते हो लूट लो। ऐसे में जब जनप्रतिनिधि भी लूटने में लग जाता है तो प्रशासनिक तंत्र भी इस काम में तेजी से आगे बढ़ने लगता है। इस सारी स्थिति का दंड जनता भुगत रही है।

**अपराध की राजधानी बन गया राजस्थान**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कानून व्यवस्था इस सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। राजस्थान अपराध की राजधानी बन गया है, महिला क्राइम में प्रदेश नंबर वन है। वहीं सांप्रदायिक तनाव बढ़ने के पीछे राज्य सरकार द्वारा पीएफआई को संरक्षण देना है।

# 'अन्ना हजारे ने आतंक मचा रखा था'

## गहलोत बोले- यूपीए सरकार को बदनाम कर दिया अब पता नहीं कहां चले गए



जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अग्निपथ और उदयपुर की घटना को लेकर पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ इस साल का सबसे बड़ा मजाक होगा। चार साल की नौकरी और उसके बाद घर बैठ जाओ। जवान के को 22 साल में ही रिटायर कर दिया जाएगा, अब दो साल बढ़ाकर 24 साल किया है।

उन्होंने कहा कि संसद में आजकल बहस होती नहीं, किसी को बोलने नहीं दिया जा रहा। नौजवानों को धमकी अलग दे दी कि विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस केस हो गया तो अग्निवीर में नौकरी नहीं देंगे। गहलोत सोमवार को बिरला ऑडिटोरियम में सिविल सोसाइटीज के साथ बजट पर वर्कशॉप में बोले रहे थे।

लोकपाल कहां गया,अन्ना हजार गायब हो गए

गहलोत ने कहा- यूपीए सरकार के बदनाम किया गया। लोकपाल की बात हो रही थी, कहां गया लोकपाल। अन्ना हजारे आज खुद गायब हो गए, आंतक मचा रखा था वो पता नहीं कहां चले गए। सरकार बनते ही मोदी जी ने कालेधन पर कमेटी बनाई, आठ साल से उसका पता नहीं क्या हुआ? कोलगेट, टू जी सब मुद्दे कहां गए किसी को पता नहीं लगा।

उन्होंने कहा कि- डेमाक्रेसी तो है नहीं, धर्म-जाति के नाम पर भड़का दो, यह हो रहा है। कब तक आप धर्म के नाम पर राजनीति करोगे, लोगों के पेट में अनाज जाएगा तब भूख मिटेगी, एक दिन तो असली मुद्दों पर लौटना पड़ेगा। देश में महंगाई और बेरोजगारी से हाहाकार मचा हुआ है।

पीएम ने शांति की अपील नहीं की

गहलोत ने कहा- उदयपुर में कन्हैयालाल के मर्डर के बाद देश प्रदेश में बड़े स्तर पर दंगे भड़क सकते थे, लेकिन हमने हालात पर नियंत्रण किया, मैं खुद उदयपुर चला गया,विश्वास बहाली की। इस माहौल में मैंने पीएम से कहा कि एक आप शांति और भाईचारा कायम करने के लिए अपील कीजिए लेकिन उन्होंने नहीं सुनी।

कोरोना में ताली थाली बजाने की अपील की, अब शांति की अपील कर दीजिए। आपने जो रास्ता अपनाया है उसमें आपकी बात लोग मानेंगे। आपने तय किर लिया है कि खुले रूप में धर्म की राजनीति करनी है तो कम से यह तो कह दीजिए कि हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**देश में केवल एक धर्म की राजनीति हो रही है**

गहलोत ने कहा- मैं प्रधानमंत्री से मिलूंगा तो कहूंगा कि प्रधानमंत्री जी आप सिविल सोसाइटीज से प्यार करना सीखो, आपको आनंद की अनुभूति होगी, ये आपको सच्चाई बताएंगे। आप भाषणों में इतनी बातें करते हो। आज पूरी पूरी दुनिया देख रही है कि हिंदुसतान में एक धर्म की राजनीति हो रही है।

# जयपुर में कॉलेज छात्रा से क्लासमेट ने किया रेप

**फ्लैट पर आकर बोला- पार्टी करते हैं, नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर किया दुष्कर्म**

जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में कॉलेज छात्रा के साथ क्लासमेट के रेप करने का मामला सामने आया है। पार्टी के बहाने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया गया। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर सोमवार शाम मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसएचओ मनोहर सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश निवासी 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह प्राइवेट कॉलेज से एमआईटी की पढ़ाई कर रही है। इन्द्रा गांधी नगर में किराए का फ्लैट लेकर रहती है। उसकी क्लास में धीरज शर्मा भी पढ़ता है। साथ पढ़ने के कारण दोनों फ्रेंड है और बातचीत होती रहती है। 31 जुलाई को देर शाम आरोपी धीरज शर्मा उससे मिलने फ्लैट पर आया।

कुछ देर बैठकर बातचीत करने के बाद पार्टी करने की कहा। पार्टी के लिए लाई कोल्ड ड्रिंक उसे पीने के लिए ऑफर की।

# लंपी वायरस से 11 जिलों में 3000 गौवंश की मौत



जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पशुओं में लंपी वायरस डिजीज तेजी से फैल रही है। 11 जिलों की गाय-भैंसों में इसका प्रकोप फैल चुका है। पशुओं की मौतों का आंकड़ा भी सर्वे के आधार पर बढ़ता जा रहा है। पशुपालन विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि 3 हजार से ज्यादा गौवंश इस बीमारी से अब तक दम तोड़ चुके हैं। इन मौतों का वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। करीब 50 हजार पशुओं में संक्रमण फैल चुका है। हालात बिगड़ते देखकर प्रदेश की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आज शाम 5.30 बजे इमरजेंसी बैठक बुलाई है।

बैठक में पश्चिमी राजस्थान समेत लंपी वायरस के प्रकोप से प्रभावित पशुओं वाले 11 जिलों के कलेक्टर्स, पशुपालन विभाग के सचिव पीसी किशन, एडिशनल डायरेक्टर हेल्थ एनएम सिंह, एडिशनल डायरेक्टर मॉनिटरिंग डॉ आनंद सेजरा और पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। वीसी के जरिए सचिवालय में होने वाली बैठक में जिलों के कलेक्टर वेबलिंक से जुड़ेंगे। सभी जिला कलेक्टर्स और जिले के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी सीएस को बीमारी के हालातों, मौत के आंकड़ों, बीमार पशुओं की संख्या, ट्रीटमेंट सेंटर्स, मेडिकल फैसिसिटीज और मेडिसीन के लिए फंड और दूसरी जरूरतों पर फीडबैक देंगे। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में 2727 रजिस्टर्ड गौशाला हैं।

# जालोर से वायरल हुआ था रीट पेपर, कैंडिडेट अरेस्ट

जयपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। रीट -2022 की चौथी पारी का पेपर जालोर से वायरल हुआ था। क्यूआर कोड के जरिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षार्थी को पकड़ा है। परीक्षार्थी पेपर के कुछ पेज फाड़कर अपने साथ ले गया था। अगले दिन सोशल मीडिया पर यही क्वेश्चन पेपर के पेजों को वायरल किया था। क्यूआर कोड की जांच के बाद वायरल करने वाले आरोपी परीक्षार्थी सरवन खान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

जालोर एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जेनियां ने बताया कि रीट में चौथी पारी के प्रश्न पत्र पुस्तिका के पेज फाड़कर ले जाने वाले परीक्षार्थी सरवन खान निवासी वगतपुरा रानीवाड़ा जालोर को गिरफ्तार किया गया है। वह लेवल-2 के पेपर के 12 पन्ने फाड़कर साथ ले गया था। बाकी पुस्तिका जमा करा दी थी।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था पेपर

25 जुलाई को इन पन्नों को वायरल कर दिया था। यह पहला मौका है जब किसी आरोपी के खिलाफ नए नकल कानून राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2022 के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। दरअसल, इस परीक्षा में हर पेपर का अलग क्यूआर कोड था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस पेपर के क्यूआर कोड की जांच के बाद बोर्ड ने परीक्षार्थी सरवन खान को ट्रेस कर लिया। केंद्राधीक्षक नीबसिंह देवल, वीक्षक गोपाल सिंह के भी बयान दर्ज किए गए हैं। बता दें कि रीट में स्पष्ट निर्देश थे कि परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पुस्तिका साथ नहीं ले जा सकते। उसे वीक्षकों को सौंपना है। वायरल पेपर की फोटोज बोर्ड ने गोपनीय प्रेस को भेजीं। क्यूआर कोड को नष्ट



करने का प्रयास किया गया, पर गहनता से जांच में सामने आया कि ये पन्ने जालोर जिले की 24 जुलाई को चौथी पारी के संभव हैं।

बोर्ड ने जालोर जिले से पहुंची सभी केंद्रों की प्रश्न-पत्र पुस्तिकाओं को जांचा। इसमें केंद्र संख्या 51808 के बक्से में रखी एक पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 79 से 90 तक गायब थे। पुलिस जांच में सामने आया कि यह केंद्र दयापुरा के राउमावि में था। इस केंद्र में कॉपी क्रमांक 4221714 व सीरीज बी के कई पेज गायब थे। यह सरवन खान (नामांकन संख्या 518702764) को आवंटित की गई थी।

# मंत्री बोले- अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

## विश्वेंद्र सिंह ने टाली जनसुनवाई; कहा- जनता के काम तो हो नहीं रहे

भरतपुर, 2 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार में कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने बुधवार को भरतपुर के सर्किट हाउस में होने वाली जन सुनवाई टाल दी है। मंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों पर अपनी भड़ास निकाली। कहा कि आम जनता जन सुनवाई में दूर-दराज के इलाकों से उम्मीद लेकर आती है, हम आश्वासन देते हैं लेकिन अधिकारी उनका काम नहीं करते, ऐसे में जनता दरबार लगाने का क्या फायदा।

भरतपुर में आम जनता की सुनवाई नहीं करने के आरोप जिला प्रशासन के अधिकारियों पर लगते रहे हैं। मंगलवार को इन शिकायतों पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने मुहर लगा दी। मंत्री ने कहा कि हमारा, मुख्यमंत्री का और राजस्थान सरकार का उद्देश्य प्रदेश की गरीब और आम जनता की सुनवाई करना है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है। लेकिन जिले के अधिकारी गरीब जनता की सुनवाई नहीं कर रहे हैं ।

**सीएम गरीबों के साथ मगर अधिकारी नहीं सुनते**

मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश की आम जनता और गरीबों के विकास के लिए तत्पर हैं। आम जनता और गरीबों के विकास के



लिए दिन रात काम कर रहे हैं। मेरा खुद का उद्देश्य गरीब और आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरे जिले में खासकर मेरे विधानसभा क्षेत्र में रोड स्वीकृत किया था लेकिन जिले के अधिकारियों ने उसका अभी तक सर्वे नहीं कराया है। यही वजह है कि बुधवार को होने वाली जनसुनवाई को मैंने निरस्त कर दिया है।

## अग्रवाल समाज ने ध्वजारोहण कार्यक्रम के संदर्भ में की बैठक



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना इस वर्ष स्वतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम सिकंदराबाद स्थित श्री अग्रसेन भवन में आयोजित कर रहा है। समाज की सिकंदराबाद उत्तरांचल के संयोजन में आयोजित होने वाले उक्त समारोह में समाज की सभी शाखाओं के पदाधिकारी सदस्यों और केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा अन्य उपस्थित होंगे। समाज के कार्यालय में समाज अध्यक्ष एके अग्रवाल ने उक्त घोषणा करते कहा हुए हर्ष व्यक्त किया कि यह देशवासीयों के लिए गर्व का विषय है कि देश अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षांगाठ मना रहा है। इस महान अवसर पर हम सभी देशवासियों का यह कर्तव्य है कि हम सभी इस अवसर को राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में आयोजित करें। अपने यह भी कहा कि समाज की सिकंदराबाद उत्तरांचल के संयोजक में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के साथ ही समाज की सभी शाखाओं के द्वारा भी क्षेत्रीय अधारों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष दिलीप पंसारी ने कहा कि हर घर, संस्थान, परिसर पर तिरंगे के फहराने से देश की राष्ट्रीय एकता की मजबुती और महानता विश्व स्तर पर सामने आयेगी। सिकंदराबाद उत्तरांचल शाखा के अध्यक्ष और कार्यक्रम के प्रमुख कनवेनर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष का स्वतंत्र दिवस 15 अगस्त एक महान राष्ट्रीय उत्सव है। अतः कार्यक्रम को राष्ट्रीय महत्व नाम प्रदान किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित समाज के मानद मंत्री कपुर चन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश जालान ने भी समाज की सभी शाखाओं तथा सदस्यों से स्वतंत्रा की 75वीं वर्षगांठ में जोर शोर से शामिल होने का आह्वान किया। सभा में मुफुल जैन भी उपस्थित थे।

## नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर चढ़ाया दूध, मांगी मन्नत




आसिफाबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिलेभर में नागपंचमी श्रद्धाभाव से मनाई गई। लोगों ने शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना की और नागों को दूध पिलाकर मन्नत मांगी। शिवालयों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़भाड़ रही। इस दौरान शहर के केसलापुर हनुमान मंदिर के पास, संदीप नगर शिवालय मंदिर, कन्याका परमेश्वरी शिवालयम आदि प्रसिद्ध शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से शाम तक मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। कहा जाता है कि नाग पंचमी पर शिवालयों में दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस दिन नाग-नागिन के जोड़े को देखना बहुत शुभ माना जाता है। वहीं सांपों को दूध पिलाने से सभी बाधाएं दूर होती हैं। जिनकी कुंडली में कलासर्प दोष हो वह अगर नागपंचमी को इसकी पूजा कराएं तो यह दोष हमेशा के लिए दूर हो जाता है। और इसी प्रकार आसिफाबाद जेडपीटीसी चेयरमैन पर्सन कोवा लक्ष्मी, जेडपीटीसी अरिगेला नागेश्वर राव ने परिवार के साथ मंदिर जाकर नाग देवता की शास्त्रानुसार पूजा अर्चना की।

## ब्रह्मर्षि समाज की कार्यकारिणी की बैठक, सावन की सैर 7 को



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्मर्षि समाज हैदराबाद कार्यकारिणी की मासिक बैठक जगद्गीरगुट्टा स्थित परशुराम मंदिर में समाज के अध्यक्ष सुजीत ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समाज के महासचिव इंद्रदेव सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति देते हुए कहा कि गोष्ठी में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समाज के विकास एवं सदस्यों के बीच एकता तथा आपसी सौहार्द को और मज़बूत बनाने के लिए सदस्यों ने आपस में विचार विमर्श किया।

ब्रह्मर्षि के वंशपुरुष भगवान परशुराम मंदिर को चारों ओर से चारदीवारी के निर्माण कर और सुरक्षित करने की बातें की गई एवं मंदिर में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए सुझाव एवं तरीक़े बताए गए। प्रतिवर्ष 14 और 15 अगस्त को 24 घंटे का अखंड रामायण और अष्टयाम के आयोजन हेतु भी चर्चा की गई। सावन माह को देखते हुए समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती रागिनी सिन्हा ने महिलाओं द्वारा समाज के सभी सदस्यों हेतु सावन की सैर का आयोजन के लिए प्रस्ताव रखा जिसे कार्यकारिणी ने सहर्ष स्वीकृती दे दी। गौर तलब है कि श्रावण की सैर का आयोजन महिलायें विगत कई वर्षों से करती आ रही हैं जिसमें समाज के सभी सदस्यों को सैर के लिए आमंत्रित किया जाता है। अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल कूद का आयोजन कर सदस्यों के मनोरंजन का पूर्ण ख़याल रखा जाता है। आपस में विचार विमर्श के उपरांत महिलाओं ने तय किया कि श्रावण के सैर का आयोजन 7 अगस्त रविवार को होगा। सदस्यों की सुविधाओं को देखते हुए इस आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल के रूप में शिल्पारमम को चुना गया। महिला अध्यक्षा ने समाज के सभी सदस्यों से अपील की कि वे सावन की सैर में अपने सम्पूर्ण परिवार एवं मित्रों के साथ भाग लेकर सावन का आनंद उठाएँ एवं इसे सफल बनाएँ। बैठक में अध्यक्ष, महासचिव एवं महिला अध्यक्षा के अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राय, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, सहसचिव पंकज सिंह, पूर्व अध्यक्ष गोविंद राय, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती गीतू शर्मा, वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष आरएस शर्मा एवं मानवेंद्र मिश्र, पूर्व कोषाध्यक्ष तिरुपति राय अदि ने भी उपर्युक्त विषयों पर अपनी राय दी।



चिराग अली लेन, आबिड्स स्थित नागलक्ष्मी माता के मंदिर में नाग पंचमी पर पूजा-अर्चना करते हुए ए. गौतम जैन, पी. राजेंद्र यादव, गजानंद चौधरी, रघुनंदन गोप। उपस्थित हैं मंदिर समिति के सदस्य।

## आरएलपी सुप्रिमो हनुमान बेनीवाल का नगरागमन 6 को



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वीर तेजा सेवा समिति हैदराबाद तेलंगाना के तत्वावधान में आयोजित एक शाम वीर तेजाजी महाराज के नाम विशाल तेजा गायन कार्यक्रम के लिए बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रिमो व नागौर सासंद हनुमान बेनीवाल शनिवार 6 अगस्त को नगर पधार रहे हैं। वीर तेजा सेवा समिति के धनराज लाम्बरोर व हनुमान छिणग ने संयुक्तरुप से बताया कि विशाल तेजा गायन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 06 अगस्त रात्रि 9 बजे से एस.एन.सी.कन्वेशन हॉल शिवरामपल्ली अत्तापुर मे आयोजित किया जायेगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि तेलंगाना की पावन धरा पर पहली बार आर.एल.पी. सुप्रिमो हनुमान बेनीवाल प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे। अवसर पर बेनीवाल को प्रवासी बन्धुओं को राजस्थान मे हो रहे समस्याओं का ज्ञापन सौपकर अवगत कराया जायेगा। वीर तेजा गायन राजस्थान के सुप्रसिद्ध तेजा गायक 2 पार्टी एवंसुप्रसिद्ध डांसर भँवरजी लेगा व लकी उड़ान द्वारा वीर तेजाजी महाराज के चरणो मे प्रस्तुत किया जायेगा। विशाल तेजा गायन कार्यक्रम मे तेलंगाना मे बसे 36 कोम की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व समाज बन्धु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शक दूदाराम बाबल जाट समाज ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारा रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वीर तेजा सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम की रुप रेखा पर विचार-विमर्श कर कार्यकर्ताओं को अपना-अपना कार्यभार सौपा गया है।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी सभा की तैयारी के संबंध में हुई विशेष बैठक



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा तेलंगाना द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारीणी की आम बैठक जो काठमांडु, नेपाल में 15 एवं 16 अगस्त को होने जा रही है, इस सम्बन्ध में अध्यक्ष परमेश्वर दयाल शर्मा की अध्यक्षता में विशेष सभा का आयोजन सभा के कार्यलय मानसी गंगा काप्लेक्स फीलखाना पर रखी गई। महामंत्री महेश आवस्थी ने तेलंगाना से 32 सदस्य जो राष्ट्रीय कार्यकारीणी की बैठक में जा रहे है। उन्हें बैठक की पूरी जानकारी एवं नियम से अवगत कराया एवं सभी को नेपाल जाने हेतु पहचान पत्र प्रदान किये। सभा में अध्यक्ष परमेश्वर दयाल शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र आचार्य, माहमंत्री महेश अवस्थी, महिला अध्यक्ष किरण व्यास, संयोजक दिपक ओझा के अलावा जब्बर चन्द बोरा, निरंजन जोशी (शर्मा), रामदयाल तिवारी, श्रीराम ओझा, रामनिवास जोशी, ग्यासीलन सुमित्रा पाण्डया, अल्का व्यास, सुमन व्यास, गोमती जोशी, सुषमा व्यास, सरला तिवारी, कल्पना व्यास, पुनम जोशी, सोनीया ओझा, वल्लभ व्यास आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

## कैसीनो आयोजक चिकोटी दूसरे दिन ईडी के सामने पेश

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लगातार दूसरे दिन कैसीनो आयोजक चिकोटी प्रवीण कुमार मंगलवार को यहां बशीरबाग स्थित अपने कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। ईडी कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि वह कथित विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के संबंध में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे थे और कहा कि उनके खिलाफ जानबूझकर झूठे आरोप लगाए गए हैं। यह दावा करते हुए कि उनके नाम पर ट्विटर और फेसबुक अकाउंट फर्जी थे, कुमार ने कहा कि उन्होंने हैदराबाद पुलिस के केंद्रीय अपराध स्टेशन (सीसीएस) में शिकायत दर्ज कराई और मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। कुमार के कार्यालय छोड़ने के बाद, उनके प्रमुख सहयोगी माधव रेड्डी और संपत ईडी के सामने पेश हुए। सोमवार को पहले दिन, ईडी के अधिकारियों ने कुमार से 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और उनके बैंक लेनदेन और राजनेताओं और फिल्म अभिनेत्रियों के साथ कथित संबंधों के बारे में जानकारी एकत्र की।



जामबाग संभाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने कोटि स्थित श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय की प्रजा संग्राम यात्रा की सफलता के लिए विशेष पूजा की। साथ में हैं नितिन, रामकृष्ण, राजू यादव, अनिल, अशोक व अन्य।



मुचिन्तला स्थित जीव आश्रम में संत चिन्न जियर स्वामी, अहोबिलं जियर स्वामी एवं श्रीनिवास व्रतधर जियर स्वामी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कलकत्ता से पधारे भागवत कथा वाचक श्रीनिवास शर्मा, महेंद्र सिंहनोडिया, रिद्धिश जागीरदार, आरके जैन, परमानंद बंसल एवं अन्य।

## अग्रवाल समाज बेगमपेट शाखा की वार्षिक साधारण सभा संपन्न



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज सोमाजीगुडा बेगमपेट शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं तीज उत्सव का आयोजन होटल मेजबान में किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा शाखा के मानद मंत्री दिलीप चैन वाला ने बताया कि सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया मानद मंत्री ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं कोषाध्यक्ष ने साल भर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शाखा द्वारा तीज उत्सव भी मनाया गया। सभा में अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मानद मंत्री दिलीप चैन वाला कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग केंद्रीय समिति सदस्य विष्णु गुप्ता संदेश अग्रवाल सुनील गुप्ता सुमन गुप्ता प्रीति अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन : ट्रैफिक व्यवस्था में फेर-बदल

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को रोड नंबर 12 पर बंजारा हिल्स में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के उद्घाटन के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक यातायात प्रतिबंध लागू रहेगा। चूंकि रोड नंबर 12 पर भारी भीड़भाड़ होगी, इसलिए मोटर चालकों को वैकल्पिक मार्ग लेने के लिए कहा गया है। एनटीआर भवन से अपोलो अस्पताल और फिल्म नगर, बंजारा हिल्स की ओर आने वाले ट्रैफिक को जुबली हिल्स चेक-पोस्ट की ओर रोड नंबर 36, रोड नंबर 45 से माधापुर की ओर जाना चाहिए। मसब टैंक से रोड नंबर 12, बंजारा हिल्स की ओर आने वाला ट्रैफिक रोड नंबर 1, बंजारा हिल्स, रोड नंबर 10, जहीरा नगर और कैंसर अस्पताल की ओर वैकल्पिक मार्ग ले सकता है। इसी तरह, फिल्म नगर से उड़ीसा द्रीप की ओर आने वाला यातायात जुबली हिल्स चेक-पोस्ट, एनटीआर भवन, सागर सोसाइटी, एसएनटी और एनएफसीएल की ओर पंजागुट्टा की ओर वैकल्पिक मार्ग ले सकता है। मसाब टैंक से रोड नंबर 12 और जुबली हिल्स की ओर आने वाला ट्रैफिक मेहदीपट्टनम, नानल नगर, तोलीचौकी, फिल्म नगर और जुबली हिल्स के रास्ते वैकल्पिक मार्ग ले सकता है।

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सरदार वल्लभभाई पटेल छावनी सामान्य अस्पताल, बोलाराम, सिकंदराबाद में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद के तत्वावधान में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, छावनी अस्पताल के कृष्ण रेड्डी प्रशासनिक अधिकारी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. साकेत राम अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) और श्रीनिवास राव, पुस्तकालयाध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लिया। शिविर में 200 से अधिक रोगियों ने दौरा किया और सभी को संशवनीवटी और आयुष जीवन शैली के दिशानिर्देश वितरित किए गए।



श्रावण मास के तृतीय सोमवार पर श्री सिखवाल ब्राह्मण समाज भाग्यनगर के तत्वावधान में श्री रामदरबार पंचायती बाडा स्थित शिवालय पर महा रुद्राभिषेक आयोजित किया गया। इसमें भाग लेते हुए रामनिवास ओझा, रामदेव नागला व अन्य।



तीसरे चरण की प्रजा संग्राम यात्रा शुरू करने के लिए यादाद्री जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार का उप्पल में पारंपरिक स्वागत करते हुए पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर व अन्य।



मंगलवार को चिराग गली स्थित नाग माता मंदिर में पूजा-अर्चना की गठ। इसमें भाग लेती हुईं अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनैना नारसरिया, वंदना पचेरिया, शीतल बंसल, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, सुमन पांडे, अनु अग्रवाल, संगीत जाजोरिया व अन्य।

## कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद पर हुई परिचर्चा



छत्तीगढ़, 2 अगस्त (स्वर्त वार्ता)। हिंदी साहित्य भारती कोंडागांव 'छ गण' हिंदी साहित्य परिषद कोंडागांव व सम्पदा स्वयमसेवी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में माँ दंतेश्वरी हर्बल इस्टेट कोंडागांव में मुंशी प्रेमचंदजी की जयंती पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी थे। विशेष अतिथि के रूप में छ ग हिंदी साहित्य परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष हरेंद्र यादव सम्पदा स्वयमसेवी संस्थान की प्रमुख शिप्रा त्रिपाठी, अध्यक्ष दशमती नेताम, हिंदी साहित्य भारती के जिलाध्यक्ष उमेश मण्डावी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजा राम त्रिपाठी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद मरे नहीं हैं, वे आज भी जिंदा हैं। अपनी कालजयी रचनाओं में, अपने अमर पात्रों में वे आज भी जिंदा है।वरिष्ठ साहित्यकार हरेन्द्र यादव ने कहा कि प्रेमचंद जी का साहित्य को पढ़ने वाले लोगो के जीवन में निश्चित बदलाव आता हैं और वो आदर्श जीवन जीते हैं। शिप्रा त्रिपाठी ने मुंशी प्रेमचंद जी को समाज सुधारक व समाज को दिशा देने वाला साहित्यकार बताया। दशमती नेताम ने भी उन्हें महान साहित्यकार बताया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारो द्वारा मुंशी प्रेमचंद जी की कफ़न, ईदगाह ,नमक का दरोगा ,बूढ़ी काकी कहानियो तथा गोदान उपन्यास पर भी चर्चा की।

अंत में सभी साहित्यकारो द्वारा हिंदी साहित्य भारती के महामंत्री बृजेश तिवारी के पिताजी सेवानिवृत्त रेंजर स्व. के .एल .तिवारी को दो मिनट का मौन रख विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।



मदनूर मंडल केंद्र के साथ साथ विविध गांव में बड़ी भक्ति भाव से मनाये गये नाग पंचमी पर्व में भाग लेती हुईं स्थानीय महिलाएं चंद्रकला, कल्पना, संध्या, आश्विनी, निकिता व अन्य।



चारमीनार विधानसभा क्षेत्र के तेरास प्रभारी मोहम्मद सलाहुद्दीन ने आज शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी से मिलकर एक ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में सरकारी हाई स्कूल दारुलशिफा और सरकारी गर्ल्स हाई स्कूल मोगुलपुरा के समस्याओं के समाधान की मांग की। शिक्षा मंत्री ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन

# रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हारा भारत

## डेवोन थॉमस ने खेली 31 रन की धमाकेदार पारी, मैकॉय ने पहली बार झटके 6 विकेट

सेंट किट्स, 2 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने दूसरा टी-20 मुकाबला 5 विकेट से जीतकर 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 139 रन का टारगेट दिया था, जिसे उन्होंने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे ज्यादा 68 रन ब्रैंडन किंग ने बनाए। वहीं, डेवोन थॉमस ने आखिरी ओवरों में धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 19 गेंद में 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

भारत के लिए सबसे ज्यादा रन हार्दिक पंड्या ने बनाए। उन्होंने 31 गेंद में 31 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए ओबेड मैकॉय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए। ये पहला मौका था जब उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 5 या इससे ज्यादा विकेट झटके हैं। वहीं, जेसन होल्डर ने 2 विकेट अपने नाम किए।

**कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं चला**

दूसरे टी-20 में टीम इंडिया के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मैच की पहली ही गेंद पर भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा। कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना ओबेड मैकॉय की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे और गोल्डन डक पर आउट हो गए। मैकॉय ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर टीम इंडिया को एक और झटका दिया और 6 गेंद पर 11 रन बनाकर खेल रहे सूर्यकुमार यादव को भी आउट कर दिया।

अल्जारी जोसेफ ने भारत को शुरुआती झटको से उबरने ही नहीं दिया और श्रेयस अय्यर को 10 रन पर आउट कर दिया।



ऋषभ पंत को मैच में शानदार शुरुआत मिली। वो 12 गेंद में 24 रन बनाकर खेल रहे थे। ऐसा लगा कि वह बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन अकील होसेन की गेंद पर वो बाउंड्री लाइन पर ओडेन स्मिथ को कैच दे बैठे। हार्दिक पंड्या भी 31 रन बनाकर जेसन होल्डर की गेंद पर आउट हुए।

**खिलाड़ियों का सामान न पहुंचने के कारण लेट हुआ मैच**

पहली बार टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं, बल्कि खिलाड़ियों का सामान न पहुंचने की वजह से लेट हुआ। मैच सेंट किट्स के बैसेतेरे ग्राउंड में खेला जाना था, लेकिन त्रिनिदाद से खिलाड़ियों का सामान सेंट किट्स पहुंचा ही नहीं। इसके चलते रात 8 बजे शुरू होने वाला मैच रात 11 बजे शुरू हुआ।

इस सीरीज में इंडिया 1-0 से आगे चल रही थी, लेकिन दूसरा मैच हारने के बाद सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। अगर भारत यह मुकाबला जीत जाती तो वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन जाती।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जाडेजा, दिनेश कार्तिक, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह। टीम इंडिया ने अपने प्लेइंग में एक बदलाव किया है। रवि बिश्नोई की जगह आवेश खान को मौका मिला।

वेस्टइंडीजः काइल मेयर्स, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन (कप्तान और विकेटकीपर), रोवमन पॉवेल, शिमरन हेटमायर, डेवोन थॉमस, जेसन होल्डर, अकील होसेन, ओडेन स्मिथ, अल्जारी जोसेफ और ओबेड मैकॉय।



## भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच इसी महीने

### एशिया कप में 28 अगस्त को होगा मैच, दुबई में शाम 6 बजे से शुरू होगा टी-20 मुकाबला



दुबई, 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान इसी महीने टी-20 मैच खेलेंगे। आईसीसी ने एशिया कप का शेड्यूल जारी किया है। इसके मुताबिक ग्रुप ए के मुकाबले में भारत और पाकिस्तान का मैच होगा। यह मैच 28 अगस्त को दुबई में शाम 6 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर को खेला जाएगा।

इससे पहले भारत और पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़े थे। 24 अक्टूबर 2021 को खेले गए इस मुकाबले में भारत को पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया था। इस बार इंडिया के पास टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला लेने का मौका होगा। एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अगस्त से होगी।

**21 अगस्त से एशिया कप क्वालिफायर**

एशिया कप क्वालिफायर के मुकाबले 21 अगस्त से शुरू होंगे। इसमें यूएई, ओमान, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग सहित अन्य टीमें उतरेंगी। इसमें से एक टीम मेन ड्रॉ के लिए क्वालिफाई करेगी। मेन ड्रॉ में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को पहले ही जगह मिल चुकी है। अंतिम बार एशिया कप के मुकाबले 2018 में यूएई में कराए गए थे।

पहले यह मेगा इवेंट श्रीलंका में होने वाला था, लेकिन वहां के हालात खराब होने के कारण इस टूर्नामेंट को ऐन मौके पर यूएई शिफ्ट किया गया। हालांकि यहां पर भी इस टूर्नामेंट का होस्ट श्रीलंका क्रिकेट ही रहेगा।


**पिछला एशिया कप भारत ने जीता था**

इस बार एशिया कप 20-20 ओवर का खेला जा रहा है। पिछली बार 2018 में 50-50 ओवर के मुकाबले खेले गए थे। खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में बांग्लादेश ने 223 रन का टारगेट दिया था। इसे भारत ने 50 ओवर में हासिल कर लिया था। पहली बार 2016 में टी-20 फॉर्मेट में इसका आयोजन कराया गया था। भारत 7 बार एशिया कप का खिताब जीत चुका है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला कप्तान ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

### रेलवे में नौकरी करने वाली हरमनप्रीत का खेल देखा तो सचिन ने की थी सिफारिश

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसियां)। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 42वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महेंद्र सिंह धोनी का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। 2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी के नेतृत्व में भारतीय टीम ने 41 टी20 इंटरनेशनल मैच जीते हैं। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली हैं, जिनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में 30 मैचों में जीत हैं। हरमनप्रीत सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाली भारतीय कप्तान बन गईं। बता दें कि ये कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पहली जीत है। भारतीय टीम ने ग्रुप-ए के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया।



एक समय में कहा जाता था कि क्रिकेट पुरुषों का खेल है, लेकिन हरमनप्रीत ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर के साबित कर दिया कि महिलाएं भी पुरुषों से किसी भी मायने में कम नहीं है। आइए आपको हरमनप्रीत के यहां तक पहुंचने का सफर और उन दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटरों के बारे में बताते हैं, जिन्होंने पुरुषों के रिकॉर्ड तोड़े हैं।

बचपन से ही क्रिकेट में रुचि रही भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर का जन्म अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च साल 1989 में हुआ था। पंजाब के मोगा जिले में जन्मी हरमनप्रीत के पिता का नाम हरमंदर सिंह भुल्लर है और मां का नाम सतविंदर सिंह है। हरमनप्रीत के पिता एक अच्छे वॉलीबॉल और बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। इसलिए बचपन से हरमनप्रीत के मन में खेलों के लिए रुचि रही।

हरमनप्रीत क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के खेल को सबसे ज्यादा पसंद करती और उन्हें देख-देख कर सीखने की कोशिश करती थीं। औपचारिक तौर पर हरमनप्रीत कौर ने क्रिकेट में अपना डेब्यू 20 साल की उम्र में किया था। 2009 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट अर्क राइवल्स के खिलाफ हरमनप्रीत कौर ने मैच खेला था। इसी साल उन्हें महिला क्रिकेट टीम में विश्वकप में खेलने का भी मौका मिला।

साल 2012 में उन्होंने वुमन टी-20 एशिया कप के फाइनल मैच में भारतीय टीम की कप्तानी की। उस समय मिताली राज जो कि टीम की कप्तान थीं और झूलन गोस्वामी उपकप्तान थीं, लेकिन दोनों ही घायल होने के कारण मैच से बाहर हो गई थी, इसलिए हरमनप्रीत को कप्तानी करने का मौका मिला और उनकी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप जीता था।

हरमनप्रीत ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके पिता हरमिंदर सिंह भुल्लर वालीबॉल और बास्केटबॉल के खिलाड़ी हैं, लेकिन वो क्रिकेट भी खेला करते थे।



### 92 साल के इतिहास में पहली बार

## भारतीय महिला लॉन बॉल्स टीम ने जीता गोल्ड



बर्मिंघम, 2 अगस्त (एजेंसियां)। ये भारतीय महिला लॉन बॉल्स टीम है जिसने फाइनल में साउथ अफ्रीका को 17-10 से पराजित कर गोल्ड जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने चौथा गोल्ड जीत लिया है। पांचवें दिन महिला लॉन बॉल्स के फाइनल में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 17-10 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स के 92 साल के इतिहास में पहला मौका है, जब भारतीय लॉन बॉल्स महिला टीम ने कोई मेडल जीता है। फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ी लवली चौबे, पिंकी, नयनमोनी सैकिया और रूपा रानी टिर्की ने शानदार प्रदर्शन किया। 1930 से कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरुआत हुई। पहले टूर्नामेंट से ही लॉन बॉल्स कॉमनवेल्थ का हिस्सा है, लेकिन भारतीय महिला टीम कभी इसमें कोई भी मेडल नहीं जीत सकी थी। 2010 में नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला टीम पहली बार लॉन बॉल्स के लिए क्वालिफाई कर सकी थी।

## कॉमनवेल्थ गेम्स का पांचवां दिन

### लॉन्ग जंपर श्रीशंकर, मो. अनीस ने फाइनल के लिए किया क्वालिफाई; मनप्रीत शॉटपुट के खिताबी दौर में बरकरार

बर्मिंघम, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स में मंगलवार को पांचवें दिन के मुकाबले जारी हैं। भारतीय लॉन्ग जंपर श्रीशंकर मुरली और मोहम्मद अनीस ने फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। साथ ही शॉटपुट विमेंस में मनप्रीत ने मेडल राउंड में जगह बना ली है।मेंस लॉन्ग जंप इवेंट के क्वालिफाइंग राउंड में केरल के श्रीशंकर ने पहली ही छलांग में 8.05 मीटर की दूरी मापते हुए फाइनल में जगह बनाई हैं। वहीं, मोहम्मद अनीस 7.68 मीटर की छलांग के साथ 8वें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। साथ ही शॉटपुटर मनप्रीत 16.98 मीटर के साथ 7वें स्थान पर रहीं। दूसरी ओर भारतीय महिला टीम विमेंस फोर इवेंट के फाइनल में साउथ अफ्रीका से 8-2 से आगे चल रही है।

**वेटलिफ्टिंग : मेडल से चूकीं पूनम यादव, पिछली बार गोल्ड जीता था**

भारतीय वेटलिफ्टर पूनम यादव विमेंस 76केजी वेट कैटेगरी में मेडल जीतने से चूक गईं। उन्होंने स्नैच में 98 केजी वेट उठाया। लेकिन, क्लीन एंड जर्क के तीन प्रयास में वे एक बार भी 116 केजी वेट नहीं उठा पाईं। पूनम 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट थीं और इस बार भी उनसे सोने के तमगे की उम्मीद थी।

क्लीन एंड जर्क के तीसरे प्रयास में पूनम ने वेट उठा लिया था। लेकिन, रेफरी के सिग्नल से पहले ही उन्होंने बारबेल नीचे रख दिया और उनकी लिफ्ट डिसक्वालिफाई कर दी गई।



भारतीय दल ने रेफरी के फैसले को चैलेंज भी किया लेकिन गेम्स ज्यूरी ने इसे खारिज कर दिया।

लॉन बॉल्स के विमेंस ट्रिपल में भारत ने न्यूजीलैंड को 15-11 से पराजित कर दिया है। जबकि विमेंस पेयर में तानिया चौधरी और पिंकी की भारतीय जोड़ी को कीवि जोड़ी के खिलाफ 11-15 की पराजय झेलनी पड़ी है।

## जडेजा ने फॉलो थ्रू में पकड़ा गजब का कैच

### हेटमायर ने मारा बुलेट जैसा शॉट, जडेजा ने एक सेकंड के अंदर पकड़ लिया

सेंट किट्स, 2 अगस्त (एजेंसियां)। भारत-वेस्टइंडीज मुकाबले में सोमवार को गजब का कैच देखने को मिला। यह कैच पकड़ा दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने। वो भी एक सेकंड के अंदर। दरअसल, यह सुपर एक्शन देखने को मिला वेस्टइंडीज की पारी के दौरान 13वें ओवर में जब कप्तान रोहित शर्मा ने जडेजा को गेंद थमाई।

तब मेजबान टीम ने भारत के 139 रन के टारगेट के जवाब में 12 ओवर में 2 विकेट पर 82 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए 48 गेंद पर 57 रनों की दरकार थी। ऐसे में टीम इंडिया को मैच में वापसी के लिए विकेटों की जरूरत थी। ब्रेंडन किंग्स 50 और शिमरन हेटमायर 6 रन के निजी स्कोर पर खेल रहे थे।



जडेजा ने हेटमायर को लेग स्टंप पर गुड लेंथ बॉल फेंकी। इस पर हेटमायर ने उनकी दिशा में बुलेट जैसा तेज शॉट मारा। गेंद एक सेकंड से भी कम समय में गेंदबाज जडेजा तक पहुंच गई। ऐसे में उन्होंने शानदार रिफ्लेक्शन दिखाते हुए उस कठिन कैच को पकड़ लिया। हालांकि, टीम इंडिया इस मुकाबले को 5 विकेट से हार गई। अब 5 टी-20 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। मंगलवार को तीसरा मैच खेला जाएगा।

मैच के दौरान कप्तान निकोलस पूरन ने भी अच्छी फील्डिंग की। हालांकि, बैटिंग में वे अपनी टीम के स्कोर में महज 14 रन का योगदान दे सके।

एक दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 में साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने मोइन अली का जबर्दस्त कैच पकड़ा था। इस मैच को अफ्रीका ने 90 रनों के अंतर से जीता था।

## तेज खेलने के फेर में गलत शॉट पर पंत आउट

### 200 की स्ट्राइक रेट से की बैटिंग, पावरप्ले खत्म होते ही गंवाया विकेट

बर्मिंघम, 2 अगस्त (एजेंसियां)। कहते हैं कि रास्ता खाली हो तो गाड़ी चौथे गीयर पर चलाने का मजा ही अलग है। अगर स्पीडब्रेकर्स दिख जाएं तो गाड़ी धीमी करने में ही भलाई मानी जाती है। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ऐसा करने में चूक गए। परिणाम हुआ कि पंत के 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग के बावजूद भारत दूसरा टी-20 गंवा बैठा।

**थोड़ी सी जिम्मेदारी उठा लेते पंत तो हालात दूसरे होते**

पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में भारत के लिए चौथे नंबर पर खेलने आए थे। कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करने आए और पहली ही गेंद पर गोल्डन डक बनाकर चलते बने। उनके सलामी जोड़ीदार सूर्यकुमार यादव भी 183 की स्ट्राइक से 6 गेंद पर 11 रन बनाकर पवेलियन का रास्ता नाप चुके थे।




दिल्ली कैपिटल्स में पंत के जोड़ीदार रहे श्रेयस अय्यर भी 10 रन बनाकर लौट गए। हालांकि, इस सबके बावजूद पावर प्ले के दौरान पंत ने खूब धूम-धड़ाका किया। 200 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए उन्होंने 2 गगनचुंबी छक्के उड़ाए। भारतीय टीम के फैंस भी ये सोचकर सीट बेल्ट की पेटी बांधकर बैठ गए कि आज 'द ऋषभ पंत शो' देखने को मिलेगा। किस्सा भारतीय पारी के 7वें ओवर का है। अकीला हुसैन की दूसरी गेंद पर पंत ने खूबसूरत चौका जड़ा। पावरप्ले खत्म हो चुका था तो स्वाभाविक तौर पर फील्ड भी खुल गई थी। फैंस को लगा कि अब शायद पंत थोड़ा संयम बरतेंगे लेकिन जो थम जाए, वो पंत कैसा।

## भारतीय महिला टीम को मिली पहली हार

### वंदना ने किया इकलौता गोल, इंग्लैंड ने 3-1 से जीता

बर्मिंघम, 2 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

अपने तीसरे मुकाबले में सविता पूनिया की कप्तानी वाली टीम इंग्लैंड के खिलाफ 1-3 से हार गई। भारत के लिए मैच में इकलौता गोल वंदना कटारिया ने 60वें मिनट में किया। वहीं, इंग्लैंड के लिए पहला गोल जिसेल एंसली और दूसरा गोल टेस होवार्ड ने किया। हन्ना मार्टिन ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। भारत ने इससे पहले घाना को 5-0 से और वेल्स को 3-1 से हराया था। भारत का चौथा मुकाबला कनाडा से तीन अगस्त को होगा। टीम इंडिया इस हार के बाद तीसरे स्थान पर चली गई। उसके तीन मैच में छह अंक हैं। वहीं, इंग्लैंड शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके तीन मैच में नौ अंक हैं। कनाडा दूसरे पायदान पर काबिज है। भारत के पास टोक्यो ओलंपिक में इंग्लैंड से मिली हार का बदला लेने का मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई। 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारतीय टीम कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से 0-6 से हार गई थी। हाल ही में हुए विश्वकप में इंग्लैंड ने भारत से 1-1 से ड्रॉ खेला था।



# कानून व्यवस्था के मामले में तेलंगाना नंबर वन : तलसानी



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पशुसंवर्धन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि तेलंगाना कानून व्यवस्था के मामले में नंबर एक राज्य है और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव अपने कैबिनेट सहयोगी महमूद अली, विधायकों के साथ दानम नागेंद्र, मगंती गोपीनाथ, जीएचएमसी की मेयर गडवाल विजयलक्ष्मी, डिप्टी मेयर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बंजारा हिल्स में नवनिर्मित इंटीग्रेटेड कॉमन कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) के लिए चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री 4 अगस्त को करेंगे।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री तलसानी ने कहा कि सीसीसी सार्वजनिक सुरक्षा में एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर बनने जा रहा है और यह पुलिस को नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में सक्षम बनाएगा। तलसानी ने कहा कि एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र, राष्ट्र के लिए पहला, कई इकाइयों के संचालन को एक छत के नीचे जोड़ने में पुलिस की सहायता करेगा और संकट प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण आपातकालीन स्थितियों के लिए एक मंच के रूप में भी काम करेगा। इस बीच सभी कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करने की तैयारी जोरों पर चल रही है।

हाल ही में, सड़क और भवन मंत्री प्रशांत रेड्डी ने सीसीसी का दौरा किया और बताया कि सीसीसी में उचित व्यवस्था की जा रही है कि आगंतुक प्रतिष्ठित इमारत की 14 वीं मंजिल से हैदराबाद शहर को देख सकें। शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

सैकड़ों कार्यकर्ता प्रवेश द्वार के पास सड़क पर लगे पेड़ों को हटाकर परिसर की दीवार के चारों ओर बांस के पेड़ लगा रहे हैं। मुख्य प्रवेश द्वार के पास डिवाइडर और गेट के पास लंबित कार्यों को पूरा किया जा रहा है। सभी कार्यों को समय सीमा से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार 585 करोड़ रुपये की लागत से सीसीसी का निर्माण कर रही है। 2015 में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कमांड कंट्रोल बिल्डिंग की आधारशिला रखी थी।

## छात्र ने केजीबीवी भवन से छलांग लगाई

कोत्तेगुडेम, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चंद्रगोंडा में मंगलवार को एक स्कूल की इमारत से कूदने के बाद छठी कक्षा की एक छात्रा का एक पैर टूट गया और वह घायल हो गई। चंद्रगोंडा मंडल के तुंगाराम की छात्रा प्रमिला ने हाल ही में चंद्रगोंडा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में प्रवेश लिया था। जैसा कि वह स्कूल में नए परिवेश के अनुकूल नहीं हो सकी, तो वह घर जाना चाहती थी, लेकिन उसके माता-पिता ने उसे घर नहीं आने के लिए कहा क्योंकि वह कक्षाओं से चूक जाएगी। कहा जाता है कि वह अपने माता-पिता के सुझाव पर परेशान थी और पिछले कुछ दिनों से स्कूल के छात्रावास में रहने के लिए अनिच्छुक थी। मंगलवार की सुबह उसने स्कूल भवन की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। स्कूल के अधिकारी उसे कोत्तेगुडेम के जिला अस्पताल ले गए, जहां उसके फ्रैक्चर और चोटों के लिए उसका इलाज किया जा रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

# भारी बारिश से फिर सड़कें हुई जलमग्न ट्रैफिक जाम से लोग बेहाल



फाइल फोटो

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में मंगलवार सुबह एक बार फिर भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं और सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह आठ बजे से कुछ समय के लिए हुई भारी बारिश से सड़कों और गलियों में पानी भर गया। ट्रैफिक जाम के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। खैरताबाद, पंजागुट्टा, बंजारा हिल्स, जुबली हिल्स, सिकंदराबाद, मेहदीपट्टनम, अमीरपेट, एल.बी. नगर, नारायणगुडा और हिमायत नगर में भारी बारिश के कारण लोगों को जाम में फंसना पड़ा। खास तौर पर आफिस जाने वालों का हाल बेहाल रहा। सुबह करीब साढ़े दस बजे जारी बुलेटिन में मौसम विभाग ने कहा कि शाम को भी बारिश की संभावना है। हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों को बारिश बंद होने के तुरंत बाद अपनी यात्रा शुरू नहीं करने की सलाह दी। ट्रैफिक पुलिस ने एक अलर्ट में कहा कि बारिश का पानी निकलने और भारी बारिश के कारण यातायात की भीड़भाड़ कम होने के लिए 1-2 घंटे तक प्रतीक्षा करें। इसने नागरिकों को अनावश्यक या महत्वहीन यात्रा से बचने की भी सलाह दी। हैदराबाद में पिछले कुछ हफ्तों से बारिश हो रही है। तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी (टीएसडीपीएस) के अनुसार, चारमीनार में मंगलवार सुबह सबसे अधिक 27 मिमी बारिश हुई, इसके बाद राजेंद्रनगर में 23.8 मिमी और बहादुरपुरा में 18 मिमी बारिश हुई है।

## केटीआर ने बंडी से पूछा सवाल : केंद्र ने तेलंगाना के बुनकरों के लिए क्या किया

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कपड़ा मंत्री केटी रामाराव ने राज्य में 'नेथन्ना कू बीमा' योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार को मजबूर करने का श्रेय लेने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय का उपहास किया। उन्होंने संजय को यह बताने की चुनौती दी कि या तो केंद्र की भाजपा सरकार ने या खुद करीमनगर के एक सांसद के रूप में पिछले आठ वर्षों में बुनकरों के लिए क्या किया। राज्य में बुनकरों के लिए 5 लाख रुपये का बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए नेतन्ना कू बीमा योजना को लागू करने के राज्य सरकार के फैसले के जवाब में, संजय ने पहले घोषणा करने के बावजूद योजना को लागू नहीं करने के लिए राज्य सरकार का मजाक उड़ाने की कोशिश की। उन्होंने इस योजना की घोषणा करने के लिए राज्य सरकार को 'धोखा देने' का श्रेय लेने का दावा किया और यह जानने की मांग की कि योजना को लागू करने में देरी के कारण पीड़ित बुनकरों के परिजनों के लिए कौन जिम्मेदार है।

एक तीखा जवाब देते हुए, मंत्री रामा राव ने टिप्पणी का उपहास करते हुए कहा कि यह एक सांसद (संजय) के मजाक से बहुत समृद्ध है, जो सिरिसिला में अपने संसदीय क्षेत्र के लिए एक मेगा पावर लूम क्लस्टर भी स्वीकृत नहीं कर सका। बीएस कुमार, आप हमें यह क्यों नहीं बताते कि पिछले 8 वर्षों में तेलंगाना में बुनकरों के लिए एनपीए सरकार ने क्या किया? या आप करीमनगर में एक सांसद के रूप में हैं? उसने चुनौती दी।

## बच्चा बिक्री रैकेट का भंडाफोड़, नवजात बच्ची को छुड़ाया गया

**चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के अधिकारियों को मिली सफलता**

नलगोंडा, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के अधिकारियों द्वारा नवजात बच्चों पर नज़र रखने से पुलिस ने चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक बच्चा बिक्री रैकेट का भंडाफोड़ करने में मदद की, जिन्होंने मंगलवार को इस प्रक्रिया में एक नवजात बच्ची को भी छुड़ाया।

पुलिस ने कहा कि गैंगस्टर हैदराबाद के हब्सीगुडा में पद्मजा फर्टिलिटी सेंटर के कर्मचारी वेमुला बाबू रेड्डी (45), ऑटो चालक वल्लेपु श्याम (35) हैदराबाद से एरागडिंडला माधवी (27) और वारंगल से चिरा माधवी (35) थे। गिरोह में शामिल दो अन्य व्यक्ति संपांगी वसंता और कृष्णवेनी फरार हैं।

जिला एसपी रेमा राजेश्वरी ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों द्वारा जिले में नवजात बच्चों पर नजर रखने के बाद रैकेट का खुलासा हुआ. अधिकारियों ने दर्ज किया कि देवरकोंडा मंडल में येराबिच्य थांडा की एक महिला रुदावथ कविता ने 7 जुलाई को देवरकोंडा क्षेत्र के अस्पताल में जुड़वा बच्चों (महिला शिशुओं) को जन्म दिया। आईसीडीएस के पर्यवेक्षक नेनावत राधा ने पाया कि कविता के साथ दो बालिकाओं के बजाय केवल एक बच्चा मौजूद है। अधिकारी ने पुलिस को सूचना दी, जिसने जांच शुरू की।

पुलिस अधिकारियों ने पाया कि जुड़वा बच्चों में से एक को 3 लाख रुपये में बेचा गया है और गिरोह के सदस्यों ने बच्चे की दादी रुदावथ हसली को 80,000 रुपये का भुगतान किया है। गिरोह के सदस्यों ने आपस में 2.2 लाख रुपये की शेष राशि साझा की।

गिरोह का काम करने का ढंग यह था कि बाबू रेड्डी निःसंतान दंपत्ति को फुसलाया करता था, जो आईवीएफ केंद्रों में इलाज के लिए आते हैं और कहते हैं कि गोद लेने के लिए उसे एक बच्चा चाहिए। गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से, वह उन माता-पिता का विवरण प्राप्त करेगा, जो अपने बच्चों को बेचने के इच्छुक हैं। आर. कविता की पहले से ही तीन बेटियाँ थीं और उनकी चौथी डिलीवरी में जुड़वाँ बच्चे हुए। बाबू रेड्डी एक आदतन बच्चा विक्रेता था क्योंकि वह पहले 2018 में हैदराबाद के अलवाल इलाके में बच्चे की बिक्री के मामले में शामिल था।

वर्तमान मामले में, गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा नवजात शिशु की तस्वीरें साझा की गईं और उनके सेल फोन से एकत्र की गईं। ये तस्वीरें वॉट्सऐप ने उन लोगों को भेजी थीं, जिन्होंने बच्चा खरीदा था। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों के पास से 70 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## हैदराबाद में जुलाई में हुई 125 प्रतिशत अधिक बारिश

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इस मॉनसून में बारिश देवता हैदराबाद के प्रति अतिरिक्त उदार रहे हैं। शहर में जुलाई में 125 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी (टीएसडीपीसीएस) के आंकड़ों के अनुसार, शहर में 38.1 मिमी के सामान्य निशान के मुकाबले 144.2 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई। जून में शुष्क अवधि के बाद जब शहर मानसून की कमी का सामना कर रहा था, इन बारिशों ने लोगों को राहत की सांस दी है। महीने की सबसे ज्यादा बारिश 6 जुलाई से 13 जुलाई के बीच दर्ज की गई थी। उस सप्ताह सामान्य से 314 फीसदी बारिश हुई थी। मौसम के अनुसार, हैदराबाद में 1 जून से अब तक 511.0 मिमी बारिश हुई है, जिसमें 14 जुलाई को शहर में मानसून की आधिकारिक शुरुआत से पहले प्री-मानसून की बारिश शामिल है। यह मौसम के लिए सामान्य से 218.6 मिमी अधिक है, 2 अगस्त तक। जुलाई में, राज्य के सभी जिलों में अधिक से अधिक वर्षा हुई। निजामाबाद में 252.6 मिमी के सामान्य निशान के मुकाबले 1011.2 मिमी की रिकॉर्ड बारिश देखी गई। टीएसडीपीएस के स्वचालित मौसम केंद्रों (एडब्ल्यूएस) के आंकड़ों के अनुसार, अगले दो दिनों में शहर में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# टीआरएस सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल :केन्द्रीय मंत्री



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज दावा किया कि तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाएं उनके अपने राज्य में पूरी नहीं हो रही हैं और कहा कि उनकी आकांक्षाएं टीआरएस सरकार की हार के बाद ही पूरी होंगी। यादगिरिगुट्टा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार के प्रजा संग्राम पद के तीसरे चरण की बहाली पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शेखावत ने कहा कि वह प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा करने के लिए खुश हैं। उन्होंने कामना की कि पदयात्रा का तीसरा चरण शानदार सफलता प्राप्त करे। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी का सायरन बज चुका है और बंदी संजय के नेतृत्व में उनकी पार्टी सत्ता में आएगी।

उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने अलग तेलंगाना राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और याद किया कि राज्य के लोग उनकी पार्टी की नेता सुषमा स्वराज को चिन्नम्मा (चाची) कहकर बुलाते थे। यह दावा करते हुए कि राज्य का केवल एक परिवार विकास से लाभान्वित हो रहा है, उन्होंने कहा कि सीएम केसीआर के शासन को समाप्त करने का दिन बहुत निकट है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने हाल के राष्ट्रपति चुनावों में भ्रष्टाचार और परिवार-आधारित राजनीतिक दलों को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के दो पंप हाउस इंजीनियरिंग दोषों के कारण जलमग्न हो गए हैं और आरोप लगाया कि परियोजना केवल कमीशन कमाने के लिए बनाई गई है।

केसीआर के इस बयान का जिक्र करते हुए कि केंद्र सरकार ने कलेश्वरम को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया है, उन्होंने मुख्यमंत्री से परियोजना के क्रियान्वयन में हुए भ्रष्टाचार के बारे में बात करने को कहा। उन्होंने कहा कि एक दलित नेता रामनाथ कोविंद और एक आदिवासी महिला नेता द्रौपदी मुर्मू को देश की राष्ट्रपति बनाने का श्रेय उनकी पार्टी को जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम केसीआर ने एक दलित नेता को तेलंगाना राज्य का पहला सीएम बनाने के अपने वादे से मुकर गए। उन्होंने कहा कि देश के लोगों की आकांक्षाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में पूरी हो रही हैं, उन्होंने कहा कि देश एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विकसित हो रहा है।

## केसीआर के परिवार को अंत तक नहीं छोड़ेंगे : किशन

हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कहा कि वे मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और उनके परिवार को नहीं छोड़ेंगे। यह कहते हुए कि वे हर स्तर पर उत्तरार्द्ध से सवाल करना जारी रखेंगे, किशन रेड्डी ने कहा कि राज्य के लोग केसीआर के पारिवारिक शासन को समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य के अधिकारियों से भी सावधान रहने और उसके अनुसार कार्य करने को कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से दिल्ली और राष्ट्रीय राजनीति के बारे में सोचने को कहा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार की पदयात्रा के तीसरे चरण के शुभारंभ के अवसर पर यादाद्री-भोंगिर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने दावा किया कि केसीआर सरकार केवल वादों की सरकार है, कृत्यों की नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और न्याय और कानून का पालन नहीं कर रही है। यह कहते हुए कि देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्री लोगों से मिलते हैं, उन्होंने मजाक उड़ाया कि केसीआर एकमात्र ऐसे सीएम हैं, जो लोगों से नहीं मिलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आलोचना की कि केसीआर ने पंजाब के किसानों को मुआवजा दिया है, जबकि राज्य में किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम किसानों से धान खरीद के अपने वादे से मुकर गए हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पिछले सात वर्षों में धान के एमएसपी को 1300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2060 रुपये कर दिया और सीएम से पूछा कि क्या एमएसपी ने किसानों की मदद नहीं की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम हर घर को नौकरी देने का वादा करके मौजूदा नौकरियों को हटा रहे हैं। पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक इटेला राजेंदर ने आज लोगों से मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निरंकुश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया। यह कहते हुए कि केसीआर को हराने का अवसर हुजुराबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिला, इटेला ने कहा कि मुनुगोडु के लोगों को अब केसीआर को हराने का अवसर मिलने वाला है।

# दम्माईगुड़ा, नागारम के निवासियों ने डंपयार्ड का किया विरोध



हैदराबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दम्माईगुड़ा और नागारम नगरपालिकाओं के निवासियों ने अपने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के साथ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि रामकी एनविरो इंजीनियर्स लिमिटेड (आरईईएल) ने उनके इलाकों में प्रदूषित पानी निकाला है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जवाहर नगर डंपयार्ड से प्रदूषित पानी निकाला गया और हाल ही में हुई बारिश के दौरान प्रदूषित पानी के साथ बारिश का पानी उनके इलाकों में बह गया। इसी उदासीनता का हवाला देकर उन्होंने रामपल्ली जंक्शन पर धरना दिया। बाद में पुलिस ने उन्हें जवाहर नगर थाने में स्थानांतरित कर दिया। श्रम मंत्री सीएच मल्ला रेड्डी ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले से ही संबंधित नगर पालिकाओं के नगरपालिका अध्यक्षों के के साथ चर्चा की गई थी और कहा कि हालांकि कचरे के पुनर्चक्रण के लिए 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा था, प्रदूषित पानी को आवासीय इलाकों में निकालना अनुचित है। गौरतलब है कि कई सालों से इन इलाकों के निवासियों के लिए डंपयार्ड परेशानी का सबब बन गया है। डंप यार्ड की समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता और एडवोकेट राहुल मिश्रा का कहना है कि आज तेरास सरकार का विकास सबके सामने आ रहा है। यह किसी पार्टी या विशेष दल द्वारा विरोध नहीं किया जा रहा है। सभी दलों के लोग दम्माईगुड़ा, नागाराम, रामपल्ली में रहते है। यहां के लोग कचरे के डंपयार्ड की बदलू को झेल रहे थे। अब गंदे पानी का सामना कर रहे है। बारशि के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इलाके के जनप्रतिनिधि कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है।




स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## हर्षिता की आत्महत्या के मामले में 7 लोग गिरफ्तार

विजयवाड़ा, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले सप्ताह इंजीनियरिंग की एक छात्रा हर्षिता वार्षिनी की वसूली एजेंटों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण आत्महत्या करने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त मैरी प्रशांति ने मीडियाकर्मियों को बताया कि विजयवाड़ा में कॉल सेंटर स्थापित करने और ग्राहकों को परेशान करने वाले तीन प्रबंधकों और चार रिकवरी एजेंटों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने हर्षिता के परिवार वालों को प्रताड़ित किया है। उन्होंने कहा कि छात्रा हर्षिता ने आत्महत्या केवल इसलिए की क्योंकि उसे वसूली एजेंटों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था।

यहां के नंदीगामा शहर की रहने वाली 17 वर्षीय हर्षिता ने 28 जुलाई को उसके घर आए और उसके साथ गाली-गलौज करने और धमकी देने के बाद आत्महत्या कर ली क्योंकि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से लिए गए ऋण को चुकाने में विफल रही। पुलिस ने उसकी मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।





## मंगलागिरी एम्स का नाम बदल कर पिंगली वैंकेया एम्स किया जाये : वल्लभनेनी

नई दिल्ली, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आज सरकार से मंगलागिरी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल का नाम राष्ट्रीय ध्वज के निर्माता श्री पिंगली वैंकेया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रखने की मांग की।

लोकसभा में मछलीपट्टनम से पार्टी के सदस्य बालशौरी वल्लभनेनी ने शून्यकाल के दौरान इस मामले को उठाते हुये कहा कि हम सभी इस साल आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जब भी विश्व में हमारा तिरंगा फहराया जाता है तो हमारे सामने राष्ट्रीय ध्वज के निर्माता और महात्मा गांधी के पक्के अनुयायी पिंगली वैंकेया का ही नाम सामने आता है। आज के दिन यानि दो अगस्त को श्री पिंगली वैंकेया की जयंती भी है। उन्होंने कहा कि पिंगली वैंकेया का जन्म आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के भाटलापेनुमरू गांव में हुआ था। उन्हें गर्व है कि वह उस क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बात के कार्यक्रम में देशवासियों से सोसल मीडिया प्रोफाइल में 2 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय ध्वज की फोटो लगाने की अपील की थी। इसके साथ प्रधानमंत्री ने जनता से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का भी आग्रह किया है। श्री वल्लभनेनी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मंगलागिरी में एक नये एम्स का निर्माण किया है जो विजयवाड़ा और उसके आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री से अनुरोध करते है कि मंगलागिरी एम्स का नाम बदल कर श्री पिंगली वैंकेया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मंगलागिरी किया जाये। यह भारत के एक महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## पारिवारिक विवाद को लेकर दंपत्ति ने दे दी जान

कुमराम भीम आसिफाबाद, 2 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पति की शराब की लत से परेशान एक महिला ने तालाब में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली और आत्महत्या की खबर पाकर पति भी उसी तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना मंगलवार को चिंतालमनेपल्ली मंडल के गुडेम गांव से सामने आई। पति पाले संतोष (35) और मंगा (30) के बीच शराब की लत को लेकर बहस हो गई और गुस्से में आकर मंगा टैंक में कूद गई और पानी में कूद गई। परिणामों से चिंतित, संतोष भी टैंक पर चढ़ गया और उसमें कूद गया। बाद में दोनों शवों को बाहर निकाल लिया गया। पुलिस जांच जारी है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.